
RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 68 ■ मुंबई, रविवार 29 सितंबर 2024 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



वक्फ बोर्ड की असलियत
पेज-4


गायों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने अवैध कब्जाधारियों से...
पेज-6


द्वादशी श्राद्ध के तर्पण से पितरों को मिलती है शांति
पेज-8


बीसीसीआई एजीएम की 93वीं सालाना बैठक आज
पेज-9

Short News एक नजर

### जाइडस को प्रोस्टेट कैंसर की दवा बनाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** जाइडस लाइफ साइंसेज को अमेरिकी हेल्थ रेगुलेटर USFDA से प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए जेनेरिक दवा बनाने की मंजूरी मिल गई है। कंपनी को एंजालुटामाइड कैप्सूल्स (40ml) के बनाने की परमिशन मिली है। इसे प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जाइडस ने बताया कि यह दवा अहमदाबाद के मोरैया में तैयार की जाएगी।

### बंगाल में फिर हड़ताल पर गए जूनियर डॉक्टर्स



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के सरकादरी सागर दत्ता अस्पताल में मरीज के परिजनों की ओर से कर्मचारियों पर हमले का आरोप है। इसके खिलाफ जूनियर डॉक्टर्स और नर्स ने 'काम बंद करो' प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रखा। कोलकाता के निकट कमरहाटी स्थित अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई। इस पर उसके परिजनों की ओर से कर्मचारियों की पिटाई की गई। इससे भड़के चिकित्सकों और नर्स ने शुक्रवार देर रात 'काम बंद करो' प्रदर्शन शुरू किया था।

# 26 नवंबर के पहले चुनाव

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : त्योहारों को ध्यान में रखकर तारीखों के ऐलान की अपील**

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) राजीव कुमार ने शनिवार (28 सितंबर) को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तारीखों का ऐलान अगले महीने होने की उम्मीद है। उन्होंने यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा




की। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा उन्होंने शिवसेना, शिवसेना UBT, मनसे, बसपा, आप समेत 11 पार्टियों से मुलाकात की। सभी पार्टियों ने मांग की है कि दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में 288 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इनमें एसटी निर्वाचन क्षेत्र 25 और एसटी निर्वाचन क्षेत्र 29 हैं। राज्य में कुल मतदाता 9.59 करोड़ हैं। इनमें पुरुष मतदाता 4.59 करोड़ और महिला मतदाता 4.64 करोड़ हैं।

**चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव से जवाब मांगा**

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और DGP से आदेश का पालन न करने पर जवाब मांगा है। मामला विधानसभा चुनाव को देखते हुए अधिकारियों के ट्रांसफर से जुड़ा है। इलेक्शन कमीशन ने आदेश दिया था कि, राज्य में उन अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाए। जो या तो अपने होम टाउन में पोस्टेड हैं या वे अधिकारी जिन्हें एक जगह सर्विस करते हुए तीन साल से ज्यादा हो गया। चुनाव आयोग ने 31 अगस्त तक रिपोर्ट फाइल करने का समय दिया था। ADGP ने अभी तक अधूरी रिपोर्ट दी है। वहीं चीफ सेक्रेटरी का भी पूरी रिपोर्ट फाइल करना बाकी है।

# हिजबुल्लाह के चीफ नसरुल्लाह का खात्मा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

हिजबुल्लाह ने इजराइली हमले के 20 घंटे बाद चीफ हसन नसरुल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। हिजबुल्लाह ने शनिवार शाम 5 बजे कहा कि शुक्रवार रात साढ़े 9 बजे इजराइल के हवाई हमलों में नसरुल्लाह की मौत हो गई। इजराइली सेना ने राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 80 टन बम से हमला किया।

यह इतना भीषण था कि आसपास की 6 बिल्डिंग ध्वस्त हो गईं। बताया जा रहा है कि नसरुल्लाह अपनी बेटी के साथ यहीं मौजूद था। IDF ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'अब दुनिया को नसरुल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा।' नसरुल्लाह के मारे जाने के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, ईरान में सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। ईरान का पैरामिलिट्री रिवॉल्यूशनरी गार्ड का डिप्टी जनरल भी मारा गया ईरान ने शनिवार को बताया कि बेरूत में इजराइल के हमले में ईरान के पैरामिलिट्री रिवॉल्यूशनरी गार्ड के डिप्टी जनरल की भी मौत हो गई है। उसका नाम अब्बास निलफोरूशान था। अमेरिका ने 2022 में उस पर प्रतिबंध लगाए थे।




**महबूबा मुफ्ती ने दुख जताया**

इजराइली हमले में हिजबुल्ला चीफ हसन नसरुल्लाह के मारे जाने को लेकर PDP प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने दुख जताया है। उन्होंने X पर पोस्ट में कहा कि लेबनान और गाजा के शरीदों, खासतौर से हसन नसरुल्ला के समर्थन में रविवार का चुनावी दौरा रद्द कर रही हूं। इस गहरे दुख और विद्रोह की घड़ी में हम फिलीस्तीन और लेबनान के लोगों के साथ खड़े हैं।

**लेबनान की सड़कों पर टैंक तैनात**

नसरुल्लाह की मौत के बाद बेरूत में बुर्ज अल गजल ब्रिज के पास शनिवार दोपहर से टैंक तैनात कर दिए गए हैं। दरअसल, लेबनान की सरकार को डर है कि हिजबुल्लाह चीफ के मारे जाने के बाद अब शिया और ईसाई समुदाय में झड़प हो सकती है।

**हमास बोला- नसरुल्लाह की मौत से जंग और तेज होगी**

नसरुल्लाह की मौत पर हमास ने शोक व्यक्त किया है। हमास ने कहा, "हिजबुल्लाह चीफ की मौत के बाद इजराइल के खिलाफ फिलिस्तीन और लेबनान की लड़ाई और तेज होगी। नसरुल्लाह ने हमारे लोगों के समर्थन में लड़ते हुए जान गंवाई है।"

**इराक में 3 दिन का शोक**

नसरुल्लाह की मौत के बाद इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने देश में 3 दिन के शोक की घोषणा की है। देश में चारों तरफ मातम है।

## सीतारमण के खिलाफ FIR का आदेश

**इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (JSP) के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को FIR दर्ज करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी।



"कर्नाटक भाजपा के नेता सीतारमण के इस्तीफे के लिए कब प्रदर्शन और मार्च करेंगे। अगर निष्पक्ष जांच होती है, तो PM मोदी और कुमारस्वामी को भी इस्तीफा देना चाहिए।
– सिद्धारमैया, कर्नाटक CM

## इच्छामृत्यु को लेकर गाइडलाइन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु यानी गंभीर रूप से बीमार मरीजों का लाइफ सपोर्ट हटाने को लेकर नई गाइडलाइन का ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि डॉक्टरों को कुछ शर्तों को ध्यान में रखकर बेहद सोच-समझकर ये फैसला लेना होगा कि मरीज का लाइफ सपोर्ट हटाया जाना चाहिए या नहीं। गाइडलाइन्स में चार शर्तें तय की गई हैं, जिनके आधार पर यह फैसला लिया जाएगा कि लाइफ सपोर्ट को रोकना मरीज के हित में उचित है। यह तब किया जाएगा जब यह साफ हो कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज को लाइफ सपोर्ट से कोई फायदा होने की संभावना नहीं है, या लाइफ सपोर्ट पर रखने से मरीज की तकलीफ बढ़ने और गरिमा को नुकसान पहुंचने की संभावना हो।

## मौलवी से 'राम-राम' सुन चौंक गए योगी

महानगर नेटवर्क
फरीदाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अपने जम्मू-कश्मीर दौरे का जिक्र करते हुए अनुच्छेद 370 के हटने के बाद हुए बड़े बदलावों के बारे में बताया। हरियाणा के फरीदाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने एक दिलचस्प घटना का जिक्र किया जिसमें एक मुस्लिम मौलवी ने उनका 'राम राम' कहकर अभिवादन किया था।

योगी आदित्यनाथ ने बताया, "मैं जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए पिछले दो दिनों से वहां था। बारिश हो रही थी, इसलिए मैं सीधे



हवाई अड्डे के अंदर चला गया। इस दौरान एक व्यक्ति ने मुझे 'योगी साहब राम राम' कहकर अभिवादन किया। बाद में मुझे पता चला कि वह एक मौलवी थे। मौलवी से 'राम राम' सुनकर मैं चौंक गया।" मुख्यमंत्री ने इसे अनुच्छेद 370 के हटने का प्रभाव बताते हुए कहा कि जो लोग पहले भारत की संप्रभुता को चुनौती देते थे, वे अब 'राम राम' कहने लगे हैं। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा, "मजबूत भारत और मजबूत भाजपा के साथ, एक दिन आएगा जब देश की सड़कों पर वे 'हरे राम, हरे कृष्ण' का जाप करते नजर आएंगे।"

रैली के दौरान, योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों में सांप्रदायिक हिंसा नहीं होने पर भी जोर दिया। उन्होंने जनता से पूछा, "क्या आपने अपने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों में किसी दंगे के बारे में सुना है?" भीड़ ने एकमत होकर 'नहीं' में जवाब दिया।

## केरल में 90 मिनट में 3 लूट, फिल्मी फॉर्मूला अपनाया

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर में एक गिरोह ने शुक्रवार को महज 90 मिनट के अंदर तीन ATM से करीब 70 लाख रुपए लूटे। डकैती के बाद ये लोग दो ग्रुप बनाकर भाग निकले, लेकिन 7 घंटे के अंदर केरल और तमिलनाडु पुलिस ने डकैती के पैसों समेत फिल्मी अंदाज में गिरोह को पकड़ लिया। हरियाणा के इस गिरोह ने सबसे पहले त्रिशूर के मप्रानम के ATM से 35 लाख रुपए लूटे। इसके बाद वे शोरनूर रोड पर SBI के ATM पहुंचे, जहां से 9.5 लाख रुपए लूटे। तीसरी लूट SBI की कोलाझी ब्रांच के ATM में की। जहां से 25 लाख रुपए लूटे।

## मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की दिलाई याद

**बोले-कांग्रेस सबूत मांगती है; इनके समय गोलीबारी के जवाब में सफेद झंडा दिखाते थे**

महानगर नेटवर्क
श्रीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम फेज के लिए शनिवार, 28 सितंबर को जम्मू में रैली की। उन्होंने एमए स्टेडियम में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2016 में आज ही की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। भारत ने दुनिया को बताया था कि ये नया भारत है। ये घर में घुसकर मारता है।' PM ने कहा, 'वो दौर याद कीजिए, जब सीमा पार से आए दिन गोले बरसते थे। उधर से गोलियां चलती थीं और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब भाजपा सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए। अब आतंक के आकाओं को पता है अगर कुछ भी हिमाकत की



तो मोदी पाताल से भी उन्हें खोज निकालेगा। कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। कांग्रेस आज भी सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान की भाषा बोलती है।' सितंबर में PM मोदी की जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी और आखिरी चुनावी सभा थी। 1 अक्टूबर को तीसरे और अंतिम चरण में बांदीपोरा, कुपवाड़ा, बारामूला, उधमपुर, जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों की 40 सीटों पर मतदान होगा।

**मोदी बोले- कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और PDP संविधान के सबसे बड़े दुश्मन**

मोदी ने कहा, 'आज कांग्रेस पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं, तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। वो उन्हें अपना वोट बैंक मानती है। उनका स्वागत करती दिखती है, जबकि अपने ही लोगों के दर्द का मजाक उड़ाती है। PM ने कहा, 'कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और PDP संविधान के सबसे बड़े दुश्मन हैं। इन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के संविधान की आत्मा का गला घोंटा है। कई-कई पीढ़ियों से रह रहे अनेक परिवारों को वोट देने तक का हक नहीं था। भाजपा ने लोगों को वोट का अधिकार दिया। 8 अक्टूबर को मां के नवरात्रि के दिन नतीजे आएंगे। हम सब माता वैष्णो देवी के साये में पले-बढ़े हैं। 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरुआत वाली होगी।

## कश्मीर में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर, 4 सुरक्षाकर्मी घायल

**श्रीनगर।** कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के ASP घायल हुए हैं। पांचों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार सुबह X पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी। बताया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत आदिगाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। आदिगाम एनकाउंटर में मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है।

## ठाकरे गुट ने बनाई 60 सीटों की पहली सूची

**अंबादास दानवे ने कहा- 288 लोगों की लिस्ट तैयार**

महानगर संवाददाता
मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका है और कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। महाविकास अघाड़ी का सीटों का बंटवारा भी अंतिम चरण में है। ऐसे में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने जानकारी दी है कि ठाकरे की शिवसेना के 60 उम्मीदवारों की सूची तैयार है। अब कौन कहां से लड़ेगा? यही सवाल बचा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि पहली सूची की घोषणा नवरात्रि के दौरान की जाएगी।

**ठाकरे से वन-टू-वन चर्चा**

दानवे ने कहा कि ठाकरे सेना की 288 लोगों की सूची तैयार है। कई जगहों पर एक-दो-तीन लोगों के नाम हैं। हमारी पार्टी की सूची तैयार है। सभी सर्वे, सारी जानकारी, संपर्क प्रमुख, विधानसभा प्रमुख, जिला प्रमुख के साथ उद्धव ठाकरे ने व्यक्तिगत बैठकें की हैं।

## भारत की बेटी ने पाक को फटकारा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर से कश्मीर राग अलापा है और भारत की आलोचना की है। शहबाज शरीफ ने आरोप लगाया कि भारत की ओर से हमेशा पाकिस्तान को धमकी मिलती रहती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के बयान के बाद यूएन में भारतीय राजनयिक भाविका मंगलानंदन ने राइट ऑफ रिप्लाई के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने पाकिस्तान को




अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब कर दिया। भाविका ने कहा कि जिस देश के फिंगरप्रिंट आतंकी घटनाओं में शामिल हैं, जिसने बांग्लादेश में नरसंहार कराया, वह यूएन के मंच से मजाक कैसे कर सकता है। भाविका मंगलानंदन ने कहा, सेना द्वारा संचालित एक देश, जो आतंकवाद, नशीले पदार्थों, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए प्रसिद्ध है, उसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं भारत के संदर्भ में पाकिस्तानी पीएम के भाषण का जिक्र कर रही हूं।"

भारतीय राजनयिक ने 2008 के मुंबई हमलों और 2001 में भारतीय संसद पर हुए हमले का मुद्दा उठाया। कहा, "पाकिस्तान ने लंबे समय से अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है।

## कोरोना वॉरियर्स के परिवार को 1 करोड़ देगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आतिशी ने कोविड के दौरान जान गंवाने वाले कोरोना वॉरियर्स के परिवारों को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। CM ऑफिस के मुताबिक, पांच कोरोना वॉरियर्स के परिवारों को यह सहायता राशि दी जाएगी, जिन्होंने महामारी के दौरान ड्यूटी निभाते हुए जान गंवाई। आतिशी ने कहा कि यह वित्तीय सहायता उन परिवारों के नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने में मदद करेगी।

## 65 लाख पेंशनरों को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने 65 लाख पेंशनरों को बड़ी राहत प्रदान की है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) को पेंशनभोगियों की तरफ से ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि उनकी पेंशन राशि देरी से मिल रही है। यह भी देखने को मिला है कि कुछ पेंशनभोगियों को उसी महीने के आखिर में पेंशन नहीं मिल रही है। खाते में पेंशन राशि आने की प्रक्रिया में अगले माह के भी कुछ दिन गुजर जाते हैं। इन सबके चलते वित्त मंत्रालय ने पेंशन के भुगतान में हो रही देरी को गंभीरता से लिया है।

## एअर इंडिया फ्लाइट के खाने में कॉकरोच

**मां-बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई, पीड़ित बोली- एअर इंडिया में सफर करने में डर लग रहा**



**नई दिल्ली।** दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के नाश्ते में एक कॉकरोच मिला। घटना 17 सितंबर की है। एक महिला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके मामले की जानकारी दी। पैसेंजर महिला ने बताया कि उन्हें और उनके 2 साल एक बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई। अब वे एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर नहीं करेंगी। एअर इंडिया ने कहा कि वे मामले की जांच करेंगे। साथ ही खाना परोसने वाली एजेंसी से भी बात करेंगे।

**महिला की शिकायत**

1 सुयशा सावंत नाम की एक महिला अपने दो साल के बच्चे के साथ दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही थी। इस दौरान नाश्ते में ऑमलेट मिला। उन्होंने अपने बेटे के साथ नाश्ता किया। हम नाश्ता ही कर रहे थे कि मुझे कॉकरोच दिख गया। मैं घबरा गई। थोड़ी ही देर में पेट दर्द होने लगा। महिला ने बताया कि इसके बाद उन्हें और उनके बेटे को फूड पॉइजनिंग हो गई।

2 महिला ने बताया कि उनकी फैमिली ज्यादातर एअर इंडिया में ही सफर करती हैं। कई बार बहुत परेशानी झेली है, लेकिन अब कॉकरोच का मिलना कुछ ज्यादा ही बड़ी घटना है। अब हमें एअर इंडिया के साथ सफर करने में डर लग रहा है

## मणिपुर में फिर फैली हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार, 28 सितंबर को फिर हिंसा हुई। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उपद्रवियों ने सुबह करीब 11.30 बजे मोंगबुंग मैतेई गांव में अंधाधुंध फायरिंग की। गांव के वालंटियर ने जवाबी कार्रवाई की। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। दूसरी तरफ, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में बंद का दूसरा दिन था। इसके कारण बाजार बंद रहे। सड़कें वीरान दिखीं। अधिकारियों ने बताया कि कुकी-जो समूहों ने दोनों जिलों में रविवार, 29 सितंबर तक बंद का आह्वान किया है। कुलदीप सिंह ने 20 सितंबर को दावा किया था कि मणिपुर में म्यांमार से 900 कुकी उग्रवादी घुस गए हैं।

## 'विवाहित महिला ये दावा नहीं कर सकती कि शादी के बहाने रेप हुआ'

महानगर संवाददाता
मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि एक विवाहित महिला ये दावा नहीं कर सकती कि वह किसी शख्स की ओर से शादी के झूठे वादे का शिकार हुई और उस आधार पर शारीरिक संबंध बनाने के लिए सहमति दी। (विशाल नागनाथ शिंदे बनाम महाराष्ट्र राज्य) सिंगल जज जस्टिस मनीष पितले ने रेप के एक मामले में पुणे पुलिस की ओर से गिरफ्तार एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत देते हुए यह टिप्पणी की।

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्या कहा?**

अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा, "सबसे पहले, सूचना देने



वाली महिला खुद एक विवाहित महिला है। वो यह दावा नहीं कर सकती कि वह आवेदक द्वारा दिए गए शादी के झूठे वादे का शिकार हो गई। एक विवाहित महिला होने के नाते, वह स्पष्ट रूप से जानती थी कि वह उस व्यक्ति से शादी नहीं कर पाएगी।''

**शादी के झूठे वादे का सिद्धांत गलत-हाई कोर्ट**

कोर्ट ने आगे कहा, ''मामले में, यहां तक कि आवेदक एक विवाहित व्यक्ति है और इसलिए, शादी के झूठे वादे का सिद्धांत प्रथम दृष्टया गलत प्रतीत होता है।'' अदालत विशाल नागनाथ शिंदे की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर भारतीय दंड संहिता के तहत रेप और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया था। नतीजतन, बॉम्बे हाई कोर्ट ने विशिष्ट शर्तों के अधीन उन्हें अग्रिम जमानत दे दी। शिंदे की ओर से वकील नागेश सोमनाथ खेडकर और शुभम साने पेश हुए। एडिशनल लोक अभियोजक बलराज बी कुलकर्णी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

# मुंबई में इस वर्ष जमकर बरसे बदरा



## पिछले तीन सालों का तोड़ा रिकार्ड

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

जून से सितंबर तक के चार मॉनसून महीनों के दौरान बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इस साल मुंबई में पिछले तीन साल के मुकबाले सबसे अधिक बारिश हुई है। इस साल मुंबई में 3,068 मिमी बारिश हुई जो पिछले तीन सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग ने भी इस साल मौसम वापसी की तारीख में बदलाव करते हुए 27 सितंबर से बढ़ाकर 8 अक्टूबर किया है। पिछले तीन साल मुंबई में हुई बारिश के रेकार्ड पर नजर डालें तो इस साल अब तक 3,068 मिमी बारिश हो चुकी है,जबकि मौसम विभाग के अनुसार अभी मानसून का समय बचा है। मुंबई में इसके पहले 2023 में 2,978.3 मिमी और 2022 में 2,658.3 मिमी बारिश दर्ज हुई है। यह तब हुआ है जब मानसून के चार महीनों में से दो महीनों में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। इस साल जून के महीने में 347 मिमी बारिश दर्ज की गई जो कि सामान्य औसत 537.1 मिमी से कम है। इसी तरह अगस्त महीने में 382.4 मिमी बारिश दर्ज की गई को कि औसत 537.1 मिमी से कम है। इसके विपरीत जुलाई के महीने में शहर में भारी बारिश हुई और 1702.3 मिमी बारिश दर्ज की गई जो कि औसत 855.7 मिमी से काफी अधिक थी। सितंबर में भी औसत बारिश का आंकड़ा पार हो गया है और अब तक 637 मिमी बारिश दर्ज की गई है जो कि महीने के लिए औसत बारिश 359.6 मिमी से काफी अधिक है। महीना खत्म होने में अभी दो दिन बाकी हैं ऐसे में इसमें फिर से थोड़ी वृद्धि देखी जा सकती है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले सप्ताह भी धीरे-धीरे आंधी-तूफान के साथ बारिश बनी रहेगी। मानसून की वापसी की एक खास बात है। मुंबई के लिए मानसून की वापसी की आधिकारिक तिथि 8 अक्टूबर तय की गई है। लेकिन मुंबई और एमएमआर में कम से कम 15 अक्टूबर तक बारिश जारी रहने की संभावना मौसम विशेषज्ञ अथरेया शेट्टी ने व्यक्त की है। भारत मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून की वापसी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आईएमडी के अनुसार मानसून की वापसी की सही तारीख 27 सितंबर है लेकिन इस बार मानसून 17 दिन की देरी से 15 अक्टूबर को वापस होगा।

# आज पीएम मोदी पुणे में भूमिगत मेट्रो का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पुणे में शिवाजीनगर जिला न्यायालय से स्वारगेट तक भूमिगत मेट्रो का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। दरअसल,प्रधानमंत्री को गुरुवार को ही इसका उद्घाटन करना था और इसकी तैयारियां भी हो चुकी थीं। पुणे के एस. पी. कॉलेज मैदान में मंडप भी तोड़ दिया गया। हालांकि, बुधवार और गुरुवार को भारी बारिश के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। स्थानीय सांसद और केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा,अब प्रधानमंत्री न केवल ऑनलाइन उद्घाटन करने जा रहे हैं,बल्कि वह 5.4 किलोमीटर लंबी स्वारगेट से कटराज भूमिगत मेट्रो लाइन का ऑनलाइन शिलान्यास भी करेंगे। इस उद्घाटन के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी 22,600 करोड़ रुपए की विकास परियोजना का भी शुभारंभ करने वाले थे। इस बीच,कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी



(शरद पवार-एनसीपी-एसपी) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सहित महा विकास अघाड़ी के समर्थक और नेता कल शिवाजीनगर जिला न्यायालय से स्वारगेट मेट्रो शुरू करने के इरादे से शिवाजीनगर जिला न्यायालय मेट्रो स्टेशन पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करने में सक्षम नहीं हैं तो हमें लोगों, करदाताओं और पुणेवासियों को और इंतजार कराने के बजाय वरिष्ठ नागरिकों के हाथों इसका उद्घाटन कराना चाहिए और लाइन चालू करानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का शुभारंभ

# 800 वरिष्ठ नागरिकों की विशेष ट्रेन अयोध्या रवाना

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ किया। कोल्हापुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि हमारे बुजुर्ग ही हमारी संपत्ति है और आज तक जिन्होंने परिश्रम किया है, उनका अनुभव, उनका ज्ञान यहीं हमारे लिए बड़ा उपहार है, इसलिए उनके जीवन में खुशी, समाधान के पल लाने की ज़िम्मेदारी भी हमारी ही है। इसी भावना से हमने राज्य के सभी धर्मियों के साठ साल और उसके ऊपर आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के जरिए मुख्यमंत्री तीर्थ योजना शुरू की है। इस दौरान कोल्हापुर में चिकित्सा शिक्षा व विशेष सहायता मंत्री तथा पालकमंत्री हसन मुश्रीफ ने हरी झंडी दिखाकर रेल यात्रा की शुरुआत की। सांसद धैर्यशील माने इस दौरान उपस्थित थे। जय श्री राम जय जय श्रीराम के जयघोष के साथ 800 वरिष्ठ नागरिकों के साथ तीर्थ दर्शन के लिए विशेष ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि तीर्थ दर्शन योजना का शुभारंभ दक्षिण



काशी, आई अंबाबाई के करवीर से हो रहा है, यह बहुत खुशी की बात है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की पहली ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम का विशाल ऐसा मंदिर बनाया है। प्रभु श्रीराम का दर्शन करने का अवसर इस यात्रा के शुभारंभ के औचित्य से हम यात्रियों को मिल रहा है। योजना के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन भी किया गया है। चयनित लाभार्थियों का हम यात्रा, निवास, भोजन खर्च करेंगे। भारत के 73 और हमारे राज्य के 66 तीर्थक्षेत्रों का इस योजना में समावेश किया है।



श्री सिद्धिविनायक मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष पद पर मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी का चयन किया गया है। यह नई जिम्मेदारी मिलने पर मुंबई भाजपा अध्यक्ष और विधायक आशिष शेलार के हाथों आचार्य पवन त्रिपाठी का शनिवार को मुंबई भाजपा कार्यालय में विशेष सत्कार किया गया। इस अवसर पर महामंत्री संजय उपाध्याय, विधायक राजहंस सिंह,उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, मुंबई भाजपा सचिव प्रतीक कर्पे, आरडी यादव, रमाकांत गुप्ता, विरेंद्र दुबे, प्रदीप त्रिपाठी, बलवंत वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### लोअर परेल में 520 करोड़ की नई कार पार्किंग

# मनपा को लग रहा 300 करोड़ का चूना

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मनपा ने वर्ली स्थित अस्फाल्ट प्लांट में मल्टीलेवल इलेक्ट्रो-मैकेनिकल पार्किंग सिस्टम तैयार करने का निणर्य लिया है। मनपा द्वारा निकाले गए टेंडर पर सवालिया निशान खड़ा किया जा रहा है और पार्किंग प्रणाली की सुविधा में मनपा को चुना लगाने का आरोप लग रहा है। मनपा ने 548 उन्नत मल्टीलेवल इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार पार्किंग के लिए 520 करोड़ का टेंडर निकाला है। मनपा द्वारा निकाले गए टेंडर को ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए इसे रद्द करने की मांग आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने की है। मनपा अन्य महानगरों की तुलना में पार्किंग के लिए 200 से 300 प्रतिशत अधिक भुगतान कर रही है। खास बात यह है कि मनपा द्वारा पार्किंग निर्माण की तय दर से यह 60 प्रतिशत कम है। यह तब स्पष्ट हो जाता है जब महापालिका एमएमआरडीए के साथ-साथ कुछ केंद्रीय सरकारी एजेंसियों से अपने बोली दस्तावेज और लागत को देखा जाए तो इसका और खुलासा होगा। बता दें कि मनपा ने वर्ली स्थित उन्नत मल्टीलेवल इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार पार्किंग सिस्टम (शटल और रोबोट पार्कर सिस्टम) में पिछले नुकसान को नजरअंदाज कर मनपा ने फिर से लोअर परल के डामर प्लांट में




548 कार पार्किंग के लिए 520 करोड़ के टेंडर जारी किए हैं। इस टेंडर में ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत मानते हुए रद्द कर कार्रवाई की मांग आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने की है। इसके पहले बीएमसी ने माटुंगा, फ्लोरा फाउंटेन और वरली में कार पार्किंग के लिए टेंडर जारी किया है। फ्लोरा फाउंटेन में 70 करोड़ में 176 कार पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यहां प्रति कार की कीमत 39.77 लाख है। वरली में 640 कार पार्किंग कार्य पर 216.94 करोड़ रुपये में दिए गए हैं और यहां प्रति कार लागत 33.90 लाख रुपए और माटुंगा में 475 कार पार्किंग निर्माण के लिए 103.87 करोड़ रुपये में दिए गए हैं, यहां प्रति कार लागत 21.87 लाख है। इस परियोजना में एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण शामिल है जिसमें एक बेसमेंट स्तर, एक भूतल और 13 मंजिल पर पार्किंग की सुविधा होगी। 14 से 17 मंजिलों पर सतर्कता विभाग के लिए सामग्री परीक्षण प्रयोगशालाएं और कार्यालय होंगे, जबकि सड़क विभाग 18 और 19 मंजिलों पर रहेगा। 20 से 29 मंजिलों पर कार्यालय स्थान विकसित किए जाएंगे।

# पढ़ाई के लिए डांटने पर छात्र घर छोड़कर फरार

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

ठाणे जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शहाड में एक 16 साल के किशोर ने अपना घर छोड़ दिया, क्योंकि उसके पिता ने उसे पढ़ने के लिए कहा, जिस पर वह इसे अनसुना कर दिया, तो पिता ने उसे डांट लगाई। इसके बाद किशोर घर छोड़कर भाग गया।

इसकी सूचना पुलिस को दी गई है, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने शनिवार को बताया कि शहाड में पढ़ाई न करने पर माता-पिता द्वारा डांट लगाए जाने के बाद 16 वर्षीय लड़का घर से भाग गया है। उन्होंने कहा कि यह घटना 25 सितंबर की है।



### पुलिस ने शुरू की तलाश

उल्हासनगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि लड़के के माता-पिता ने उसे पढ़ाई न करने पर डांटा,जिसके बाद वह बुधवार को रात करीब नौ बजे घर से निकल गया। उसके माता-पिता ने दो दिन तक उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। माता-पिता की गुमशुदगी की शिकायत पर पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है और लड़के की तलाश की जा रही है।

# हिंदी दिवस पर अंतरमहाविद्यालयीन लोकगीत प्रतियोगिता




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

जन सेवा समिति द्वारा संचालित श्री. एम. डी. शाह महिला महाविद्यालय ऑफ कॉमर्स एंड आर्ट्स की हिंदी विभाग की स्नातक एवं स्नातकोत्तर विभाग के द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में अंतर महाविद्यालय लोकगीत प्रतियोगिता एवं लोकगीत प्रस्तुति का कार्यक्रम संपन्न हुआ। लोकगीतों का हमारे जीवन और साहित्य में महत्व पर पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र गुहा ने अपने विचार रखे । प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संगीत विभाग, एस.एन.डी.टी. विश्वविद्यालय की छात्रा प्रिया दुंघाव को प्राप्त हुआ और द्वितीय पुरस्कार श्री एम. डी. शाह महिला महाविद्यलय ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की छात्रा कोमल झा को प्राप्त हुआ। तीन प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में प्रसिद्ध संगीतकार और कम्पोज़र राम और मराठी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र कांबले उपस्थिति थे। प्रसिद्ध कवि और लोकगीतकार जवाहरलाल 'निर्झर' ,रामसिंह, कल्पेश ,के द्वारा विभिन्न भाषाओं में लोकगीत गाये गए।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ राजभवन में मुंबई निवासी और भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य, रामकुमार को अंगवस्त्र और प्रतिमा देकर सम्मानित किया। रामकुमार किसान मोर्चा के दमन दीव दादरा एवं नगर हवेली प्रभारी, उत्तर रेलवे सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य और रामकुमार 64 फाउंडेशन के संस्थापक हैं।

# मगरमच्छ तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

### एक बैंकॉक से मुंबई आया था, दूसरा एयरपोर्ट के बाहर कर रहा था इंतजार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज एअरपोर्ट (सीएसएमआई) पर एअर इंटेलीजेंस यूनिट (एआईयू) ने जंगली जानवरों की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एआईयू ने जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनका नाम मो रेहान मदनी अजमेरी और हमजा यूसुफ मंसूरी है। दोनों को चौदह दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एआईयू से मिली जानकारी के मुताबिक 27 सितंबर को अजमेरी बैंकोक से विस्तार एयरलाइंस यूके 124 से मुंबई पहुंचा था। एआईयू ने उसे जांच किया तो उसके पास कुछ नहीं मिला, लेकिन जब उसके बैग की जांच की गई तब उसके पास से जिंदा जंगली जानवर मिला है। उसे ट्रॉली बैंग में एक सर्जिकल मास्क के डिब्बे में छिपाकर ले जा रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी एअरपोर्ट के बाहर खड़े एक व्यक्ति को वह ट्रॉली बैग देने वाला था। कस्टम के कर्मचारी ने उसका पीछा किया और जैसे ही दूसरा आरोपी मंसूरी दिखा उसे पुलिस ने कस्टम ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एआईयू ने प्रजातियों की पहचान करने में सहायता के लिए वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से संपर्क किया। डब्ल्यूसीसीबी के क्षेत्रीय उप निदेशक ने पुष्टि की कि जब्त किए गए सरीसृप किशोर कैमन मगरमच्छ (कैमन क्रोकोडाइलस) थे। उचित परमिट के बिना इन प्रजातियों का आयात विदेश व्यापार महानिदेशालय के नियमों और वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन का उल्लंघन है। सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत, दोनों आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया और बाद में एस्प्लेनेड कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। सीमा शुल्क अधिकारियों ने अब वन्यजीव तस्करी अभियान की अपनी जांच जारी रखने के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया है।

# स्कूली छात्राओं के लिए सुरक्षा शिविर कार्यक्रम का आयोजन



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

शिवसेना, युवा सेना सचिव,बांद्रा पूर्व विधानसभा प्रमुख वरुण सरदेसाई के जन्मदिन के अवसर पर धारावी विधानसभा अंतर्गत छत्रपति शिवाजी विद्यालय, धारावी में 28 सितंबर को स्कूली लड़कियों के लिए सुरक्षा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शक प्रमोद बाबूराव माने विभागीय युवा अधिकारी,शिवसेना संपर्क प्रमुख-कोरेगांव विधानसभा क्षेत्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रोहित मनोहर खैरे युवा सेना मुंबई संयोजक, शिव सेना डीजी मुंबई संयोजक, सभा महिला संयोजिका माया जाधव, पूर्व शाखा प्रमुख जगन्नाथ खाड़े,युवा सेना संयोजक चेतन राजेंद्र सूर्यवंशी, शाखा पदाधिकारी- प्रसाद बोबड़े, नीलेश धाडके, सोशल मीडिया- राजेंद्र वाकड़े, आदित्य जाधव,ज्ञानेश बागड़े आदि द्वारा किया गया था।

# नवरात्रि उत्सव के दौरान दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य

**महानगर संवाददाता**
**विरार**

दुर्गा पूजा के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत विरार पुलिस स्टेशन की ओर से एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परिमंडल 3 के उपायुक्त जयंत बजबले, सहायक पुलिस आयुक्त बजरंग देसाई और विरार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय पवार, सहायक पुलिस निरीक्षक संतोष सोलनकर, विरार एटीसी के पुलिस उप निरीक्षक अनिल लोंढे ने की। गंगा बाई हॉल, वरद विनायक में आयोजित बैठक में नवरात्रि उत्सव मंडल और गरबा मंडल के आयोजकों समेत लगभग 400 लोग उपस्थित थे। सभी को आयोजन से जुड़े नियमों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने बताया कि इस वर्ष विरार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुल 2058 सार्वजनिक, 70 निजी पंडाल, 55 फोटो गरबा स्थल स्थापित किए जा रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। साउंड सिस्टम की आवाज पर नियंत्रण रखना होगा और दांडिया कार्यक्रमों को समय पर समाप्त करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पंडालों में जनजागृति कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया गया।





मुंबई बैंक के उपाध्यक्ष,राष्ट्रवादी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ टी.कांबले को समाजरत्न पुरस्कार मिलने पर उनका सत्कार किया गया। इस अवसर पर चांदिवली विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, विक्रोली विधानसभा अध्यक्ष सोहन सहदेवन, सायन कोलीवाडा विधानसभा अध्यक्ष मुरगन स्वामी नंदु सवने,असराफ खान,आशीष गोयल इत्यादि उपस्थित थे।

# डीपी रोड पर तोड़क कार्रवाई

**कल्याण।** कल्याण पश्चिम में दुर्गाडी से सटे डीपी रोड का कार्य नगर निगम के माध्यम से प्रस्तावित है। इस सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित कुल 25 निर्माणों में से 15 प्रभावित निर्माणों पर नगर निगम द्वारा आज बेदखली की कार्रवाई की गई। शेष प्रभावित संरचनाओं को ध्वस्त करने की कार्रवाई अभी भी जारी है। इस समय अस्तबल में मौजूद करीब 250 भैंसों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न स्थानों के लिए चलाएगी पांच जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

**मुंबई।** ट्रेन संख्या 14708/14707 दादर-बीकानेर रणकपुर एक्सप्रेस का लालगढ़ स्टेशन तक अस्थायी विस्तार 31 दिसंबर तक जारी रहेगा। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा आगामी त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने हेतु विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर पाँच जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या 14708/14707 दादर-बीकानेर रणकपुर एक्सप्रेस को 30 सितम्बर से 31 दिसम्बर तक अस्थायी तौर पर लालगढ़ स्टेशन तक मौजूदा समय और ठहराव आदि के साथ विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

**1.** ट्रेन संख्या 09027/09028 बांद्रा टर्मिनस – मालदा टाउन स्पेशल (साप्ताहिक) [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 09027 बांद्रा टर्मिनस-मालदा टाउन स्पेशल प्रत्येक बुधवार को बांद्रा टर्मिनस से 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 16:30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09028 मालदा टाउन-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शनिवार को मालदा टाउन से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 18:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 अक्टूबर से 30 नवंबर, तक चलेगी।

**2.** ट्रेन संख्या 09031/09032 बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर - दहानू रोड स्पेशल (साप्ताहिक) [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 09031 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 12:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 28 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09032 गोरखपुर-दहानू रोड स्पेशल प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:25 बजे दहानू रोड पहुंचेगी। यह ट्रेन 5 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगी।

**3.** ट्रेन संख्या 09013/09014 उधना-छपरा (साप्ताहिक) स्पेशल [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 09013 उधना-छपरा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को उधना से 07:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19:30 बजे छपरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 05 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09014 छपरा-उधना स्पेशल प्रत्येक रविवार को छपरा से 22:30 बजे प्रस्थान करेगी और मंगलवार को 08:15 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 06 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक चलेगी।

**4.** ट्रेन संख्या 09457/09458 अहमदाबाद - दानापुर स्पेशल (साप्ताहिक) [16 फेरे]

ट्रेन संख्या 09457 अहमदाबाद - दानापुर स्पेशल प्रत्येक रविवार को अहमदाबाद से 08:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 06 अक्टूबर से 24 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09458 दानापुर - अहमदाबाद स्पेशल प्रत्येक सोमवार को दानापुर से 18:10 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 03:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन 07 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेगी।

**5.** ट्रेन संख्या 09421/09422 साबरमती - सीतामढ़ी स्पेशल (साप्ताहिक) [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 09421 साबरमती-सीतामढ़ी स्पेशल प्रत्येक शनिवार को साबरमती से 19:45 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 08:30 बजे सीतामढ़ी पहुँचेगी। यह ट्रेन 05 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09422 सीतामढ़ी-साबरमती स्पेशल प्रत्येक सोमवार को सीतामढ़ी से 16:00 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 06:00 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन 07 अक्टूबर से 2 दिसंबर तक चलेगी।

ट्रेन संख्या 14708/14707 दादर-बीकानेर रणकपुर एक्सप्रेस का लालगढ़ स्टेशन तक अस्थायी विस्तार पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 14708/14707 दादर-बीकानेर रणकपुर एक्सप्रेस को 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक लालगढ़ स्टेशन तक मौजूदा समय और ठहराव आदि के साथ अस्थायी रूप से विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09027, 09031, 09013, 09457 एवं 09421 की बुकिंग आज से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# उतर भारतीय भवन के लिए अतिरिक्त निधि मंजूर

**महानगर संवाददाता**
**भायंदर**

मिरा भायंदर शहर में वरिष्ठ साहित्यकार हरिवंश राय बच्चन (उतर भारतीय) भवन के लिए राज्य सरकार ने अतिरिक्त 25 करोड़ की निधि मंजूर की है। इसके पहले राज्य सरकार द्वारा इस भवन के निर्माण के लिए 15 करोड़ की निधि मंजूर की गयी थी। विधायक प्रताप सरनाईक ने बताया की मिरा भायंदर शहर में सभी जाति धर्म के लोग रहते हैं, इसी बात को ध्यान में रख कर सभी समाज के लिए भवन बनाने का कार्य किया जा रहा है । उतर भारतीय समाज के लिए ही इस भवन का निमार्ण किया जा रहा है जो 9 मंजिला होगी। पहले विकासक द्वारा टिडीआर के बदले इसका निर्माण किया जाने वाला था , इस भवन के निर्माण कार्य की शुरुआत हो गयी थी परन्तु बाद में इस विकासक ने इस बात से इन्कार कर दिया जिसके कारण इस भवन के निर्माण मे अड़चन आ रही थी । इस भवन के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की दिक्कत नही आये इस कारण विधायक प्रताप सरनाईक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करके इस भवन के लिए अतिरिक्त निधि की मांग की थी । प्रताप सरनाईक की मांग को स्वीकार करके मुख्यमंत्री ने इस भवन के निर्माण के लिए अतिरिक्त 25 करोड़ की निधि मंजूर की है।

# महिला वोटरों की संख्या 10.17 लाख तक बढ़ी

कुल मतदाताओं की संख्या 9.59 करोड़



85 वर्ष से उम्र के 12.48 लाख मतदाता

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

राज्य में महिला वोटरों के पंजीकरण में बड़ी संख्या में वृद्धि हुई है। प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद महिला मतदाताओं की संख्या 10.17 लाख तक बढ़ी है। शनिवार को यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इस बात की जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 914 से बढ़कर 936 हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 18 से 19 आयु वर्ग की नव पंजीकृत महिलाओं की संख्या 7.74 लाख है। राज्य में कुल 9.59 करोड़ मतदाता हैं,इनमें से 4.95 करोड़ पुरुष मतदाता और 4.64 करोड़ महिला मतदाता हैं। वहीं तृतीय पंथी मतदाताओं की संख्या 5997 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6.32 लाख है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 12.48 लाख है। 18 से 19 आयु वर्ग के नए मतदाताओं की संख्या 19.48 लाख है। उन्होंने बताया कि राज्य में कुल 288 निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें से 234 सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हैं,25 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं और 29 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि 100 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 49 हजार 34 है। चुनाव आयोग के माध्यम से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान वरिष्ठ मतदाता मतदान केंद्रों पर आकर वोट डालने के लिए उत्सुक दिखाए दिए, इस मामले को निश्चित रूप से युवा मतदाताओं के लिए प्रेरणादायी बताते हुए राजीव कुमार ने नए मतदाताओं के साथ-साथ महिला एवं शहरी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आगे आने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की।

### महिला वोटरों पर महायुति की नजर

# 10 लाख महिलाओं को 'देवा भाऊ' का पत्र

**जितेंद्र मिश्रा**

**मुंबई।** राज्य की सत्ता में वापसी के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महायुति पूरी ताकत के साथ चुनाव की तैयारी में लग गई है। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए तीनों पार्टियों के नेता,पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। इसके साथ-साथ महायुति की सरकार ने महिलाओं और युवाओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के कई योजनाएं शुरू किया है, इसमें महिलाओं को लुभाने के लिए मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना शुरू किया है। महायुति सरकार को पूरा भरोसा है योजना के कारण महायुति सरकार सत्ता में वापस आ जाएगी, इसलिए शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने योजना को घर-घर पहुंचाने के लिए पूरा जोर लगा दिया है।



## पत्र भेजने की जवाबदारी चित्रा वाघ पर

एक तरफ शिवसेना नेता और पदाधिकारी योजना की लाभार्थी महिला के घर-घर जाकर मुख्यमंत्री शिंदे का पत्र उन्हें दे रहे हैं तो दूसरी तरफ शिवसेना की सहयोगी पार्टी भाजपा योजना की लाभार्थी महिलाओं को उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम पर देवा भाऊ का पत्र डाक के द्वारा भेज रही है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा अब तक करीब दस लाख महिलाओं को पत्र भेज चुकी है। आने वाले महीने में पत्र भेजने का सिलसिला जारी रहेगा। नाम न छापने पर भाजपा के एक नेता ने बताया कि लाडकी बहिण योजना के लाभार्थी महिलाओं को पत्र भेजने की जवाबदारी प्रदेश की महिला मोर्चा अध्यक्ष चित्रा वाघ को दी गई है। इस काम को गंभीरता से लेते हुए चित्रा वाघ की टीम महिलाओं को पत्र मिला की नहीं इसकी जानकारी के लिए उन्हें लगातार फोन द्वारा संपर्क कर रहे हैं। फडणवीस द्वारा भेजे गए महिलाओं को पत्र कहा गया है कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना का लाभ राज्य के करीब ढाई करोड़ बहनों को मिल रहा है। इस योजंना का पूरा श्रेय आपको जाता है।

## बहनों को शिंदे के बाद फडणवीस का पत्र

मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना का श्रेय लेने के लिए सत्ताधारी पार्टी शिवसेना,भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में होड़ मची हुई है। चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें को जीतने के लिए तीनों पार्टी के नेता और पदाधिकारी योजना की लाभार्थी महिला के घर-घर जाकर उनसे मुलाकात कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के नेता,पदाधिकारी और विधायक मुख्यमंत्री शिंदे का शुभकामना पत्र लेकर महिलाओं के घर जा रहे हैं।

## सिर्फ दो से तीन फीसदी वोट का अंतर था

लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद महायुति ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए महिला और युवा मतदाता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए योजनाओं को शुरू किया है। सत्ताधारी पार्टी के एक नेता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष और महायुति के बीच सिर्फ दो से तीन फीसदी वोट का अंतर था, इसलिए महायुति का टारगेट है कि लाडकी योजना से विपक्ष की 5 से 7 फीसदी महिला मतदाता महायुति को समर्थन दे देती हैं तो राज्य में महायुति की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुझे पूरा विश्वास है कि विधानसभा चुनाव महिला मतदाता महायुति को समर्थन करेंगी।

## चुनाव से पहले महायुति का मास्टर स्ट्रोक

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए महायुती विपक्षी दल महाविकास आघाड़ी को चुनाव में पराजित करने के लिए मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना की घोषणा की है,जिसकी शुरुआत 17 अगस्त से हो चुकी है। इस योजना के तहत राज्य की ढाई करोड़ से ज्यादा महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपए की आर्थिक मदद देने का सरकार का लक्ष्य है।

### एमएमआरडीए ने अंबेडकर नगर और कामराज नगर

# झोपड़पट्टी पुनर्वास के लिए 8498 करोड़ रुपए की दी धनराशि

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

एमएमआरडीए ने घाटकोपर (पूर्व) में माता रमाबाई अंबेडकर नगर और कामराज नगर की झोपड़पट्टियों का पुनर्वास करने के लिए 8,498 करोड़ रुपए की निधि को मंजूरी दे दी है। एमएमआरडीए द्वारा निधि मंजूर किए जाने से दोनों ही झोपड़पट्टियों के पुनर्वास में गति आएगी इस तरह की जानकारी एमएमआरडीए प्रमुख संजय मुखर्जी ने दी। बता दें कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में प्राधिकरण की 158वीं बैठक सम्पन्न हुई इस बैठक में अंबेडकर नगर और कामराज नगर के पुनर्वास की लागत पर मंजूरी दी गई। एमएमआरडीए द्वारा निधि की मंजूरी दिए जाने से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा करने में गति मिलेगी साथ ही हजारों झोपड़ा धारकों का जीवनमान भी सुधरेगा। राज्य सरकार ने इस तरह की झोपड़पट्टी का पुनर्वास कर शहरी विकास को बढ़ावा दे रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने झोपड़पट्टी पुनर्वासन प्राधिकरण (एसआरए) को स्थानीय निकायों और एमएमआरडीए,म्हाडा, सिडको जैसे अन्य संगठनों के साथ संयुक्त रूप से परियोजनाओं को लागू करने का अधिकार दिया था। माता रमाबाई अंबेडकर नगर और कामराज नगर में योजना एमएमआरडीए और एसआरए के बीच संयुक्त साझेदारी के आधार पर लागू की जाएगी। यह परियोजना 48 माह में क्रियान्वित होगी। इस परियोजना के तहत पात्र झुग्गीवासियों को मुफ्त फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी तरह,उद्यान,स्वास्थ्य केंद्र और शैक्षणिक सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे का भी विकास किया जाएगा। इस योजना में ईस्टर्न फ्रिवे का चौड़ीकरण भी शामिल है। यह इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है। अंबेडकर नगर और कामराज नगर झोपड़पट्टी पुनर्वास के लिए निधि की मंजूरी देते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा हमारी सरकार का लक्ष्य है मुंबई की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों के जीवन स्तर में सुधार लाना और बुनियादी ढांचे का विकास करना है।

**अंबेडकर नगर और कामराज नगर झोपड़पट्टी पुनर्वास की मुख्य विशेषताएं**

| | |
|---|---|
| कुल प्लॉट क्षेत्रफल | 31.82 हेक्टेयर |
| कुल परियोजना लागत | 8498 करोड़ रुपए |
| झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लाभार्थी | लगभग 17,000 |

## बेस्ट ड्राइवर और कार चालक में विवाद

**नवी मुंबई।** म्हापे के पास बेस्ट बस चालक ने निजी कार चालक के साथ हुए विवाद के बाद यात्रियों की जान खतरे में डाल कर बस दौड़ाए जाने का वीडियो सामने आया है । जिसमे बस चालक स्टेरिंग छोड़कर एक हाथ में मोबाइल लेकर बहस करते हुए बस दौड़ा रहा है। इस मामले में निजी कार चालक द्वारा तुर्भ एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी कार चालक आशीष गोदांबे कोपरखैरने ब्रिज से म्हापे के तरफ उतर कर गाड़ी मोड़ रहे थे। तभी महापे के पास बेस्ट बस एमएच 01 ईएम 5277 बस अचानक कार को टच किया । इस कार में बैठे बच्चे डर के मारे रोना शुरू कर दिए। इस पर आशीष में बस को पीछे लेने के लिए निवेदन किया। लेकिन बस चालक विवाद करना शुरू कर दिया। काफी देर तक हुए विवाद के बाद जब बेस्ट ड्राइवर को बस पुलिस स्टेशन जाने की बात कहते हुए बस में सवार हुए। लेकिन बस ड्राइवर पुलिस स्टेशन जाने का बहाना बनाकर, बिना स्टीयरिंग पकड़े हाथ में मोबाइल लेकर तेज गति से बस चलाते हुए बस डिपो पहुंचा। इस दौरान यात्रियों की जान को खतरा पहुंचाने वाले घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# 10 हजार बहनों को साड़ी और सूट बाटेंगे एसएम खान

### प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे देवेंद्र फडणवीस



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा 5 अक्टूबर,शनिवार की शाम को ओशिवरा मेट्रो स्टेशन के पास स्थित म्हाडा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार महिलाओं को मुफ्त साड़ी और सूट का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमृता ताई फडणवीस तथा मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महासचिव संजय केनेकर,मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, स्थानीय विधायक भारती ताई लवेकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के महाराष्ट्र अध्यक्ष इदरीश मुल्तानी, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष एजाज देशमुख अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपने जोगेश्वरी पश्चिम स्थित कार्यालय पर आयोजित पत्रकार परिषद में एसएम खान ने उपरोक्त जानकारी दी।

# नवरात्रि में हर घर दुर्गा अभियान : लोढ़ा

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे शुभारंभ

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने महिलाओं के लिए एक अहम घोषणा की। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि नवरात्रि यानी देवी शक्ति रूपिणी दुर्गा का त्योहार बस कुछ ही दिन दूर है। जिस तरह देवी दुर्गा शक्ति का प्रतीक है और बुरी प्रवृत्तियों का विनाश करती हैं, उसी तरह हम हर घर दुर्गा अभियान शुरू कर रहे हैं, समाज में अपराधियों को सबक सिखाने के उद्देश्य के साथ हम यह अभियान शुरू कर रहे हैं। 30 सितंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। लोढ़ा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से प्रदेश के सरकारी औद्योगिक संस्थानों में युवतियों को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण केवल कुछ दिनों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह प्रशिक्षण पूरे वर्ष सरकारी औद्योगिक संस्था में सप्ताह में 2 से 3 बार एक घंटे के लिए आयोजित किया जाएगा। हर घर दुर्गा अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। यह कार्यक्रम कुर्ला के सरकारी औद्योगिक संस्था में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार मौजूद रहेंगे। वहीं फिल्म केरला स्टोरीज की मशहूर एक्ट्रेस अदा शर्मा भी मौजूद रहेंगी। इस अभियान के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शकों की नियुक्ति की जाएगी। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि सरकारी औद्योगिक संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अलावा अन्य महिलाएं भी इसमें भाग ले सकती हैं।


MAHATRANSCO

E-TENDER NOTICE

MSETCL invites online bids (E Tender) from registered contractors / agencies on Mahatransco E-Tendering website http://srmetender.mahatransco.in for following works.

**Tender No:-** SEC/EHV/CCCM/Circle/Pune/T-5/2024-25
**RFX No.7000033712**
**Name of Work:-** Height raising of existing compound wall at Pune- Ahmednagar highway side at 400 kV S/stn Lonikand Dist-Pune.
**Tender Amount:-** Rs. 34,21,745.00 **EMD Amt:** Rs.34,217.00
**Tender Fees:-** Rs. 500/- + GST
**Download of tender documents :-** From Dt.28.09.2024 (From 11:00 Hrs) Upto Dt.05.10.2024 (upto 11:00 Hrs.)
**Technical Bid Opening :-** Dt.07.10.2024 at 12:00 Hrs (if possible) & Commercial bid opening - Dt.09.10.2024 at 12:00 Hrs (if possible)

Sd/-
Superintending Engineer (C) EHV CCCM Circle, Pune.



कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद

नगरपरिषद दुबे रुग्णालय ईमारत, पहिला मजला, आदर्श विदयामंदिर रोड, बदलापूर रेल्वे स्टेशन (पूर्व) कुळगांव. पिन-४२१५०३, ता.अंबरनाथ जि.ठाणे.
ईमेल:- coud.kulgaonbadalapur@maharashtra.gov.in.वेबसाईट:-http://kbmc.gov.in

जा.क्र : कुबनप/विद्युत/९१/२०२४-२५ — दिनांक. २७/९/२०२४

**ई-निविदा सुचना क्र. ७/२०२४-२५**

कुळगांव-बदलापूर नगरपरिषदेच्या विद्युत विभागामार्फत ०१ कामासाठी महाराष्ट्र शासनाकडील योग्य त्या नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून टक्केवारी दराच्या ई-निविदा मागविण्यात येत आहे. सदर ई- निविदा संच विक्री व स्विकृतीचा कालावधी दि. ३०/९/२०२४ ते दि.५/१०/२०२४ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत आहे व सदर निविदा शक्य झाल्यास दि. ७/१०/२०२४ रोजी स. ११:०० वाजता उघडण्यात येतील.

निविदेबाबतचा सविस्तर तपशील नगरपरिषदेच्या http://kbmc.gov.in तसेच शासनाच्या https://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर व नगरपरिषदेच्या सुचना फलकावर उपलब्ध करण्यात आलेला आहे.

सही/-
मुख्याधिकारी
कुळगांव बदलापूर नगरपरिषद


## कर्मचारियों की कमी से कामकाज प्रभावित

**उल्हासनगर।** मनपा पीडब्ल्यूडी विभाग व पानी विभाग में कर्मचारियों के कमी होने से शहर विकास कामों में बांधा उत्पन्न होने लगी है। राज्य सरकार व शासन द्वारा मनपा के विभागों में भर्ती नहीं किए जाने से मनपा के कामकाज पर असर पड़ने लगा है और समस्या बढ़ने लगी है। मनपा पीडब्ल्यूडी विभाग में 15 से 16 इंजीनियर हुआ करते थे और शहर के कामकाज में तेजी आता था,शहर निरंतर विकास कार्यों को लेकर नए-नए योजनाओं के साथ आगे बढ़ रहा था। वहीं धीरे-धीरे इंजीनियर रिटायर्ड होते गये,जगह खाली होता गया और उनके स्थान पर वर्षों से नई भर्ती नहीं की गई है। मनपा के दो इंजीनियरों के भरोसे पूरे शहर का कामकाज किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार कॉन्टेक्ट पर पांच इंजीनियर पीडब्ल्यूडी विभाग में रखे गए हैं। एक साल से मनपा के विभागीय कामकाज देख रहे हैं,परन्तु मनपा के अधिकृत अधिकारियों जैसी जिम्मेदारी कॉन्टेक्ट पर आये इंजीनियर नहीं उठा पा रहे हैं,जिसके चलते विभाग के शहर अभियंता कार्यालय में हमेशा भीड़ लगी रहती है और शिकायत लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं को सुनने सुलझाने के चक्कर में शहर के प्रमुख जरूरी काम नहीं हो पाते है,गौरतलब हो उल्हासनगर मनपा में वर्षों से कर्मचारियों की भर्ती नहीं किये जाने से पुराने बचे कर्मचारियों के भरोसे उल्हासनगर मनपा का कामकाज किया जा रहा है,जिसको लेकर शहर के जनप्रतिनिधियों व विधायक सांसद ने कभी गंभीरता नहीं दिखा सके हैं। बता दें कि मनपा में कर्मचारियों अधिकारियों के अभाव के कारण मनपा के अधिकतर कामकाज ठेकेदारों के भरोसे चलाया जा रहा है।


महाराष्ट्र शासन
सार्वजनिक बांधकाम विभाग, जव्हार
जि. पालघर.-४०१ ६०३
Web. http://mahatenders.gov.in
Email. jawhar.ee@mahapwd.com

**ई-निविदा सुचना क्रमांक-५३ सन-२०२४-२५**

कार्यकारी अभियंता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, जव्हार जिल्हा पालघर महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडून ई-निविदेमधील सर्व अटो शर्तीची पुर्तता करणा-या योग्य त्या वर्गातील **पालघर जिल्ह्यातील नोंदणीकृत सुशिक्षित बेरोजगार अभियंतांकडून** खालील कामांकरीता बी-१ नमुन्यातील ई- निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाच्या संकेत स्थळावर https://mahatenders.gov.in येथून डाऊनलोड करण्यांत यावी. तसेच ई-निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता सा. बां. विभाग, जव्हार यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली ई-निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ. क्र. | कामाचे नांव | कामाची मुळ किंमत रु. लक्ष | नोंदणी वर्ग | ई-निविदा संचाची किंमत | काम पूर्ण करण्याचा कालावधी | शेरा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | तलावली रस्त्याचे बांधकाम करणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २०,५१,६९६.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| २ | उटावली ते माळे रस्त्याचे बांधकाम करणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २०,२६,८६१.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. १०/- एकूण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ३ | वेहेलपाडा रस्त्याचे बांधकाम करणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २४,९१,०३९.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ४ | थेरौंडा मुरबीपाडा रस्त्याचे बांधकाम करणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २०,६६,३०१.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ५ | करसुड हाडळपाडा रस्त्यावर साकाव बांधणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | १६,७३,०६३.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकूण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ६ | तलवाडा ते दोडेपाडा रस्त्यावर पाईप डीप बांधणे. ता. निक्रमगड, जि. पालघर | २५,१३,३५७.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकूण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ७ | खडकी रस्त्यावर पाईप डीप बांधणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २०,८५,१२३.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकूण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ८ | कुंजपाडा रस्त्यावर पाईप डीप बांधणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २०,९३,७०९.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| ९ | चाबके तलावली स्मशानभुमी रस्त्याचे मजबुतीकरण करणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | १६,४३,५०३.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| १० | ओसरविरा आंब्याचापाडा करोळी रस्ता ग्रा.मा.८ कि.मी. २/१०० ते २/६०० मध्ये गटार व संरक्षण भिंत बांधणे. ता. मोखाडा, जि. पालघर | २०,०७,५९५.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-८३ |
| ११ | आसे बिवलपाडा रस्ता सुधारणा करणे. ता. मोखाडा, जि. पालघर | २०,१४,२३३.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ५०५४ मार्ग व पूल ०४ जिल्हा व इतर मार्ग ५०५४५११७-५३ |
| १२ | तलाठी सजा रायतळे येथे तलाठी कार्यालय बांधणे. ता. जव्हार, जि. पालघर | २३,५८,९३३.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ४२२५ अनुसूचीत जाती, अनुसूचीत जमाती ४२२५१५५७- ५३ |
| १३ | तलाठी सजा साखरे येथे तलाठी कार्यालय बांधणे. ता. विक्रमगड, जि. पालघर | २३,८८,६७०.०० | वर्ग ५-अ व त्यावरील | रु. ५००/- + १८% जिएसटी रु. ९०/- एकुण रु. ५९०/- | १८० दिवस (पावसाळा धरुन) | ४२२५ अनुसूचीत जाती, अनुसूचीत जमाती ४२२५१५५७-५३ |

**ई-निविदा उपलब्ध कालावधी** — **दिनांक-२७/०९/२०२४ ते दिनांक-०४/१०/२०२४ पर्यंत**
**ई-निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास)** — **दिनांक-०७/१०/२०२४ (११.०० वा. शक्य झाल्यास)**

निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, सा. बां. विभाग जव्हार यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेलो निविदा

**टिप**
१ सर्व पात्र / इच्छुक निविदाकारांनी निविदापत्रक डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रियेत भाग घेण्यासाठी ई-निविदा प्रणालीच्या https://mahatenders.gov.in
२ निविदाकारांनी वर नमूद केलेल्या संकेतस्थळावर ऑनलाईन देकार भरणे संदर्भात व DSC डिजिटल प्रमाणपत्र वितरीत व Portal वर Enrollment करण्यासंदर्भात काही शंका / अडचणी असल्यास त्यांनी खालोल दूरध्वनी क्रमांकावर संपर्क साधावा. Toll Free No.: १८००३०७०२२३२, E-Mail:
३ निविदाकारांनी निविदा संदर्भात सर्व दस्तऐवज ऑनलाईन सादर करणे अनिवार्य राहील. तसेच असारा बयाणा रक्कम, ई-निविदा संचाची किंमत याबाबतचे दस्तऐवजाच्या मुळ प्रत्ती स्वतःच्या नावाची गोपनीयता बाळगुन ई-निविदा वेळापत्रकामध्ये नमूद केलेल्या दिनांक व वेळेपर्यंत सादर करणे आवश्यक आहे. अन्यथा ई निविदा प्रक्रियेत सहभागी होता येणार नाही.
४ सादर केलेल्या निविदा कागदपत्रांची प्रत स्वतंत्र पाकिटात **दिनांक-०४/१०/२०२४** रोजी किंवा त्यापूर्वी कार्यालयीन वेळेत सादर करावी.
५ शासन निर्णयानुसार निम्नतम निविदाकाराचा (L-१) कमी दराबातचा (Performance Security) था FDR/B.G लिफाफा क्र. २ (Financial Bid) उघडल्याच्या दिनांकापासून ८ (आठ) दिवसांच्या आत या कार्यालयास सादर करण्यात गावा. सादर न केल्यास निम्नतम निविदाकाराची (L-१) इसारा रक्कम (EMD) शासन जमा करण्यात येईल व व्दोतीय निम्नतम निविदाकारास (L-२) ला काम देण्याची पुढील कार्यवाही करण्यात येईल याची नोंद घ्यावी.
६ इतर अटी व शर्ती ई-निविदे मध्ये पहावयास मिळतील. सदर कामांची ई-निविदा कोणतेही कारण न देता रह करण्याचे अधिकार सक्षम अधिकारी यांनी राखून ठेवले
७ वरील कामांयो ई-निविदा सुचना सार्वजनिक बांधकाम विभागाच्या www.mahapwd.com या इंटरनेटवरील वेबसाईटवर उपलब्ध आहे.

जा.क्र./सा.बां.वि./जव्हार/निविदा/११२५४
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
सार्वजनिक बांधकाम विभाग, जव्हार
जिल्हा-पालघर, पिनकोड-४०१६०३
दिनांक-२३/०९/२०२४

DGIPR/2024-25/3561

सही/-
कार्यकारी अभियंता
सा. बां. विभाग, जव्हार
जि. पालघर



**पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों हेतु त्यौहार विशेष गाड़ियों का संचालन**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवाओं की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस – मालदा टाउन | 02.10.2024 से 27.11.2024 तक | 11.00 बजे (बुधवार) | 16.30 बजे (शुक्रवार) |
| 09028 | मालदा टाउन – बांद्रा टर्मिनस | 05.10.2024 से 30.11.2024 तक | 17.30 वा. (शनिवार) | 18.15 बजे (सोमवार) |

**ठहराव :** बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टुंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बापूधाम मोतीहारी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुलतानगंज, भागलपुर, कहालगांव, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन :** एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस.

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवाओं की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर | 03.10.2024 से 28.11.2024 तक | 12.15 बजे (गुरुवार) | 21.00 बजे (अगले दिन) |
| 09032 | गोरखपुर – डहाणू रोड | 05.10.2024 से 30.11.2024 तक | 04.00 बजे (शनिवार) | 12.25 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव :** वापी, वलसाड, उधना, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरमगाम लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन पर दोनों दिशाओं में. गाड़ी क्र. 09031 को बोरीवली, पालघर, डहाणू रोड और गोधरा स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया जायेगा.

**संयोजन :** एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवाओं की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09013 | उधना – छपरा | 05.10.2024 से 30.11.2024 तक | 07.00 बजे (शनिवार) | 19.30 बजे (अगले दिन) |
| 09014 | छपरा – उधना | 06.10.2024 से 01.12.2024 तक | 22.30 बजे (रविवार) | 08.15 बजे (मंगलवार) |

**ठहराव :** भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सौगोर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी, औंरिहार, गाजीपुर सिटी और बलिया स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन :** एसी 2 – टीयर, एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस.

**गाड़ी क्र. 14708/14707 दादर- बीकानेर रानकपुर एक्सप्रेस का 31 दिसंबर 2024 तक लालगढ़ स्टेशन तक अस्थायी विस्तार जारी रहेगा.**

ठहराव और संयोजन की समय-सारिणी के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी क्र. 09027, 09031 और 09013 के लिये बुकिंग दि. 29.09.2024 से शुरु होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराये पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जायेगा.

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

## महिलाओं के प्रति पुरुषों की धारणा

समाज महिलाओं की तुलना में पुरुषों को तरजीह देता है। लगभग आधे पुरुषों (46%) का कहना है कि समाज में पुरुषों और महिलाओं के साथ आम तौर पर समान व्यवहार किया जाता है, जबकि केवल 34% महिलाएं इससे सहमत हैं। लगभग आधी (53%) महिलाओं का कहना है कि समाज महिलाओं की तुलना में पुरुषों को तरजीह देता है, जबकि 36% पुरुष ऐसा ही कहते हैं। जबकि महिलाएं पहले से कहीं ज्यादा शैक्षणिक रूप से सफल हो रही हैं और श्रम शक्ति में ज्यादा भागीदारी कर रही हैं, लोगों के बीच यह व्यापक धारणा है कि पुरुषों और महिलाओं के बीच पूर्ण समानता एक मायावी लक्ष्य बनी हुई है। केवल दस में से चार अमेरिकी कहते हैं कि समाज आम तौर पर पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार करता है। पिछले 20 वर्षों में इस संबंध में दृष्टिकोण में काफ़ी बदलाव आया है। फिर भी, वयस्कों का एक बड़ा अल्पसंख्यक (45%) अभी भी कहता है कि समाज महिलाओं की तुलना में पुरुषों को तरजीह देता है, जो 1993 में 62% से कम है। वहीं इस साल ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' को सिर्फ पुरुषों की जूरी ने चुना। हां, चयन करने वाली 13 सदस्यीय जूरी में एक भी महिला नहीं थी। यह कहा जा सकता है कि भारतीय पुरुष इतने स्वतंत्र हो गए हैं कि वे किसी महिला द्वारा निर्देशित महिला-केंद्रित फिल्म की सराहना कर सकें। लेकिन फिर से इस कथन का आंकलन कीजिये। जूरी के उद्धरण का लहजा और भाव बताता है कि पुरुषों की मानसिकता में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आया है। हालांकि किरण राव की दूसरी निर्देशित फिल्म को व्यावसायिक और आलोचनात्मक दोनों तरह से सराहा गया, लेकिन कई लोगों, खासकर महिला बुद्धिजीवियों को इस बात से परेशानी हो रही है कि जूरी ने इसके चयन के लिए क्या कारण बताए हैं। उद्धरण से पता चलता है कि पितृसत्तात्मक और अंधराष्ट्रवादी दृष्टिकोण अभी भी महिलाओं के बारे में पुरुषों की धारणा को आकार देते हैं। उदाहरण के लिए, इसमें एक कृपालु तरीके से कहा गया है कि 'भारतीय महिलाएं अधीनता और प्रभुत्व का एक अजीब मिश्रण हैं।' इसमें आगे कहा गया है कि फिल्म "आपको दिखाती है कि महिलाएं खुशी-खुशी गृहिणी बनने की इच्छा रख सकती हैं, साथ ही विद्रोही और उद्यमशील भी हो सकती हैं।" यह आधुनिक भारतीय महिला के बारे में पुरुषों का एक विशिष्ट दृष्टिकोण है, ऐसा उन बुद्धिजीवियों का मानना है जो चाहते हैं कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर व्यक्ति के रूप में मान्यता और सम्मान मिले। वास्तव में, यह विचार चल रहा है कि प्रशस्तिपत्र के कारण लापता लेडीज पहले ही ऑस्कर की दौड़ हार चुकी है। ऑस्कर जूरी ऐसी फिल्मों की तलाश करती है जिनमें सिनेमाई चमक, निर्देशन की उत्कृष्टता हो या जो साहसिक विषयों को तलाशती हों। इन कोणों से लापता लेडीज का मूल्यांकन करने के बजाय, प्रशस्ति पत्र 21वीं सदी में महिलाओं की भूमिका के बारे में गलत धारणाओं का सहारा लेता है। कांग्रेस को अपने पूर्व दिग्गज जम्मू-कश्मीर नेता गुलाम नबी आजाद की उतनी ही याद आ रही है, जितनी कि गुलाम नबी आजाद को अपनी पुरानी पार्टी की याद आ रही होगी। एक-दूसरे के बिना, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में दोनों की स्थिति को नुक्सान पहुंचा है। उम्मीदवारों के खराब चयन और फीके प्रचार अभियान के कारण कांग्रेस ने जम्मू में अपना शुरुआती लाभ खो दिया। आज़ाद अपनी पुरानी पार्टी के लिए अमूल्य होते क्योंकि वे जम्मू को अच्छी तरह जानते थे, जो उनका गृह क्षेत्र है। उनके जाने के बाद कांग्रेस को कोई प्रभावी नेता नहीं मिला। लेकिन आज़ाद भी अपने विशाल अनुभव और मुख्यमंत्री के रूप में अपने सफल कार्यकाल के दौरान अर्जित सद्भावना के बावजूद कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने के बाद वे कांग्रेस से बाहर चले गए और अपनी खुद की क्षेत्रीय पार्टी बनाने की कोशिश की। कई लोगों का मानना है कि उन्होंने यह भाजपा के कहने पर किया, जिसने बाद में फैसला किया कि कांग्रेस और राहुल गांधी को नुकसान पहुंचाने के बाद इस दिग्गज नेता का कोई उपयोग नहीं है। लोकसभा चुनावों में आज़ाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा, जब जम्मू में उनके दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। और अब वे राज्य में भटक रहे हैं और कम लोगों की रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह द्वारा पहलवान विनेश फोगट को काउंटर करने की पूरी कोशिशों के बावजूद, हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़ने का फैसला करने के बाद, इस साहसी एथलीट को राज्य भर के साथी पहलवानों और कोचों का पूरा समर्थन प्राप्त हो रहा है। पहलवानी के अखाड़े से सियासत के दंगल में उतरने वालीं विनेश फोगाट क्या जुलाना के चुनावी मुकाबले में कड़ी चुनौती में फस गई हैं? जुलाना में निश्चित रूप से चुनावी मुकाबला बहुत रोचक हो गया है क्योंकि इस सीट पर जीत के लिए कांग्रेस के अलावा बीजेपी, आम आदमी पार्टी, इनेलो-बसपा और जेजेपी ने भी पूरा जोर लगाया हुआ है। ऐसे में जुलाना सीट के नतीजे पर देश भर के राजनीतिक विश्लेषकों की पैनी निगाह है। विनेश के लिए समर्थन की इस बाढ़ का एक मुख्य कारण यह है कि विनेश और उनके साथियों द्वारा बृज भूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के साथ दिल्ली की सड़कों पर उतरने के बाद कुश्ती प्रशिक्षण के लिए लड़कियों के नामांकन में भारी गिरावट आई है। चूंकि लड़कियां अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में अपने पुरुष समकक्षों के बराबर या उनसे बेहतर प्रदर्शन करती हैं, इसलिए कोच इस घटना से परेशान हैं। उन्हें लगता है कि विनेश की जीत से लोगों में उत्साह बढ़ेगा और माता-पिता अपनी बेटियों को प्रशिक्षण के लिए भेजने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं।


कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*सिंधु नदी के नीर पर, मचा हुआ कोहराम*
*करनी जैसी पाक की, वह भुगते अंजाम*
*वह भुगते अंजाम, कुटिल, खल पाकिस्तानी*
*बंद कराओ यार गधों का हुक्का पानी*
*कह सुरेश यूं करो इसे पग-पग पर भय हो*
*खुद मुनीर बोले, भारत माता की जय हो*

# वक्फ बोर्ड की असलियत

**मामला वक्फ बोर्ड का है जिसमें विपक्षी दलों की वोट बैंक की राजनीति के चलते वक्फ अधिनियम में संशोधन करने वाले विधेयक को जे.पी.सी. को भेज दिया गया, फिर भी आम सहमति कठिन है। क्योंकि सांसद पार्टी लाईन के अनुसार बंटे रहेंगे। वहीं वक्फ बोर्ड में मोदी सरकार द्वारा जो सुधार के लिये 40 संशोधन किये गये हैं, उसमें सुधार करना उचित कदम है लेकिन बोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति इस सुधार की दिशा में बड़ी बाधा है।**

असलियत में वक्फ के पास अरबों की सम्पत्ति होने के बावजूद मुस्लिम समाज की भलाई के लिये कुछ खास नहीं किया गया पर विपक्ष तुष्टीकरण की सस्ती राजनीति कर रहा है। सेना और रेलवे के बाद दूसरे नम्बर पर भूमि, यहाँ तक कि पाकिस्तान जैसे देश से भी ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। वर्ष 1954 में पहला वक्फ अधिनियम और वर्ष 1995 में संशोधन जिसमें भारत से पाकिस्तान गये मुसलमानों की जमीन वक्फ को दे दी गई। इसी के साथ बाबरी ढ़ांचे के विध्वंस की भरपाई के लिये अधिनियम में संशोधन कर वक्फ बोर्ड को जमीन अधिग्रहण के असीमित अधिकार दे दिये गये। 2013 में संशोधन हुआ, जिसमें अहम समस्याएं उत्पन्न हुईं। जैसे- कुप्रबन्धन, स्वामित्व से जुड़े विवाद, पंजीकरण और सर्वेक्षण में देरी इत्यादि। 2014 लोकसभा चुनाव के ठीक पहले दिल्ली की 123 प्रमुख सम्पत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को उपहार में दे दिया। 2013 के संशोधन के तहत किसी की भी सम्पत्ति छीनने के असीमित अधिकार वक्फ बोर्ड को दिये गये, जिसे किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। यहाँ इस तरह से इसमें प्रभावित पक्ष को न्यायपालिका तक जाने के रास्ते भी बंद कर दिये गये- जो भारतीय संविधान के समानता के अधिकार के विरूद्ध है जिसके चलते वक्फ माफिया की तरह व्यवहार करने लगा, जिसमें निजी सम्पत्ति से लेकर सरकारी भूमि, मंदिर, गुरूद्वारे तक की भूमि पर वक्फ बोर्ड कब्जा कर रहा है। वर्ष 2009 तक लाखो एकड़ भूमियाँ तथा तीन लाख पंजीकृत सम्पत्तिया वक्फ बोर्ड के पास थी जो पिछले 15 वर्षों में दुगुनी हो गई हैं। तुष्टिकरण के तहत केजरीवाल भी 101 करोड़ रूपये वक्फ बोर्ड को दे चुके हैं। वर्तमान में देश में 32 वक्फ बोर्डो पर मात्र 200 लोग काबिज हैं। तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड ने हाल में एक पूरे गाँव पर स्वामित्व का दावा किया है। गाँव में 1500 साल पुराना मंदिर है जिस पर वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया




जबकि इस्लाम ही 1400 साल पहले दुनिया में आया। हरियाणा के यमुना नगर जिले में जठलाना ग्राम गुरूद्वारा की जमीन को वक्फ को हस्तांतरित कर दिया गया जबकि इस जमीन पर कोई मुस्लिम बस्ती या मस्जिद होने का प्रमाण नहीं है। नवम्बर 2021 में मुगलीमरा में सूरत नगर निगम मुख्यालय को वक्फ सम्पत्ति घोंषित कर दिया गया कि शाहजहाँ ने अपनी पुत्री को वक्फ सम्पत्ति के रूप में दान किया था। वर्ष 2018 में ताज महल पर वक्फ बोर्ड द्वारा स्वामित्व का दावा कर दिया गया। वस्तुस्थिति यह है कि वक्फ बोर्ड की जो कार्यपद्धति है और यह जो चंद लोगो की मुट्ठी में कैद है, उसके चलते कई घोटाले इसके सामने आ चुके हैं। कर्नाटक की हाई ग्राउण्ड पुलिस ने कर्नाटक राज्य वक्फ बोर्ड के पूर्व सी.ई.ओ. जुल्फिकरूला के विरूद्ध 4 करोड़ रूपये से अधिक की बोर्ड के मुख्य लेखाकार मीर अहमद उब्बास की कथित हेराफेरी की शिकायत पर 6 जुलाई 2024 को केस दर्ज किया। 26 साल से मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष रहे रियाज खान को गिरफ्तारी का नोटिस देते हुये प्रशासन ने 1 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया। रियाज पर वक्फ की मदार गेट स्थित 45 हजार वर्गमीटर पर बनी 115 दुकानों, 16 दफ्तरों, दो स्कूल और एक मैरिज हाल के किराये से प्राप्त 7 करोड़ 11 लाख 9 हजार 909 रूपये का हिसाब का घाल-मेल का आरोप है। उत्तरप्रदेश के सहारनपुर के फिरोजाबाद गांव में सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की वक्फ संख्या 322, 121 की करीब 183 बीघा जमीन है। चिलमाना निवासी हाकिम अली ने 24 जून 2024 को कमिश्नर को शिकायत देकर अवगत कराया कि इस जमीन में सालाना करीब 50 लाख की आय होती है लेकिन 15 वर्ष में करीब 7-5 करोड़ की आय का कोई हिसाब-किताब नहीं है। कानपुर के अनवगंज थाना क्षेत्र के दलेलपुरवा इलाके में 22 जून 2024 को बक्फ बोर्ड के मुतल्लची शादाब खान के खिलाफ 20 करोड़ रूपये की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने का आरोप है। अमरोहा (उत्तर प्रदेश) में उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वफ्फ बोर्ड के मुतवल्ली अनवर सिप्तैन पर धोखाधड़ी कर अवैध रूप से 16 दुकाने बनाकर करोड़ो रूपये में बेचने के आरोप हैं, जिस पर प्रशासन नोटिस जारी कर चुका है। दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमाम सिद्दीकी पर ईडी का आरोप है कि आप विधायक अमानतुल्लाह खान के कहने पर गलत कमाई से 36 करोड़ की खरीदी की गई और कुल मिलाकर 100 करोड़ रूपये की सम्पत्ति का दुरूपयोग किया गया। नई दिल्ली में वक्फ बोर्ड के पूर्व सी.ई.ओ. एस.एम. अली पर आरोप है कि संविदा कर्मियों की नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन किया और अमानतुल्लाह के कहने पर अवैध प्रस्तावों को मंजूरी दी। नई दिल्ली वक्फ बोर्ड में 286 करोड़ का घोटाला अमानतुल्लाह के संरक्षण में किया गया। इसी तरह से दिल्ली के वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान पर 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती करने और अवैध रूप से वक्फ बोर्ड की कई सम्पत्तियों को किराये पर देने का मामला है और उन्हें ईडी द्वारा गिरफ्तार भी कर लिया गया है। गलत कमाई से दिल्ली तेलंगाना और उत्तराखण्ड में सम्पत्तियाँ बनाई गई हैं। भठिंडा (पंजाब) वक्फ बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी लायक अहमद को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। भठिंडा (पंजाब) में ही वक्फ के लोगों द्वारा 18 एकड़ जमीन की हेराफेरी की गई तो हिमांचल की राजधारी शिमला में वक्फ बोर्ड के मेम्बर सादिक मोहम्मद को विजिलेंस ने रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया। अम्बेडकर नगर (असम) में असम वक्फ बोर्ड के सदस्यों द्वारा वक्फ की जमीनों को अवैध रूप से करोड़ो में बेंच दिया गया। कर्नाटक के वक्फ बोर्ड की कुल 54000 एकड़ भूमि पर 29000 एकड़ भूमि राज्य के मुस्लिम नेताओं द्वारा लूट ली गई। इसी तरह से 2.35 लाख करोड़ की सम्पत्ति भी लूटी गई। महाराष्ट्र में पुणे वक्फ बोर्ड घोटाला मामले में 7-7 करोड़ का घोटाला किया गया, जिसमें ईडी ने दो लोगो को हिरासत में लिया तो महाराष्ट्र के औरंगाबाद के अधिकारियों की मिली भगत से 20 एकड़ वक्फ भूमि की माफियाओं से सौदेबाजी की गई। कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग ने गुलबर्गा, बेंगलूरू शहरी एवं ग्रामीण रामानगरम एवं कोप्पल जैसे क्षेत्रों में वक्फ बोर्ड के पूर्व प्रमुखों द्वारा सम्पत्तियों के दुरूपयोग, अतिक्रमण और धोखाधड़ी के कृत्यों का आरोप लगाया है।

**-वीरेन्द्र सिंह परिहार**

## आसान नहीं 'एक देश एक चुनाव' की डगर

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित उक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट को स्वीकार करने के बाद अब इस मुद्दे पर संवैधानिक प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही व्यापक राष्ट्रीय चर्चा शुरू हो जायेगी। कोविन्द समिति की सिफारिशों के अनुसार 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का युगान्तरकारी उद्देश्य दो चरणों में लागू होना है जिसमें पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा का निर्वाचन एक साथ कराना और दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय के लिए निर्वाचन (पंचायत और नगर पालिका) कराना शामिल है। सिफारिशों के अनुसार सभी निर्वाचनों के लिए एक समान मतदाता सूची बनेगी और राष्ट्रव्यापी चर्चा के बाद एक कार्यान्वयन समूह का गठन होगा। एक साथ नगर निकायों से लेकर संसद के चुनाव कराने की प्रकृया को कुछ आसान बनाने के लिये ही इस सम्पूर्ण संवैधानिक और राजनीतिक कसरत को दो भागों में बांटा गया है। अब देखना यह है कि मोदी सरकार का यह अति महत्वाकांक्षी सपना किस तरह साकार होता है। क्योंकि ''एक राष्ट्र एक चुनाव'का नारा जितना लुभावना लगता है उतना आसान कतई नहीं है। इसके लिये महत्वपर्ण संविधान संशोधनों के साथ ही राष्ट्रीय सहमति की भी महती आवश्यकता है और विपक्ष से और कम से कम विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से इस विचार को समर्थन मिलने की संभावना को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरके ने सिरे से खारिज कर दिया है। इस समय पक्ष और विपक्ष जानी दुश्मन का जैसा




व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा अपने बलबूते पर नहीं बल्कि सहयोगी दलों के समर्थन से सत्ता में है। हाल ही में मोदी सरकार को जिस तरह कुछ निर्णयों को लेकर बैकफुट पर आना पड़ा उससे सरकार के एक साथ चुनाव कराने की महत्वाकांक्षी योजना के भविष्य पर सवाल उठना स्वाभाविक ही है। फिर भी आशावादी विचारकों और खासकर भाजपा समर्थकों का मानना है कि जब मोदी सरकार पिछले कार्यकाल में धारा 370 को हटाने का जैसा बहुत ही टेढ़ा काम कर सकती है तो यह भी कर लेगी। मोदी सरकार को अपनी मजबूती साबित करने के लिये भी यह जटिल कार्य करना पड़ रहा है। भारत के संविधान में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक साथ चुनाव का प्रावधान नहीं है। इस विचार को धरातल पर उतारने के लिए संविधान में संशोधन के लिए राजनीतिक सहमति और एक लंबी प्रक्रिया की आवश्यकता होगी। राज्य विधान सभाओं और लोकसभा के लिए निश्चित शर्तें समकालिक नहीं हैं। इन शर्तों के समन्वय के लिए दोनों स्तरों पर संवैधानिक संशोधन और कानूनी बदलाव की आवश्यकता होगी। संविधान के जानकारों के अनुसार इसके लिये कम से कम संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन करना पड़ेगा। अनुच्छेद 83 खंड (2) के तहत लोकसभा का कार्यकाल ठीक 5 साल तय किया गया है। संसद के सत्र के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 85 में प्रावधान किया गया है। भारत में किसी राज्य की विधानसभा का कार्यकाल संविधान के अनुच्छेद 172 द्वारा निर्धारित किया गया है। यह अनुच्छेद निर्दिष्ट करता है कि राज्य विधान सभा का सामान्य कार्यकाल पांच वर्ष होगा लेकिन इसे कुछ परिस्थितियों में राज्य के राज्यपाल द्वारा पहले भी भंग किया जा सकता है, जैसे कि जब विधानसभा बहुमत का विश्वास खो देती है या जब राज्यपाल इसके विघटन की सिफारिश करता है। संविधान आपातकाल की घोषणा की स्थिति में विधानसभा के कार्यकाल के विस्तार की भी अनुमति देता है। इसी अनुच्छेद में प्रावधान है कि जब आपातकाल् की उद्घोषणा प्रवर्तन में है, तब संसद विधि द्वारा ऐसी अवधि एक बार में एक वर्ष तक बढ़ा सकेगी और उद्घोषणा के प्रवर्तन में न रह जाने के पश्चात् किसी भी दशा में उसका विस्तार छह मास की अवधि से अधिक नहीं होगा। राज्य की संवैधानिक मशीनरी के खराब होने की स्थिति में केंद्र सरकार अनुच्छेद 356 में प्रदत्त शक्ति का उपयोग कर राज्य के प्रशासन का नियंत्रण ग्रहण करता है। इस अनुच्छेद को "राष्ट्रपति शासन" भी कहा जाता है लेकिन अब इस अनुच्छेद का इस्तेमाल आसान नहीं रह गया है। केंद्र शासित प्रदेशों, जिनकी अपनी विधान सभाएं नहीं हैं, की विशिष्ट स्थिति को समायोजित करने के लिए भी आवश्यक प्रावधान करने होंगे। अनुच्छेद 324 में संशोधन कर एक साथ चुनावों के समन्वय के लिए चुनाव आयोग को अतिरिक्त अधिकार और जिम्मेदारियों के साथ सशक्त बनाना होगा ताकि आयोग समय से पहले बिना राज्य सरकार की सहमति से भी चुनाव तिथियां घोषित कर सके। आजादी के बाद पहले चुनाव से लेकर 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए लेकिन दलबदल, राजनीतिक अस्थिरता तथा अनुच्छेद 356 के बार-बार इस्तेमाल के कारण एक साथ चुनाव का क्रम टूटता गया। अविश्वास प्रस्ताव के जरिये राज्य सरकारें समय से पहले गिरती रही है और खण्डित जनादेश के कारण विधानसभा नयी बहुमत की सरकार चुनने की स्थिति में नहीं रहीं। अब अविश्वास प्रस्तावों और विधान सभाओं के विघटन से संबंधित प्रासंगिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता भी होगी। चुनाव के समय में बदलाव के लिए दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) में संशोधन भी करना होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारत में संवैधानिक संशोधनों के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत और कम से कम आधे राज्य विधानमंडलों द्वारा समर्थन की आवश्यकता होती है।

**-रावतसरे**

## सृष्टि का प्रत्येक जीव संवादी

अभिव्यक्ति सृजन है। यह स्वयं को व्यक्त करने की प्रक्रिया है। ध्यातव्य है कि अभिव्यक्ति की आजादी संविधान प्रदत्त अधिकार है किंतु इस अधिकार के साथ दायित्व बोध भी जुड़ा होता है। अनेक अवसरों पर कई लोग अभिव्यक्ति की आजादी को एक नारे के रूप में प्रयोग कर लेते हैं और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश विरोधी अभियान में जुट जाते हैं। ध्यान रहे अभिव्यक्ति के साथ जब दायित्व जुड़ता है तो वह उत्सव बन जाती है। आज विचारणीय यह भी है कि हमें अभिव्यक्ति को आजादी से जोड़ना है अथवा उत्सव से। अभिव्यक्ति व्यक्ति का विस्तार करती है और जब व्यक्ति का विस्तार होता है तो वह उत्सव जैसी बड़ी संकल्पना के साथ जुड़ता है। भारतीय ज्ञान परंपरा व्यक्ति का विस्तार करती है। वह व्यक्ति को व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में आरंभ से ही अभिव्यक्ति का उत्सव मनाने की परंपरा रही है। यहां न केवल अनेक ऋषि अपितु गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा, घोषा आदि ऋषिकाएं भी धार्मिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक विषयों पर वादविद्या में बहुत निपुण थी। अनेक अवसरों पर समाज का शिक्षित-अशिक्षित, अमीर-गरीब प्रत्येक वर्ग इस प्रकार के उत्सवों का साक्षी व अधिकारी रहा। भारतीय ज्ञान परंपरा और अध्यात्म परंपरा में वैदिक चिंतन और तदुपरांत संस्कृत साहित्य का विशेष स्थान है। यह पूरी परंपरा संवाद पर आधारित है। जहां ज्ञान- विज्ञान, व्यक्ति,समाज और राष्ट्र के विभिन्न विषयों पर विद्वानों में संवाद हुए। भारतीय चिंतन में कुछ स्थानों पर मत वैभिन्नय के कारण वाद भी दिखाई देते हैं लेकिन उनकी परिणति संवाद में मिलती है, विवाद की ओर नहीं। वर्तमान परिदृश्य में अनेक बार कई वादों में बंधे हुए लोग संवाद के स्थान पर सीधे विवाद की ओर बढ़ जाते हैं जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए घातक है। सृष्टि का प्रत्येक जीव संवादी है। संवाद की प्रक्रिया भिन्न-भिन्न रूपों में विकासात्मक अवस्थाओं को नूतन आयाम देती है। आदि काव्य रामायण, भगवद्गीता,रामचरितमानस आदि विभिन्न ग्रंथों में संवाद के सहारे ही कथाक्रम का विकास विद्यमान है। श्रीरामचरितमानस के बालकाण्ड में गोस्वामी जी लिखते हैं- मुनि याज्ञवल्क्य जी ने जो सुहावनी कथा मुनिश्रेष्ठ भरद्वाज जी को सुनाई थी,उसी संवाद को मैं बखानकर कहूंगा; सब सज्जन सुख का अनुभव करते हुए उसे सुनें- कहिहउँ सोइ संबाद बखानी...। इसी प्रकार आगे भगवान शिव पार्वती को रामचरित सुनाते हुए कहते हैं- हे पार्वती! निर्मल रामचरितमानस की वह मंगलमयी कथा सुनो जिसे काकभुशुंडि ने विस्तार से कहा और पक्षियों के राजा गरुड़ जी ने सुना था। वह श्रेष्ठ संवाद जिस प्रकार हुआ, वह मैं आगे कहूँगा-सो संबाद उदार जेहि बिधि भा आगे कहब। संवाद समाज जीवन को जोड़ने का भी महत्वपूर्ण साधन रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में "संवादी"- उत्सव अभिव्यक्ति का शीर्षक से एक बड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साहित्य, सिनेमा, संस्कृति, राजनीति एवं कला आदि क्षेत्रों से विभिन्न गणमान्य विभूतियों ने भागीदारी की।

**-डॉ.वेदप्रकाश**

आज का कार्टून




साभार

## युद्ध में तब्दील हो चुकी इजराइल-लेबनान जंग

युद्ध की स्थिति पर बहुत कुछ लिखा जाता रहा है और वर्तमान में दुनिया एक के बाद एक नई जंग देख रही है। इजराइल और हमास युद्ध तो चल ही रहा था, अब इजराइल और लेबनान में शुरू हुई लड़ाई में सैकड़ों लोगों की मौत का मातम मनाया जा रहा है। लेबनान के संगठन हिजबुल्लाह के युद्ध में कूदने के बाद इजराइल पर एक के बाद एक किए गए रॉकेट हमलों के बाद इजराइल द्वारा किए गए ताबड़तोड़ हमलों में 500 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 1700 के करीब लोग घायल हुए। हताहतों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। पहले इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के सदस्यों को निशाना बनाकर पेजर, वॉकी-टॉकी जैसे संचार उपकरणों में विस्फोट के जरिये हमले किए थे। अक्तूबर 2023 में गाजा में युद्ध भड़कने के बाद इजराइल और हिजबुल्लाह के दरम्यान सीमा पार झड़पें तो हो रही थीं जो कि अब एक जंग में तब्दील हो चुकी हैं। इस जंग के चलते लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं। जंग से दुनिया में एक बार फिर शरणार्थी संकट पैदा होने का खतरा मंडराने



लगा है। कोविड-19, आर्थिक मंदी और चार वर्ष पहले भी राजधानी बेरूत में हुए भीषण बम विस्फोटों के बाद एक बार फिर बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। ऐसा लगता है कि पिछले एक साल से गाजा में जिस तरह से मानवता कराह रही है उससे वैश्विक शक्तियों ने कोई सबक नहीं सीखा है। हिजबुल्लाह ने जिस तरह से इजराइल के भीतर सैकड़ों रॉकेट दागे इससे उनके हमलों की अंधाधुंध प्रवृति जाहिर होती है। जो कुछ इजराइल कर रहा है वह भी अमानवीय है। वह लेबनान को दूसरा गाजा बनाने को तैयार है। इजराइल किसी खतरे का इंतजार नहीं कर रहा, उसका मकसद उन गांव को खाली कराने का है जहां हिजबुल्लाह ने अपने बड़े हथियार छुपा रखे हैं। इजराइल लेबनानी लोगों को गांव खाली करने की चेतावनियां दे रहा है। फिलहाल इस जंग को रोकने के लिए कोई कूटनीतिक प्रयास नहीं हो रहे। अमेरिका के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयास, गाजा में युद्ध विराम और इजराइली बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत की कोशिशें भी आगे नहीं बढ़ी हैं। यह बराबरी की लड़ाई नहीं है। इजराइल को मालूम है कि वह हिजबुल्लाह को हरा सकता है लेकिन दोनों ही पक्ष एक-दूसरे के विनाश और पीड़ा पहुंचाने में बहुत बड़ी क्षमता रखते हैं। जो कुछ भी हो रहा है वह कल्पना से परे है। संयुक्त राष्ट्र चीख-चीख कर कह रहा है कि लेबनान को नया गाजा बनाने के इजराइल के इरादों को रोका जाए। अन्तर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन किए जाने की उसकी पुकार सुनी जाए लेकिन कोई उसकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। इजराइल में अभी तक 60 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। इजराइली हमलों के कारण लेबनान के दक्षिणी इलाके से लगभग 30 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। गाजा पट्टी में 19 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं, जो गाजा पट्टी की लगभग 90 प्रतिशत आबादी है। 2006 में भी इजराइल और लेबनान के बीच युद्ध लड़ा गया था। युद्ध के बाद दोनों देशों ने खुद को विजयी बताया था, परन्तु बाद में इजराइली पक्ष ने अपनी हार स्वीकार कर ली थी। इस युद्ध में हिजबुल्लाह ने इजराइल को पहली बार हार का स्वाद चखाया था।

# नेपाल में बारिश की तबाही से सीमांचल के बिगड़े हालात

## कई जिलों में अलर्ट जारी

महानगर नेटवर्क

पटना

नेपाल के तराई और उत्तर बिहार में लगातार हो रही बारिश की वजह से राज्य के 13 जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बता दें कि कोसी बराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक कोसी बराज पर 05 लाख 07 हजार 690 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया है। वहीं बारह क्षेत्र में 04 लाख 37 हजार 050 क्यूसेक बढते क्रम में दर्ज किया गया। पानी के दबाव को देखते हुए बराज के सभी 56 फाटक खोल दिए गए हैं। नदी में इतना पानी 56 साल बाद आया है। यह 1968 में नदी के सबसे अधिक फ्लो से सिर्फ 1 लाख क्यूसेक कम है। वहीं वाल्मीकिनगर गंडक बराज की बात करें तो 3 लाख 39 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है, शाम तक 5 लाख 93 पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यहां 21 साल पहले इतना पानी आया था। यह 2003 के फ्लो लेवल से थोड़ा ही कम है। दोनों नदियों में पानी शुक्रवार को ही बढ़ गया। गंडक बराज से सुबह 11 बजे तक 4 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है।



**सप्तकोशी नदी का जलस्तर खतरा बिंदु से ऊपर**

पुलिस कार्यालय सुनसरी के अनुसार शनिवार सुबह 8 बजे जलस्तर 4 लाख 18 हजार 285 क्यूसेक प्रति सेकेंड मापा गया। नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन कार्यालय सुनसारी ने बताया कि कोशी बराज में लगातार जलस्तर बढ़ने से खतरे के संकेत हैं। सप्तकोशी जलमापन केंद्र ने कहा है कि जलस्तर खतरा बिंदु से ऊपर पहुंच गया है। उदयपुर व सुनसरी के कुछ इलाकों में नदी में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मुख्य अधिकारी तिवारी ने तटीय इलाकों के निवासियों को सतर्क रहने को कहा है। सुपौल की बात करें तो तिलयुगा नदी भी उफान पर है। तिलयुगा नदी का जलस्तर बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर को जोड़ने वाली निर्मली-कुनौली-नेपाल रोड पर डगमारा के पास लोहा पुल पर बाढ़ का पानी चढ़ गया है।

### अंधेर में डूबे बगहा के पांच दर्जन गांव


बगहा रामनगर से सेमरा, चौतरवा एवं कुमीह्य फीडर को मिलने वाले 33 केवीए की आपूर्ति एक बार फिर प्रभावित हो गई है।मसान नदी के तेज बहाव में इन तीनों फिडरो को मिलने वाले आपूर्ति के पोल एक बार फिर मसान नदी में बह गए हैं। जिससे सेमरा, चौतरवा एवं कुमिह्या फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई है । जिससे ग्रामीण क्षेत्र के करीब पांच दर्जन से अधिक गांव की आपूर्ति प्रभावित हो गई है । बगहा विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि 15 सितंबर को मसान नदी के कटाव के कारण 33 केवीए का टावर ध्वस्त हो गया था ।जिससे सेमरा, चौतरवा एवं कुमिह्या फीडर कोई आपूर्ति बाधित हो गई थी । बिजली कर्मियों के काफी मशकत सकता के बाद वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पोल के सहारे 22 सितंबर को इन तीनों फिडरो को आपूर्ति शुरू की गई थी। लेकिन एक बार फिर शनिवार को मसान नदी के तेज बहाव के कारण आपूर्ति के लिए लगाए गए पोल नदी में बह गए । जिससे इन तीनों फील्डरों को की आपूर्ति पुन: बाधित हो गई है ।उन्होंने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बगहा फीडर से इन तीनों फिडरो को जोड़कर रोस्टरवार आपूर्ति की जा रही है । साथ ही साथ टावर के पुन: निर्माण ईआर एस राहुल कुमार के देखरेख में कराया जा रहा है ।टावर के निर्माण हो जाने के बाद इन तीनों फिडरो की आपूर्ति पुन: बहाल कर दी जाएगी ।

# सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक के चक्कर में दो युवकों की मौत

महानगर नेटवर्क

पटना

जिले में सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ने से दो युवकों की मौत हो गयी। पहली घटना में कुढ़नी थाना क्षेत्र के सोतवां गांव में एक युवक की मौत सर्पदंश से हो गयी। वहीं, दूसरी घटना में दुर्गावती थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में शुक्रवार की रात सांप के काटने से युवक की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक,सोतवा गांव निवासी स्वर्गीय हरि नारायण राम का 35 वर्षीय बेटा रविंद्र राम पत्नी के साथ अपने घर में फर्श पर बिछावन पर सोया हुआ था। 11 बजे रात के करीब एक विषैले सांप ने उसे काट लिया। सांप के काटने के एहसास के बाद इसकी जानकारी युवक ने अपनी पत्नी को दी। इसके बाद जब कमरे का लाइट जलाया गया, तो देखा कि एक गेंहुअन सांप भागा जा रहा है। इसके बाद युवक की तबीयत बिगड़ने लगी,तो पत्नी ने शोर मचाया तो घर के अन्य लोग भी आ गये। युवक को परिजनों द्वारा झाड़-फूंक के लिए चौबेपुर गांव ले जाया गया। जब युवक की तबीयत बिगड़ गयी और झाड़-फूंक के बाद भी सुधार नहीं हुआ,तो परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर आये,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।



### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

हादसे की सूचना कुढ़नी थाना पुलिस को भी दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा करने के बाद उसे सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यहां सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक के दो पुत्र है, एक 7 वर्षीय छटू और दूसरा 8 वर्षीय गुलशन कुमार है।

### बिस्तर के अंदर सांप छिपे सांप ने डंसा

वहीं, दुर्गावती थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में रात घर में बिस्तर पर सोते समय एक युवक को जहरीले सांप ने काटा लिया। परिणाम स्वरूप युवक की मौत हो गई। मृतक त्रिभुवन राम 40 वर्ष पिता बाल रूप राम ग्राम बहेरा का निवासी है। जानकारी के अनुसार, त्रिभुवन राम शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद अपने घर में बिस्तर पर जाकर सो गये। त्रिभुवन राम को मालूम नहीं था कि बिस्तर के अंदर सांप छुपा हुआ है और बिस्तर पर सोने के दौरान ही जहरीला सांप त्रिभुवन राम के हाथ से दब गया और सांप ने त्रिभुवन को काटा लिया।

# जैसे वक्फ बोर्ड, वैसे ही हिंदू बोर्ड बनना चाहिए

## गया में गरजे बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री

महानगर नेटवर्क

गया

बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री 27 सितंबर की रात बोधगया पहुंच गए। तीन दिनों 28, 29 और 30 सितंबर तक बोधगया के संबोधि रिसोर्ट में प्रवचन देंगे। धीरेंद्र शास्त्री के स्वागत में पहले से ही 200 की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनके पूर्वजों का पिंडदान भी कराया जाएगा। बोधगया पहुंचने पर बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र की बात करते हुए कहा कि जैसे वफ्फ बोर्ड है, वैसे ही हिंदू बोर्ड भी होना चाहिए। ये देश हिंदुओं का है। अगर हालात नहीं सुधरे तो भारत भी बांग्लादेश हो जाएगा। भारत के हिंदुओं के साथ हम अत्याचार नहीं होने देंगे।



आगामी योजना के बारे में बताते हुए बाबा बागेश्वर धाम ने कहा कि 21 नवंबर से 29 नवंबर तक संपूर्ण भारत को एक करने के लिए पदयात्रा करेंगे। जो बागेश्वर धाम से 160 किमी की होगी। जिसका उदेश्य सनातनियों को एकजुट करने का है। उन्होने कहा कि वो मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया जी में एक बार फिर से आए हैं। बालाजी की कृपा से बहुत जल्द विष्णुपद मंदिर में कथा सुनाएंगे। वहीं तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलने के विवाद पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हर मंदिर में गौशाला होनी चाहिए, मंदिरों की शुद्धता बनाए रखने के लिए सरकार को उन्हें हिंदुओं के अधीन छोड़ देना चाहिए।

# सौतेली मां की हत्या करने उसे साथ लेकर घूमती रही दो बहनें

## पटना में चूकी तो छपरा ले जाकर मारा

महानगर नेटवर्क

सारण

सारण में बीते दिनों सड़क किनारे महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने हत्या की आशंका के बाद जब इस मामले की जांच की तो हैरान करने वाले खुलासे हुए। पारिवारिक कलह में एक महिला की हत्या उसकी सौतेली बेटियों ने कर दी थी। मृतका की पहचान मशरख थाना क्षेत्र के गंगौली गांव निवासी पिंकी देवी के रूप में हुई थी हत्या करने वाली दोनों सौतेली बेटियां नाबालिग है। पुलिस ने हत्या में लिप्त दोनों लड़कियों को छपरा से मोबाइल के लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया।





**सौतेली बेटियों ने मौत के घाट उतारा**

एसपी डॉ कुमार आशीष ने इस हत्याकांड के बारे में बताया कि मृतका पिंकी देवी की दूसरी शादी हुई थी। पहली शादी कोपा थाना क्षेत्र के रामनगर चौखड़ा सुधीर सिंह हुई थी और दूसरी शादी उसने मशरख के गंगोली निवासी उमेश सिंह से की थी। उमेश सिंह अपने बेटे के साथ किसी कांड में जेल में अभी बंद है। इस बीच पिंकी देवी की सौतेली बेटियों ने हत्या की साजिश रची।

पुलिस ने बताया कि अपनी सौतेली मां पिंकी देवी को हत्या के लिए दोनों बेटियों ने फुसलाकर पहले पटना लाया। लेकिन हत्या के मकसद में कामयाब नहीं हो सकी। जिसके बाद ट्रेन से सभी छपरा पहुंची। यहां से खैरा होते हुए मिर्जापुर मढ़ौरा जाने के क्रम में खैरा में सुनसान इलाका जब दोनों को मिल गया तो वहां अपनी सौतेली मां को पहले नशीला पदार्थ खिला दिया और उसके बाद ईंट से चेहरे पर वार किया। फिर गला दबाकर हत्या कर दी।

# दरभंगा में तीन महिलाओं की ट्रेन से कटकर मौत

## पटरियों पर शौच के लिए गई थीं



महानगर नेटवर्क

दरभंगा

दरभंगा में शीशों में बन रहे बाईपास रेलवे स्टेशन के रेल लाइन के पास तीन महिलाएं ट्रेन की चपेट में आ गईं। ट्रेन की चपेट में आने से गोपालपुर में इन तीन महिलाओं की मौत हो गई है। तीनो महिलाएं एक ही परिवार की हैं। दरभंगा में ये बाईपास नया-नया बनाया गया है। रेलवे स्टेशन में तीनों महिलाएं इसी बाईपास के पास शौच करने के लिए गई हुई थीं। इस दौरान स्पीडी ट्रायल कर लौट रहे ट्रेन की चपेट में तीनों महिलाएं आ गईं, जिससे तीनों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया है ।नया-नया बाईपास रेलवे बनाने के कारण यहां पर स्पीड ट्रायल किया जा रहा था।

### इंजन का ट्रायल चल रहा था

इस दौरान ट्रायल इंजन की चपेट में आने से तीनों महिलाओं की मौत हो गई है। ये सभी महिलाएं शौच के लिए रेलवे लाइन के पास गई थी। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई हैं। घटना के बाद परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान बबीता देवी, ममता देवी और देवकी देवी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थीं। दरभंगा के ककरघट्टी शिशो के बीच बिछी नई रेललाइन के पास हुई है और घटना स्थल सदर के गोपालपुर के पास की है। वहीं इस दर्दनाक घटना को लेकर स्थानीय लोग काफी आक्रोशित दिखे हैं। उन्होंने मौके पर विरोध भी जताया है।

# पहले दोस्ती, फिर कमरे पर बुलाती, जो गया वो फंसा

## बिहार में सेक्सटॉर्शन वाला गैंग

महानगर नेटवर्क

किशनगंज

बिहार के किशनगंज जिले में सेक्सटॉर्शन गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। जिसमें शामिल लड़कियां पहले लड़कों से दोस्ती करती, प्यार का चक्कर चलाती और फिर कमरे पर बुलाती। इसके बाद अपने ही गैंग में शामिल युवकों से रंगे हाथ पकड़वा देती। न्यूड वीडियो वायरल की धमकी देकर युवकों से मोटा पैसा वसूलता जाता। इस तरह से गैंग अबतक कई लोगों को अपने जाल में फंसा चुका है। मोटी रकम वसूल चुका है।

इस गैंग में दो लड़कियां शामिल है, वहीं कस्टमर को रूम बुलाती, गैंग के अन्य सदस्य अश्लील वीडियो बनाते और फिर उसी कमरे में धमक जाते। युवकों का न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू हो जाता। किराए के मकान में ये गोरखधंधा चल



रहा था। इस गिरोह में दो लड़कियां जेबा और नाजमीन के अलावा असगर,अनवर शामिल हैं। मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। 21 सितंबर को किशनगंज सदर थाने में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवायी गई थी। जिसमें पीड़ित ने कुछ लोगों पर जबरन रुपये लेने का भी आरोप लगाया था। पुलिस पूर्व से ही मामले में अनुसंधान कर रही थी।

वहीं वायरल हो रहे वीडियो पर किशनगंज के एसपी ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। मामले में एसपी सागर कुमार ने बताया कि इस मामले में 21 सितंबर को सदर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। धाराओं में परिवर्तन होता है तो नियम संगत जो भी होगा किया जाएगा। फिलहाल छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है।

सभी को नोटिस किया जा रहा है। एसडीपीओ को केस के सुपरविजन का निर्देश दिया गया है। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। केस का अनुसंधान त्वरित गति से किया जा रहा है। जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने अपील करते हुए कहा है कि वीडियो को प्रसारित ना करें। ये कानून संगत नहीं है।

# डायल 112 की टीम को पटक-पटक कर पीटा, 2 गिरफ्तार



महानगर नेटवर्क

नवादा

नवादा में कुछ बदमाशों ने गश्ती पर निकली पुलिस टीम के साथ मारपीट की। बदमाशों ने डायल 112 की जीप के ड्राइवर को पटक-पटक कर पीटा। घटना जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र की है जहां डायल टीम के साथ उपद्रवियों ने मारपीट की। इसमें ईआरवी-01 डायल 112 की टीम के इंचार्ज पीटीसी समेत तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में एक महिला पुलिसकर्मी और ड्राइवर शक्ति कुमार शामिल हैं। उपद्रवियों द्वारा घटना के क्रम में वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस की टीम जैसे तैसे जान बचाकर भागी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घटना 24 सितम्बर की बताई जा रही है। शाम करीब 5:10 बजे नवादा-नारदीगंज मार्ग पर फाजिलपुर गांव के समीप घटना घटी। नवादा पुलिस की एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों में से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी गिरफ्तारी नालंदा व नवादा जिले में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करते हुए की गई।

**व्यापार**

# क्रेडिट कार्ड से लोगों ने बनाई दूरी

## डिस्काउंट और ऑफर भी नहीं लुभा पा रहे ग्राहकों को

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था। मगर, अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की सख्ती और नए नियमों के चलते क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम हो रहा है। क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है।

**क्रेडिट कार्ड खर्च की वृद्धि दर में गिरावट**

मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से



खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी, जो वित्त वर्ष 2023 में घटकर 47.5 फीसदी हो गई। इसके बाद वित्त वर्ष 2024 में यह आंकड़ा और कम होकर 27.8 फीसदी तक पहुंच गया। इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर मात्र 16.6 फीसदी रह गई है। RBI द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का असर क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

**फेस्टिव सीजन में भी कमी**

हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था लेकिन इस साल ऐसा दिखाई नहीं दे रहा है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2022 में खर्च में भारी वृद्धि देखी गई थी लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है, जबकि एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा। मैक्वेरी रिसर्च ने कहा है कि RBI के नए नियमों और कड़ी जांच के प्रभाव से क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी।

# पीएनबी मल्टी-करेंसी वर्ल्ड ट्रैवल कार्ड से बनाएं दुनिया घूमना आसान




**मुंबई।** इस विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नेशनल बैंक अपने ग्राहकों को बिना मुद्रा (करेंसी) प्रबंधन की चिंता किए दुनिया के विविध परिदृश्यों और संस्कृतियों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। चाहे वह न्यूयॉर्क की हलचल भरी सड़कें हों, वेनिस की रोमांटिक नहरें, लंदन के शाही स्थल, दुबई का भविष्य को दर्शाता क्षितिज, कनाडाई रॉकी की ताज़ी पहाड़ी हवा, या चाइनाटाउन के जीवंत बाजार हों, यात्री अब पीएनबी मल्टी-करेंसी वर्ल्ड ट्रैवल कार्ड के जरिए इन गंतव्यों का भ्रमण बिना किसी परेशानी के कर सकते हैं।

### एक कार्ड, कई मुद्राएं

पीएनबी मल्टी-करेंसी वर्ल्ड ट्रैवल कार्ड में छह प्रमुख विदेशी मुद्राए लोड की जा सकती है: अमेरिकी डॉलर (यूएसडी), यूरो (ईयूआर), ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग (जीबीपी), यूएई दिरहम (एईडी), कैनेडियन डॉलर (सीएडी) और सिंगापुर डॉलर (एसजीडी)। यह कार्ड ,ग्राहकों को एक ही कार्ड पर कई मुद्राओं को सहजता से ले जाने और उसे स्विच करने की अनुमति देता है, विभिन्न गंतव्यों पर जाने पर कई कार्ड रखने व संभालने की आवश्यकता या परेशानी को समाप्त करता है।

# देश में इस साल जनवरी से जून के दौरान 47.8 लाख विदेशी सैलानी आए

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

देश में इस साल जनवरी से जून के बीच लगभग 47.8 लाख विदेशी पर्यटक आए हैं। पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश और अमेरिका से सबसे ज्यादा पर्यटक भारत आए। हालांकि, यह संख्या अभी भी कोविड महामारी से पहले के स्तर से कम है। इस साल जून में 7,06,045 विदेशी पर्यटक भारत आए, जो जून 2023 की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है लेकिन जून 2019 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम है।

**पहली छमाही में पर्यटकों की वृद्धि**

मंत्रालय के अनुसार इस साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में कुल 47,78,374 विदेशी पर्यटक आए, जो पिछले साल की समान अवधि में आए 43,80,239 पर्यटकों से 9.1 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यह संख्या कोविड महामारी से पहले 2019 में आए 52,96,025 पर्यटकों की तुलना में 9.8 प्रतिशत कम है।



### बांग्लादेश और अमेरिका से आए सबसे ज्यादा पर्यटक

आंकड़ों के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में आने वाले विदेशी पर्यटकों में 21.55 प्रतिशत बांग्लादेश से, 17.56 प्रतिशत अमेरिका से, 9.82 प्रतिशत ब्रिटेन से, 4.5 प्रतिशत कनाडा से और 4.32 प्रतिशत ऑस्ट्रेलिया से थे।

# ज़ेलियो ईबाइक्स ने लांच की 'मिस्ट्री' हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर

**मुंबई।** भारत के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में उभरती कंपनी ज़ेलियो ईबाइक्स ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर 'मिस्' को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर है जिसे राइड के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह स्कूटर केवल 81,999 रूपए की कीमत पर उपलब्ध होगी। मिस्ट्री अपने दमदार परफॉरमेंस और सस्टेनेबल मोबिलिटी का जबरदस्त कॉम्बिनेशन है, जो शहरी और पर्यावरण के प्रति जागरूक राइडर्स दोनों के लिए बेहतर साबित होगी। यह स्कूटर 72V/29AH लिथियम-आयन बैटरी और एक पावरफुल 72V मोटर से लैस है, जो एक बार चार्ज करने पर 100 किमी की बेहतरीन रेंज और 70 किमी/घंटा की टॉप स्पीड देती है, इसी वजह से इसे रोजाना राइड करने वालों के लिए एक बढ़िया ऑप्शन माना जा सकता है। मिस्ट्री का वजन 120 किलोग्राम है और यह 180 किग्रा की लोडिंग कैपेसिटी के साथ आयी है जिसकी बिल्ड क्वालिटी की मजबूती को लेकर दावा किया गया है। यह पर्सनल और लोड ले जाने वाली सवारी दोनों के लिए बढ़िया ऑप्शन है।

# गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने लांच किया एक नया अभियान

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की इकाई गोदरेज एंड बॉयस के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस कारोबार ने एक नया कैम्पेन- 'खुशियों के रखवाले' लॉन्च किया है। यह अभियान एक ऐसे सुरक्षित और संरक्षित घर से जुड़े भावनात्मक मूल्यों पर केंद्रित है, जहां परिवार आराम से रह सकते हैं और मन की शांति का आनंद ले सकते हैं। गोदरेज एंड बॉयस के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस द्वारा हाल ही में किए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण का उद्देश्य शारीरिक और भावनात्मक सुरक्षा और किसी व्यक्ति की समग्र भलाई के बीच संबंध को समझना है। अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुरक्षा कैसे खुशी को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है और रोजमर्रा की जिंदगी में सुरक्षा की हमारी भावना को बढ़ाने के लिए किस तरह के कदम उठाने की जरूरत है।

## पैसे सेव कैशबैक क्रेडिट कार्ड लांच

**मुंबई।** प्रमुख ऑनलाइन कंज्यूमर क्रेडिट मार्केटप्लेस और फ्री क्रेडिट स्कोर प्लेटफॉर्म पैसाबाजार और यस बैंक ने अपने नए को-क्रिएटेड क्रेडिट कार्ड 'यस बैंक पैसाबाजार पैसे सेव 'के लॉन्च की घोषणा की है। पैसे सेव क्रेडिट कार्ड उन कस्टमर्स के लिए है जो अक्सर ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। यह कार्ड सभी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर कैशबैक प्रदान करता है, जिनमें अमेजन, मंत्रा,फ्लिपकार्ट,नायका,स्विगी,जोमेटो,टाटा क्लिक, अजिओ जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स शामिल हैं। इसके अलावा,कस्टमर्स अपने UPI पेमेंट पर लाभ पाने के लिए RuPay कार्ड लेने का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# BSE-NSE ने ट्रांजेक्शन शुल्क में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो यह खबर आपके काम की है। देश के प्रमुख शेयर बाजारों BSE और NSE ने कैश और फ्यूचर ऑप्शन डील के लिए अपने ट्रांजेक्शन शुल्क में बदलाव किया है। सेबी द्वारा शेयर बाजार समेत बाजार के बुनियादी ढांचे से जुड़ी संस्थाओं के सभी सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना अनिवार्य किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। शेयर बाजारों की ओर से जारी अलग-अलग सर्कुलर में कहा गया था कि बदली हुई दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी।

# IPO मार्केट में एक और कंपनी की एंट्री, 440 करोड़ का है फ्रेश इश्यू

**नई दिल्ली।** आईटी सॉल्यूशन एंड सर्विस प्रोवाइड मौरी टेक का आईपीओ आने वाला है। इसके लिए कंपनी ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के साथ प्रारंभिक कागजात दाखिल किए हैं। इसके जरिए 1,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। ड्राफ्ट पेपर के अनुसार, आईपीओ में 440 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 1,060 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। बता दें कि हैदराबाद स्थित कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लॉन्च से पहले प्री-आईपीओ प्लेसमेंट में 88 करोड़ रुपये तक का फंड जुटाने पर भी विचार कर सकती है। यदि कंपनी प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा करने में सफल हो जाती है तो साइज कम कर दी जाएगी।




**कौन-कौन बेच रहा हिस्सेदारी**

आईटी कंपनी में प्रमोटरों की 88.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है और शेष शेयर सार्वजनिक शेयरधारकों के पास हैं। प्रमोटर सुजाई पतुरु और अनिल रेड्डी येरामरेड्डी ऑफर-फॉर-सेल में क्रमशः 615 करोड़ रुपये और 316 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# गायों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराई जमीन

**12 जिलों से 27 हजार 688 हेक्टेयर**

महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी में गायों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने हजारों हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करा लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों से कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 100 फीसदी गोचर भूमि अब कब्जामुक्त हो चुकी है। वहीं अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है।



राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में 27 हजार 688 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाए। सीएम ने जारी आदेश में कहा है कि अतिक्रमण से मुक्त होने वाली जमीन को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाए।

सीएम ने निर्देश दिए हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी जल भराव की स्थिति न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मृत गोवंश को ससम्मान दफनाने की व्यवस्था हो।

# प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**लखनऊ।** विदाई से पहले मानसून यूपी में पूरी तरह से सक्रिय है। शुक्रवार को करीब-करीब पूरे यूपी में जमकर बारिश हुई। बारिश के साथ-साथ हवाएं भी चलीं। उत्तर प्रदेश में मानसून के यू टर्न के नतीजे में पिछले चौबीस घंटे में पूर्वी और तराई इलाके में गरज चमक और तेज हवा के साथ भारी बारिश देखने को मिली। प्रदेश में तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आस-पास के इलाकों में शनिवार को अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 30 जिलों के लिए गरज चमक व तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश के मुताबिक शनिवार को यूपी के तराई, पूर्वी और अवध क्षेत्र के साथ ही बुंदेलखंड के कुछ हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार नमी युक्त पूर्वा हवाएं भी चलेंगी। पिछले चौबीस घंटे में तेज हवाओं संग हुई भारी बारिश के असर से प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। 29 सितंबर से मानसून के कमजोर पड़ने के संकेत हैं।

# यूपी की राजधानी में डेंगू का प्रकोप 24 घंटे में मिले 27 नए केस



महानगर संवाददाता
लखनऊ

राजधानी लखनऊ में डेंगू लगातार अपने पैर पसार रहा है। पिछले 4 दिनों में अब तक 106 मैरिज डेंगू से संक्रमित पाए जा चुके हैं, वहीं 24 घंटे की बात करें तो 27 लोगों में डेंगू की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। इस सितंबर महीने की बात करें तो अब तक कुल 280 लोग डेंगू से संक्रमित मिल चुके हैं। इस दौरान डेंगू से दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। डेंगू के अलावा इस वक्त लखनऊ में मलेरिया और चिकनगुनिया ने भी परेशानी बढ़ा रखी है। शुक्रवार को मलेरिया के चार नए मरीज मिले हैं। कई मरीजों में प्लेटलेट्स भी काफी तेजी से गिर रही है। डेंगू चिकनगुनिया और मलेरिया की समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें लगातार घरों का सर्वे कर रही हैं और मच्छर जनित स्थिति पाए जाने पर लोगों को नोटिस भी दे रही हैं। वहीं अलग-अलग क्षेत्रों में फॉगिंग भी कराई जा रही है।

**अस्पतालों में बेड रिजर्व**

लखनऊ के सीएमओ डॉक्टर एमके अग्रवाल की माने तो पिछले कुछ दिनों में डेंगू के मामले में तेजी आई है पर इसमें अधिकतर ऐसे लोग हैं जो घर पर ही अपना इलाज कर रहे हैं. वहीं गंभीर स्थिति वाले लोगों के लिए अस्पतालों में समुचित व्यवस्थाएं की गई है. सभी अस्पतालों में बेड भी रिजर्व हैं, जहां लोगों का इलाज जारी है. उन्होंने लोगों से अपील की कि रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर घबराएं नहीं, बल्कि डॉक्टर से संपर्क कर अपना इलाज शुरू करे और ज्यादा तरल पदार्थ खाएं जिसमें नारियल पानी, पानी, घर का निकला जूस और इत्यादि लें. सितंबर महीने के दौरान डेंगू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है.

**योगी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का फरमान**

# विधायकों के फोन पर DM और एसपी को कहना होगा 'जी सर'

महानगर संवाददाता
कुशीनगर

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में यूपी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह अपने एक फरमान को लेकर सुर्खियों में हैं। मंत्री ने साफ कर दिया है कि कुशीनगर मंडल में अब से डीएम और एसपी किसी भी जनप्रतिनिधि के फोन के नजरअंदाज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी विधायक का इन अधिकारियों के पास फोन जाता है तो एसपी हो या डीएम उन्हें 'जी सर' कहना पड़ेगा।



ये सुनकर भले ही आपको हैरानी हो लेकिन दिनेश प्रताप सिंह ने इस संबंध में डीएम और और एसपी समेत जनपद के तमाम बड़े अधिकारियों को ये आदेश दिया है। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि कुशीनगर में बीजेपी मण्डल अध्यक्ष के क्षेत्र में जितने भी थाना, तहसील, एसडीएम, तहसीलदार आते हैं उन्हें अपने मोबाइल में मंडलअध्यक्ष का मोबाइल नंबर सेव करना होगा। उन्होंने कहा कि डीएम, एसपी, एडीएम के मोबाइल फोन में भी बीजेपी जिला संगठन के सभी पदाधिकारियों का नंबर सेव होगा। अगर भाजपा का कोई पदाधिकारी फोन करेगा तो उसे फोन उठाना पड़ेगा। यही नहीं अधिकारियों को फोन उठाने के बाद भाई साहब! या 'जी सर' बोलना पड़ेगा। दिनेश सिंह को कुशीनगर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वे कुशीनगर में पदाधिकारियों की बैठक में मंडल के सभी सांसद और विधायकों ने हिस्सा लिया, इस दौरान दिनेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों को ये फरमान सुनाया है।

# ताल प्रसंग में तबला वादन का दिया प्रशिक्षण

महानगर संवाददाता
वाराणसी

इंटरनेशनल म्यूजिक सेंटर की ओर से पद्मविभूषण पं. किशन महाराज की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय तबला कार्यशाला 'ताल प्रसंग शुक्रवार से आरंभ हुई। इसका उद्देश्य पं. किशन महाराज की अमूल्य विरासत को जीवंत रखना और युवा तबला वादकों को उनके ज्ञान से समृद्ध करना है। शुभारंभ मुख्य अतिथि कला प्रकाश के अध्यक्ष अशोक कपूर ने किया। उन्होंने कहा कि पं.किशन महाराज ने तबला वादन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी विरासत हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। संचालन पं. पूरन महाराज ने किया। उन्होंने



तबला के मूल सिद्धांतों, बोल, लय और ताल पर विस्तृत व्याख्यान दिया। तबला के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। इस पर डॉ. ओपी.उपाध्याय, पं. केशव राव नायक, माधव राव केवले, अवन्तिका महाराज, देव नारायण मिश्रा, डॉ. संदीप राव केवले, खुशबू उपाध्याय आदि रहे।

# सपा विधायक के आवास पर बुलडोजर चलाने की तैयारी?

**गढ़ही तालाब को पाटकर अवैध तरीके से बनाया था मकान**

महानगर संवाददाता
भदोही

यूपी में समाजवादी पार्टी के नेताओं की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। भदोही जिले से दो बार के सपा विधायक जाहिद बेग ने गढ़ही तालाब को पाटकर अवैध तरीके से सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से आलीशान मकान बना लिया है। सपा विधायक आवास पर जल्द ही बुलडोजर चलने की तैयारी है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कहा कि सपा विधायक आवास के तालाब पर बने होने की सूचना



मिली है जो अवैध है। विधायक आवास को खाली करवाने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई करके जल्द ही मकान को जमींदोज कर दिया जाएगा।

बता दें कि बेटे जईम बेग के साथ सपा विधायक जाहिद बेग नाबालिग नौकरानी की मौत और बाल बंधुआ मजदूर व मानव तस्करी के बाबत जेल में निरुद्ध हैं। वहीं उनकी पत्नी शाहिस्ता उर्फ सीमा बेग अभी भी फरार चल रही है. भदोही शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मालिकाना स्थित सपा विधायक जाहिद बेग के आलीशान आवास में बीते हफ्ते नाबालिग नौकरानी का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका शव मिला था और वहीं एक अन्य मासूम नाबालिग नौकरानी को पुलिस और प्रशासन व बाल कल्याण समिति की संयुक्त टीम ने आज़ाद कराया था।

# रेल हादसों के बाद रेलवे शुरू करेगा ऑपरेशन संवाद

महानगर संवाददाता
लखनऊ

पिछले कुछ दिनों में रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर-डेटोनेटर और पत्थर समेत अन्य सामान रखकर ट्रेनों को पलटाने की साजिश के मामले सामने आने के बाद से रेल महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे ने अब ऑपरेशन संवाद शुरू करने का फैसला किया है।

इसके तहत रेल कर्मचारियों व रेलवे पुलिस की टीम अब रेलवे ट्रैक के पास स्थित गांवों और बस्तियों में जाकर वहां रहने वाले लोगों से संवाद करेंगी और उनसे



मदद मांगेगी। रेलवे के अफसरों का मानना है कि ट्रैक के आस-पास रहने वाले लोग अगर अलर्ट मोड में रहेंगे और संदिग्ध लोगों पर नजर रखेंगे तो न सिर्फ ट्रेनों को डिरेल करने की साजिशें बेनकाब होंगी, बल्कि आए दिन होने वाली सनसनीखेज घटनाओं पर अंकुश भी लग सकेगा।

# संपत्ति का ब्योरा देने में पीछे हैं इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

देश भर के 25 हाईकोर्ट में 749 न्यायाधीश हैं लेकिन इनमें से केवल 98 जजों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा संबंधित प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक किया है। जो कुल संख्या का केवल 13 फीसदी है। हैरानी की बात है कि बाकी जजों ने आदेश के बावजूद अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक नहीं है। देश के कमोवेश सभी हाईकोर्ट के जजों की यही स्थिति हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड भी मामले में पीछे नहीं हैं। दोनों ही राज्यों के एक भी जज ने अपनी संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट में वर्तमान समय में 84 जज हैं।



**उत्तराखंड में कितने जजों ने दिया संपत्ति का ब्योरा**

इसी तरह अगर उत्तराखंड हाईकोर्ट की बात की जाए तो यहां कुल सात जज हैं। इन सात न्यायाधीशों में से भी किसी ने अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। इन सभी जजों के नाम के आगे भी नो मेंशन लिखा है। जजों की संपत्ति के ब्योरे में उनकी चल और अचल संपत्ति के साथ पति/पत्नी और उनके आश्रितों की संपत्ति की भी जानकारी देना भी शामिल हैं। इनमें शेयर, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक बैलेंस, बॉन्ड और इंश्योरेंस पॉलिसी की जानकारी शामिल हैं।

लेकिन इनमें से किसी की भी संपत्ति की जानकारी पब्लिक डोमेन में नहीं है। वेबसाइट पर इनके आगे नो मेंशन का ज़िक्र किया गया है।

इस मामले में केरल हाईकोर्ट सबसे आगे हैं। केरल हाईकोर्ट में वर्तमान समय में 39 जज हैं, जिनमें से 37 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया है। वहीं पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के भी 55 में से 31 न्यायाधीशों ने संपत्ति की जानकारी दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के 39 में से 11 न्यायाधीशों ने संपत्ति का ब्योरा दिया है। वहीं दूसरी तरफ बॉम्बे हाईकोर्ट से लेकर कलकत्ता, राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत देश के अन्य 18 हाईकोर्ट के किसी भी जज ने अपनी संपत्ति की जानकारी नहीं दी है।

# मिल्कीपुर में चंद्रशेखर आजाद ने रणधीर भारती पर लगाया दांव

महानगर संवाददाता
अयोध्या

उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर आजाद समाज पार्टी ने 5वीं विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मिल्कीपुर विधानसभा सीट से चंद्रशेखर आजाद ने रणधीर भारती कोरी पर बड़ा दांव लगाया गया है। उनके नाम की शनिवार को घोषणा कर दी गई। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कह दिया गया है कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी ताकत लगा दें। यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ने के लिए नगीना लोकसभा से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने सबसे पहले ऐलान किया था। इसके बाद से प्रत्याशियों को घोषित करने का सिलसिला जारी है। चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी अब तक पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इनमें मुजफ्फरनगर लोकसभा की मीरापुर विधानसभा सीट से जाहिद हुसैन, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद सदर से चौधरी सतपाल सिंह, मुरादाबाद जिले की कुंदरकी विधानसभा सीट से हाजी चांद बाबू, मिर्जापुर जिले की मंझवा विधानसभा सीट से धीरेन्द्र मौर्य के नाम पर मुहर लग चुकी है। वहीं मिल्कीपुर विधानसभा सीट से रणधीर भारती पर दांव लगाया है।

**अफजाल अंसारी के गांजे वाले बयान पर रार**

# हिंदू संतों की थाली में न झांकिए : संत जितेंद्रानंद

महानगर संवाददाता
वाराणसी

गाजीपुर के सपा सांसद अफजाल अंसारी द्वारा गांजे को लेकर दिए गए बयान से संत समाज में नराजगी है। अखिल भारतीय संत समिति की राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी और कहा कि संतों की थाली में क्या आ रहा है ये देखने का अधिकार आपको किसी ने नहीं दिया है। कहा अपनी नेतागिरी करिए हिंदू संतों की थाली में न झांकिए।



स्वामी जितेंद्रानंद ने राहुल गांधी को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिया गया बयान गैरजिम्मेदाराना है। अयोध्या में समाज के सभी तबके के लोग पहुंचे थे वहां मजदूर ही नहीं डोमराजा तक को निमंत्रण था अपनी इस अज्ञानता का परिचय उन धूर्त लोगों के बीच दें जिनका सनातन से लेना देना नहीं है। गौरतलब है कि गाजीपुर के समाजवादी पार्टी सांसद अफजाल अंसारी ने गांजा को कानूनी दर्जा दिलाने की मांग की और इसके साथ ही विवादित बयान देते हुए कहा था कि जब शराब और भांग को कानूनी दर्जा प्राप्त है तो गांजे को भी अवैध से वैध किया जाना चाहिए। कहा बड़े बड़े धार्मिक कार्यक्रमों में लोग गांजा पीते हैं कहा साधु संत भी गांजा शौक से पीते है इस पर संत समाज ने आपत्ति जताई है।

# स्कूल की 'तरक्की' के लिए बच्चे की बली पर कांग्रेस नेता स्तब्ध

महानगर संवाददाता
हाथरस

जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या मामले में पुलिस ने घिनौनी घटना का खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी गई। अब इस पर कांग्रेस ने योगी सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा है कि 21वीं सदी के भारत में, 78 साल आजादी के बाद हम ऐसी चीजें देख रहे हैं। हम अपने बच्चों को स्कूल इसलिए भेजते हैं कि वो पढ़े-लिखें और समाज में सुरक्षित रहें।

**क्या बोली कांग्रेस**

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, 'आज ऐसा लगता है कि पिछले कुछ सालों में हमारा देश सदियों पीछे चला गया है। जब स्कूल में खुलेआम भेदभाव किया जाएगा, इतिहास बदला जाएगा, नफरत फैलाई जाएगी बजाय कि स्कूल में विज्ञान पढ़ाया जाए तो स्कूलों में फिर ऐसे ही तंत्र और जादू-टोने की आहुति हमारे बच्चे चढ़ेंगे।' उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध हूं। मेरे पास शब्द नहीं है इस मामले की भर्त्सना करने के लिए। वहीं सहपऊ पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना रासगवां गांव स्थित एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल से संबंधित है।

# शहीद पथ पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार छात्र की मौत

महानगर संवाददाता
लखनऊ

समिट बिल्डिंग के पास शहीद पथ पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार उज्ज्वल राय (24) की मौत हो गई। हादसे के समय वह दोस्त के यहां से लौट रहा था। स्ट्रिप न बंधी होने से हेलमेट निकलकर दूर जा गिरा। कुशीनगर के बलुआ तकिया निवासी देवेन्द्र राय के मुताबिक बेटा उज्ज्वल राय (24) बीबीडी स्थित बीसीसी अपार्टमेंट में रहकर गोमतीनगर स्थित कॉलेज से लैब टेक्नीशियन का कोर्स कर रहा था। मामा विश्वविजय ने बताया कि




शुक्रवार रात उज्ज्वल अपने दोस्त के यहां से बाइक से घर लौट रहा था। रात करीब दो बजे वह समिट बिल्डिंग के पास शहीद पथ पर पहुंचा था तभी एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उसे लोहिया अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में पिता देवेन्द्र और मां नीलम हैं। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह के मुताबिक हादसा कैसे हुआ यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जिस जगह हादसा हुआ है वहां सीसीटीवी नहीं लगा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राहगीरों के मुताबिक हादसे के समय उज्ज्वल ने हेलमेट तो लगाया था पर स्ट्रिप नहीं बंधी थी। स्ट्रिप खुली होने से टक्कर होते ही हेलमेट निकलकर दूर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

# यूपी में ई-रिक्शों पर नकेल कसने की तैयारी

महानगर संवाददाता
वाराणसी

उत्तर प्रदेश में अब डीजल और पेट्रोल वाहनों की तरह ई-रिक्शा के भी आयु सीमा तय होने जा रही है। इस सीमा को तय होने के बाद ई रिक्शा के संचालन की समय सीमा तय हो जाएगी। लंबे समय से ई रिक्शा की बढ़ती संख्या के बीच कई अनफिट ई रिक्शा से होने वाली घटनाएं आज परेशानी का सबब बन गई हैं। अपर परिवहन आयुक्त एके सिंह के मुताबिक परिवहन विभाग ने ई रिक्शा की संचालन आयु को लेकर प्रस्ताव शासन को भेजा है। हालांकि ई रिक्शा के पंजीकरण और आयु पर केंद्र सरकार को निर्णय करना है. पर सूत्रों के माने तो अभी के प्रस्ताव के



मुताबिक ई रिक्शा की उम्र 5 से 7 वर्ष के बीच रखने का प्रस्ताव है और उनकी आयु तय हो जाने के बाद बड़ी संख्या में ई-रिक्शा अनुपयोगी हो सकते हैं। इस मामले में प्रदेश सरकार केंद्र से अनुरोध करेगी। क्योंकि पंजीयन और आयु पर निर्णय केंद्र को ही करना है। आयु तय हो जाने के बाद बड़ी संख्या में अनुपयोगी वाहन बाहर हो जाएंगे और इससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ जाएगी।

# अवैध मस्जिद की दीवार तोड़ने पर जमकर बवाल

महानगर संवाददाता
बरेली

यूपी के बरेली में विवादित धार्मिक स्थल को तोड़े जाने के बवाल मच गया, दिसके बाद दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए. इस दौरान दोनों तरफ से ईट-पत्थर चले और जमकर नारेबाजी हुई. घटना की खबर मिलते हैं बीजेपी विधायक भी मौके पर पहुंच गए और धरने पर बैठ गए. बीजेपी विधायक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की सरपरस्ती में अवैध मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है.

बरेली के क्योलडिया थाना क्षेत्र के ग्राम केलाडांडी में विवादित स्थल पर नमाज पढ़े जाने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों ने उसकी दीवार को तोड़ दिया. जिसके बाद दोनों



पक्षों के लोगों में विवाद हो गया. बताया जा रहा है कि यहां एक कमरा बनाकर उसे मस्जिद का रूप दे दिया गया था, जिसमें लोग नमाज पढ़ने लगे. इस बात का हिंदू समुदाय ने विरोध किया और पुलिस प्रशासन से इसकी शिकायत की.

घटना की खबर मिलते ही एसडीएम नवाबगंज अजय कुमार उपाध्याय और सीओ हर्ष मोदी क्योलडिया थाना, नवाबगंज थाना और हाफिजगंज थाने की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने विवादित स्थल की दीवार तोड़ने वाले 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया और विवादित स्थल की टूटी हुई दीवार बनवाना शुरू कर दिया. जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग और आक्रोशित हो गए और एसडीएम, सीओ का घेराव कर लिया. मौके पर नवाबगंज बीजेपी विधायक एम पी आर्या पहुंचे और प्रशासन के विरोध में धरने पर बैठ गए.

**जबरन ताला तोड़कर अदा की नमाज**

नवाबगंज के एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने विवादित स्थल पर ताला डलवाकर दो होमगार्ड्स को तैनात कर दिया। लेकिन, शुक्रवार को वहां जबरन ताला तोड़कर जुमे की नमाज अदा की गई। जिसके बाद दूसरे पक्ष के लोग भड़क गए और उन्होंने विवादित स्थल की दीवार को तोड़ दिया। इसके बाद हालात बिगड़ गए। दोनों तरफ से खूब ईंट-पत्थर चले।

# पति और बच्चों को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ी महिला

महानगर संवाददाता
बिजनौर

कहते हैं एक महिला के सामने यदि उसके बच्चों या पति पर कोई कितना भी ताकतवर हो और हमला कर दे तो उसके सामने जीवन रक्षक बनकर खड़ी हो जाती है। ऐसा ही हुआ बिजनौर के अमननगर में जहां एक महिला गुलदार से भिड़ गई। हमले में दंपति और उनका बेटा व बेटी भी घायल हुई हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर गुलदार को मौके पर ही मार दिया। शुक्रवार शाम घर से खेत की ओर जा रहे होमगार्ड सुरेंद्र पर गुलदार ने अचानक हमला बोल दिया। यह देख होमगार्ड की पत्नी सीमा ने फावड़े से गुलदार पर ताबड़तोड़



वार कर दिए। वहीं शोर सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और मिलकर गुलदार को मार डाला। इस घटना में घटना में दंपति का बेटा भी घायल हुआ है। वहीं, गांव में सीमा की बहादुरी की चारों ओर चर्चाएं हो रही हैं। वहीं लोगों का कहना था घायल सुरेंद्र सिंह के घर के पीछे आम के बाग में पेड़ों पर दो गुलदार बैठें थे। सुरेंद्र सिंह पर हमला करने वाले गुलदार को ग्रामीणों ने मौके पर ही मार गिराया।

### जम्मू में बोले PM मोदी

# ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है

**महानगर नेटवर्क**

**जम्मू**

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम फेज के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू में एक रैली की। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग 3 परिवारों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी से थक चुके हैं। वे दोबारा वहीं व्यवस्था नहीं चाहते जिसमें नौकरियों में भ्रष्टाचार और भेदभाव हो। जम्मू-कश्मीर के लोग अब आतंकवाद, अलगाववाद और खून-खराबा नहीं चाहते। यहां के लोग शांति चाहते हैं, यहां के लोग अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं और यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लोग भाजपा सरकार चाहते हैं।

रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 28 सितंबर 2016 को आज की रात सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। दुनिया को भारत ने बता दिया था कि ये नया भारत है। यह घर में घुसकर मारता है। आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की तो मोदी तालाब से उन्हें खोज निकालेगा।



**“BJP सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया”**

पीएम मोदी ने कहा कि उस दौर को याद कीजिए, जब सीमा पार से आए दिन गोले बरसते थे। उधर से गोलियां चलती थीं और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब बीजेपी सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए।

# ‘बेटी को जैविक माता-पिता से जोड़ना एक मौलिक अधिकार’

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अपनी पहचान को जैविक माता-पिता से जोड़ना एक मौलिक अधिकार है। न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने हाल ही में कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी लड़ाई नहीं है, बल्कि एक व्यक्तिगत लड़ाई है। यह एक बेटी की अपनी जैविक मां की संतान के रूप में सही पहचान पाने की लड़ाई है और अंततः रिकॉर्ड स्थापित करने की लड़ाई, जिसे उसके जैविक पिता ने अपने पुनर्विवाह के बाद बदल दिया है।' श्वेता ने अपनी पहचान को अपनी जैविक मां से जोड़ने की मांग की थी। उसने कहा कि उसकी सौतेली मां का नाम दसवीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय दर्ज किया गया था, लेकिन वह उस समय वह अपने जैविक पिता और सौतेली मां के साथ रह रही थी। मेरे पिता और मेरी जैविक मां के बीच तलाक हो गया था और वह उस समय बच्ची थी और अपने जैविक पिता और सौतेली मां के साथ रह रही थी। श्वेता ने जब अपनी जैविक मां का नाम आधिकारिक रिकॉर्ड विशेष रूप से दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र में दर्ज करने के लिए सीबीएसई से संपर्क किया तो बोर्ड ने मौजूदा उपनियमों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि फॉर्म भरने के बाद उम्मीदवार के माता-पिता के नाम में संशोधन की अनुमति नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि यह समझा जा सकता है कि वह कितनी दृढ़ता से महसूस करती है कि उसकी पहचान को दस्तावेजों या प्रमाण पत्रों पर भी शामिल किया जाना चाहिए। उसकी यह चाहत भारतीय संदर्भ में इतने मूल्यवान हैं कि उसे उस महिला की बेटी के नाम से जाना जाए जो उसे इस दुनिया में लेकर आई है। अदालत ने कहा, “इस तरह की अनोखी और व्यक्तिगत परिस्थिति में नियमों की कठोरता के परिणामस्वरूप उसे न्याय से अनुचित रूप से वंचित किया जाएगा।

# राहुल गांधी के राम मंदिर वाले बयान पर भड़की बीजेपी

**बताया हिंदुओं का अपमान**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दिए गए एक भाषण पर बीजेपी ने निशाना साधा है। राहुल गांधी ने हरियाणा के चुनावी प्रचार के दौरान अयोध्या के राम मंदिर में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर कहा था कि अमिताभ बच्चन, अडानी-अंबानी को बुलाया, लेकिन एक भी मजदूर, किसान, बढ़ई को नहीं बुलाया। नाच-गाना चल रहा, डांस चल रहा। यही रियलिटी है। इस पर बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस को हिंदुओं का अपमान करने वाला बताया। राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शहजाद पूनावाला ने कहा, "हिंदू आस्था पर करो चोट, ताकि मिले वोटबैंक का वोट। हिंदुओं का अपमान यही कांग्रेस की पहचान। इसी तर्ज पर कांग्रेस और राहुल गांधी लोगों का अपमान करते हैं। आज जब राहुल गांधी कहते हैं कि प्राण प्रतिष्ठा के समय नाच-गाना हो रहा था। राहुल गांधी वही व्यक्ति हैं, जिनकी पार्टी ने प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारा था। यह वही पार्टी है जो हिंदू टेरर कहती है। इस पार्टी के सहयोगी सनातन समाप्त करने की बात करते हैं। रामचरितमानस को गालियां बकते हैं और राम मंदिर को बेकार कहते हैं।"

इसके अलावा, राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने भी राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उनकी (कांग्रेस की) नजर में यह नाटक है, लेकिन भक्तों की नजर में यह उनके भगवान की प्राण प्रतिष्ठा है। इसीलिए राहुल गांधी ने इसे नाटक और नाच-गान कहा...भगवान के लिए इस तरह के बयान देना उचित नहीं है। बता दें कि इस साल की शुरुआत में अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

# कांग्रेस ने जारी किया मेनिफेस्टो

**OPS बहाली, महिलाओं को 2 हजार रुपये देने के साथ वादों की लगाई झड़ी**




**महानगर नेटवर्क**

**चण्डीगढ़**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शनिवार को 40 पन्नों का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे चंडीगढ़ में चुनाव ऑब्जर्वर अशोक गहलोत , प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जारी किया। इस घोषणापत्र में कांग्रेस ने वादा किया है कि महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ ही लोगों को 25 लाख रुपये तक फ्री इलाज का भी वादा किया है।

**OPS बहाली का किया वादा**

घोषणापत्र में कांग्रेस ने वादा किया कि 18 से 60 साल की महिलाओं के खाते में हर महीने 2 हजार रुपये आएंगे। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। वहीं सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम (OPS) को बहाल करने का वादा किया है।

**किसान आयोग का करेंगे गठन**

कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा कि हरियाणा में किसान आयोग का गठन किया जाएगा। MSP की गारंटी के कानून बनाए जाएंगे। किसानों की सिंचाई के लिए एसवाईएल से पानी दिलाने का भी वादा किया है। साथ ही महिला किसानों को विशेष सुविधा देने का भी कांग्रेस ने घोषणा पत्र में वादा किया है।

**दिव्यांगों के लिए अलग बोर्ड बनाने की घोषणा**

दिव्यांगों के लिए प्रदेश में अलग बोर्ड बनाने का कांग्रेस ने वादा किया है और सरकारी नौकरी में दिव्यांगों को नौकरी देने का भी वादा किया है। गुरु गोविंद सिंह जी के नाम से कुरुक्षेत्र जिले में एक यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा की है। वहीं सिंख समुदाय लोगों के लिए गुरुद्वारा सिख प्रबंधक कमेटी के चुनाव कराने की घोषणा की है।

# खरगे ने बेरोजगारी के मुद्दे पर PM मोदी को घेरा

**सिद्दारमैया मामले में भाजपा ने राहुल से पूछा सवाल**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को रोजगार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जबरदस्त हमला बोला है। खरगे ने कहा कि देश में बेरोजगारी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं है। मोदी जी, याद रखिए भारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने छीनने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद यह सरकारी आंकड़ा युवाओं की लाचारी को छुपा नहीं पा रहा है। खरगे ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी जी का सबसे बड़ा योगदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे लिखा कि, नरेंद्र मोदी जी को बताना चाहिए-क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं है?



रंगबिरंगे नारे देने और फोटोबाजी करने के बजाय मोदी जी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया? क्या ये सच नहीं है कि जिन महिलाओं के पास रेग्युलर सैलरी वाली नौकरी है उनकी संख्या अब 7 वर्षों में सबसे कम हो गई है? मात्र 15.9% पर? क्या गांव-देहात में बिना मेहनताने के मजदूरी करने वाली महिलाओं की संख्या 51.9% (2017-18) से बढ़कर अब 67.4% (2023-24) नहीं हुई है, जो ग्रामीण बेरोजगारी को दर्शाता है?

खरगे ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र पर रोजाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले 7 वर्षों में रोजगार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है? ये आँकड़ा 15.85% (2017-18) से लुढ़कर मात्र 11.4% (2023-24) कैसे रह गया? मोदी जी, याद रखिए, भारत का एक-एक युवा जिसके रोजगार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

वहीं दूसरी ओर बीजेपी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मामले को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला है। भाजपा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित कई आपराधिक आरोपों में मामला दर्ज होने से कांग्रेस की पोल खुल गई है। भाजपा ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश के बाद दर्ज की गई और इसमें केंद्रीय एजेंसियों की कोई भूमिका नहीं है।

# MCD चुनाव के खिलाफ सीएम आतिशी का बड़ा ऐलान

**लेंगी ये बड़ा एक्शन**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली नगर निगम में हुए चुनाव को पूरी तरीके से गैर-कानूनी बताया है। उन्होंने एमसीडी की स्थायी समिति के 18वें सदस्य के चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। सीएम ने शनिवार को कहा, “हम इस चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।” उन्होंने कहा कि एमसीडी में शुक्रवार को भाजपा ने जो चुनाव कराया, वह गैरकानूनी है। एमसीडी का संचालन संसद द्वारा पारित ‘दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957’ के तहत किया जाता है।



**‘यह लोकतंत्र और संविधान की हत्या है’**

इस कानून में साफ कहा गया है कि स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव कॉरपोरेशन की बैठक में होगा। उन्होंने आगे कहा, ‘कॉरपोरेशन की बैठक की तारीख, स्थान और समय केवल और केवल मेयर तय कर सकती हैं।

## महालक्ष्मी हत्याकांड में नए खुलासे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में महालक्ष्मी की नृशंस हत्या मामले की जांच कर रही पुलिस ने कुछ नए खुलासे किए हैं। महिला के शव को 59 टुकड़ों में काटने के बाद आरोपी मुक्ति रंजन रॉय ओडिशा के भद्रक तक कैसे पहुंचा, यह भी पता लगा लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुक्ति ने अपने दोनों छोटे भाइयों से इस हत्याकांड के बारे में बात की और उन्होंने उसे वहां से भागने में मदद की थी। छोटा भाई स्मृति रंजन बेंगलुरु के हेब्बागोडी में काम करता था, उसने मुक्ति को शहर छोड़ने के लिए दोपहिया वाहन दिया। दूसरा भाई सत्य रंजन रॉय बेहरामपुर में रहता था, जब आरोपी वहां पहुंचा तो उसने उसे 9 दिनों तक अपने यहां रुकने की व्यवस्था की।

# दिल्ली के वसंत कुंज में बुराड़ी जैसा कांड

**4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने किया सुसाइड**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली के रंगपुरी इलाके में एक पिता ने अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। 50 वर्षीय हीरा लाल परिवार के साथ रंगपुरी इलाके में किराए के मकान में रहता था। उसकी चार बेटियां भी थीं, चारों बेटियां दिव्यांग थीं। दिव्यांग होने के कारण बेटियां कहीं भी जाने में असमर्थ थीं। पत्नी की मौत हो जाने के कारण बेटियों की देखरेख की जिम्मेदारी हीरा लाल के कंधों पर थी। आस पास के लोगों ने हीरा लाल के घर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो सभी के होश उड़ गए। घटना शुक्रवार को दिल्ली के रंगपुरी गांव की है, जहां एक शख्स ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने पर फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को निकाला। चारों बेटियां विकलांग होने की वजह से चलने-फिरने में असमर्थ थीं। डीसीपी रोहित मीना के मुताबिक वसंत कुंज साउथ पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। 50 साल का हीरा लाल परिवार सहित रंगपुरी गांव स्थित किराए के मकान में रहता था। पत्नी की पहले मौत हो गई थी।



**हीरालाल और चार बेटियों ने खाया था ‘मीठा जहर’!**

दिल्ली के वसंत कुंज के रंगपुरी इलाके में सामूहिक सुसाइड केस से हड़कंप मच गया है। जिन पांच लोगों की मौत हुई है उनमें एक शख्स और उसकी चार दिव्यांग बेटियां शामिल हैं। इस बीच मामले में एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें शख्स एक नीले रंग की polythene लिए घर के अंदर जाता नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि पॉलेथिन में मिठाई का डिब्बा था और आशंका जताई जा रही है कि शख्स ने मिठाई में जहर मिलाकर बेटियों को खिलाई होगी जिससे उनकी मौत हो गई। यह सीसीटीवी फुटेज 24 सितंबर का बताया जा रहा है।

## अब काले रंग का हेलमेट ढूंढ़ेगी यूपी पुलिस

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

भैंस, कुत्ता, बकरी ढूंढ़ने को लेकर प्रचलित यूपी पुलिस अब काले रंग का हेलमेट ढूंढ़ेगी। दरअसल लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में एक वकील ने अपने काले रंग के हेलमेट के चोरी की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने वकील की बात को गंभीरता से नहीं लिया और रिपोर्ट लिखने के बजाए उसे टरका दिया। इसके बाद वकील ने कोर्ट की शरण ले ली। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी पड़ी। अब पुलिस को वकील के चोरी हुए हेलमेट को ढूंढ़ना पड़ेगा।

लखनऊ के रहने वाले वकील प्रेम प्रकाश ने बताया कि वह वृंदावन कालोनी में रहते हैं। 17 अगस्त को दोपहर करीब ढाई बजे वह जीपीओ हजरतगंज में एक नोटिस पोस्ट करने गए थे। इस बीच किसी ने उनका हेलमेट चोरी कर लिया। अटल चौक चौकी पहुंचे तो दारोगा राहुल सिंह ने दो सिपाही भेजे। सीसी फुटेज में दो युवक हेलमेट ले जाते दिखे। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो दारोगा ने टालमटोल करके लौटा दिया। फिर अगले दिन बुलाया पर मुकदमा नहीं दर्ज किया। इसके बाद छुट्टी का हवाला देकर चले गए। मिलना बंद कर दिया। पुलिस आयुक्त को मेल पर शिकायत की। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हेलमेट चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए दरोगा राहुल सिंह 14 दिन से दौड़ा रहे थे। इसके बाद वकील ने यूपी कॉप एप पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

# हिजबुल्लाह के साथ खड़े हों मुसलमान

**नसरल्लाह की मौत के बाद खामेनेई की अपील**

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने मुसलमानों के एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने शनिवार को मुसलमानों से गुहार लगाई कि वे लेबनान के लोगों और हिजबुल्लाह के साथ खड़े हों। साथ ही, इजरायल की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि दुष्ट शासन का मुकाबला करने में उनकी सहायता करें। खामेनेई का यह बयान इजरायली हमले में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद आया है। उन्होंने अपने बयान में कहा, 'इस इलाके का भाग्य प्रतिरोध की ताकतों की ओर से तय किया जाएगा, जिसमें हिजबुल्लाह सबसे आगे रहेगा।'

अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल का जिक्र करते हुए कहा कि ज़ायोनी अपराधी हिजबुल्लाह को नुकसान पहुंचाने के लिए बहुत छोटे हैं। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ज़ायोनी अपराधियों को मालूम होना चाहिए कि वे लेबनान में हिजबुल्लाह की मजबूत संरचना को नुकसान पहुंचाने के लिए बहुत छोटे हैं। यहां की सभी प्रतिरोध ताकतें हिजबुल्लाह के साथ खड़ी हैं और उसके समर्थन में हैं।' इजरायली सेना को चेतावनी देते हुए खामेनेई ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सामूहिक हत्या प्रतिरोध की मजबूत संरचना को



प्रभावित नहीं कर सकती और न ही इसे नष्ट किया जा सकता है।

**खामेनेई ने याद दिलाई हिजबुल्लाह की पावर**

ईरान के सर्वोच्च नेता ने एक्स पर एक के बाद एक कई सारे पोस्ट किए हैं। ऐसे ही एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'लेबनान के लोग यह नहीं भूले हैं कि एक समय था जब कब्जे वाले शासन के सैनिक बेरूत की ओर बढ़ रहे थे।

**हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह मारा गया**

इजरायल ने शनिवार को दावा किया कि बेरूत पर इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह को मारा गया है। इजरायल रक्षा बल (IDF) ने बयान जारी कर कहा, 'शुक्रवार को इजरायल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के नेता और इसके संस्थापकों में से एक हसन नसरल्लाह मारा गया।

# हर महीने की 18 तारीख को “राष्ट्रीय बीपी स्क्रीनिंग दिवस”

**नई दिल्ली।** हृदय रोग के प्रबंधन में अग्रणी ग्लेनमार्क ने गेटवे ऑफ इंडिया पर उच्च रक्तचाप जागरूकता अभियान“टेक चार्ज @ 18” की शुरुआत की। यह पहल, 18 साल की उम्र से ही रक्तचाप की निगरानी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है। एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया ने हर महीने की 18 तारीख को “टेक चार्ज ऐट 18 (18 साल की उम्र में अपना ज़िम्मा लें)-बीपी स्क्रीनिंग दिवस”के रूप में मनाने की घोषणा की है जिसके तहत 18 साल और इससे अधिक उम्र के सभी लोगों के लिए ब्लड प्रेशर की



नियमित जांच को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह गठजोड़ ग्लेनमार्क और एपीआई की हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता और निदान के बारे में जानकारी बढ़ाने के संबंध में उल्लेखनीय प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है। इस अभियान का उदघाटन 2 घंटे के 3डी वीडियो प्रोजेक्शन के साथ हुआ, जिसमें शुरुआती दौर में ही रक्तचाप निगरानी के महत्वपूर्ण महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। यह नवोन्मेषी डिस्प्ले एक शक्तिशाली माध्यम की भूमिका अदा करता है, जो अपनी ओर से पहल करने के लिए प्रेरित करता है और हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को शिक्षित करने के अभियान के प्रति प्रतिबद्धता को और दृढ़ करता है। इस प्रभावशाली कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया, जिसे विभिन्न प्लेटफार्मों के ज़रिये 100,000 से अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों ने देखा।

# रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापित करने के विरोध में मुसलमान



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह के पास रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापित करने को लेकर घमासान मचा हुआ है। मुस्लिम समाज यहां मूर्ति स्थापित किए जाने से नाराज है। भारी सुरक्षा व्यवस्था में शनिवार को एक बार फिर यहां मूर्ति स्थापित करने के लिए काम शुरू कर दिया गया। गुरुवार शाम यहां भीड़ के उग्र होने के बाद शुक्रवार को काम रोक दिया गया था। आखिर क्यों यहां मूर्ति लगाई जा रही है, मुस्लिम समाज को क्यों आपत्ति है, आइए आपको पूरी बात बताते हैं।

**विरोध करने पहुंची भीड़**

गुरुवार शाम को ईदगाह के पास लगे पुलिस बैरिकेड को बड़ी संख्या में लोगों ने तोड़ दिया। सुरक्षाकर्मियों से धक्का मुक्की भी की। इस दौरान पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अपने-अपने घरों को जाने के लिए कहा, लेकिन कोई नहीं माना। बड़ी मुश्किल से भीड़ तितर-बितर हुई। फिलहाल स्थानीय अमन कमेटी की बैठक से माहौल सामान्य रखने की कोशिश जारी है।

# ‘RSS वालों पर दया आती है, अब सिर्फ दरियां बिछाते हैं’

**केजरीवाल का पीएम मोदी पर जोरदार हमला**

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला है। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में कई लोग ऐसे है जिनको प्रचारक कहते है। इन लोगों अपनी पूरी जिंदगी आरएसएस को समर्पित कर दी। जब वे घर-घर जाते होंगे तो क्या कहते होंगे। कैसे जनता का सामना करते होंगे। जिस आदमी पर प्रधानमंत्री मोदी ने दो दिन पहले 70 हजार करोड़ के घोटाले आरोप लगाया। सभी बीजेपी



और आरएसएस लोगों ने सोशल मीडिया पर इसका खूब प्रचार प्रसार किया। पांच दिन बाद में पीएम मोदी ने उस आदमी को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। केजरीवाल ने आगे कहा कि मैं पूछना चाहता हूं आरएसएस और बीजेपी वालों से, जब आप अपनी घर और मोहल्ले में जाएंगे तो क्या कहेंगे। पूर्व सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे आरएसएस वालों पर ज्यादा दया आती है। उन्होंने पूरी जिंदगी RSS को दे दी लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलती। दूसरी पार्टी छोड़कर बीजेपी में आने वालों को चुनाव के लिए टिकट दिया जाता है। आरएसएस वाले अब सिर्फ दरियां बिछाते हैं, कभी BJP के लिए, कभी NCP और शिवसेना से आए नेताओं के लिए तो कभी किसी नेता के लिए। केजरीवाल ने आगे कहा कि इसके अलावा इन्होंने कई सरकारों की चोरी की है। सरकारों को गिराया, उनको उखाड़कर फैकने का काम किया। मार्च 2016 से मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री मोदी ने 13 राज्य सरकारों को 15 बार गिराने की कोशिश की और 10 सरकारों को गिराने में कामयाब हो गए। ये सरकारों की चोरी है।

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया बड़ा ऐलान

**रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल लीडर कोल्ड वार ‘पहले मैं-पहले मैं’ में बदलती नजर आ रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के पीएम मोदी से पहले खुद को लोगों के दिमाग में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने ट्रंप टॉवर में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने यूक्रेन-रूस जंग मामला जल्द सुलझाने के प्रति आश्वासन दिया। ट्रंप ने कहा कि उनका पुतिन के साथ भी अच्छा रिश्ता था। ज़ेलेंस्की ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों का विचार साझा है कि युद्ध खत्म होना



चाहिए और यूक्रेन को हार नहीं मानना चाहिए। अहम बात है कि यह बैठक उस समय हुई है जब चिंता व्यक्त की जा रही है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत से यूएस की सैन्य सहायता पर खतरा मंडरा सकता है। ज़ेलेंस्की ने बैठक को “बहुत उत्पादक” बताते हुए यूक्रेन की जीत की योजना के विवरण शेयर किए। हालांकि, ट्रंप ने अपनी चुनावी प्रचार के दौरान ज़ेलेंस्की की आलोचना की, यह सवाल उठाते हुए कि क्या वह युद्ध समाप्त कर सकते हैं।

# द्वादशी श्राद्ध के तर्पण से पितरों को मिलती है शांति

द्वादशी श्राद्ध, पितृ पक्ष के 12वें दिन किया जाता है। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपने जीवनकाल में सन्यासी बन गए थे उनके लिए द्वादशी श्राद्ध का विशेष महत्व होता है। यह माना जाता है कि द्वादशी श्राद्ध करने से पितृ दोष दूर होता है और पितरों को शांति मिलती है। पितृ देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और मन की शांति के साथ आत्मिक शांति प्राप्त होती है। जिन लोगों के परिवार में कोई व्यक्ति सन्यासी हुआ हो या जिस परिवार पर पितृ दोष हो उन्हें इस दिन श्राद्ध कर्म जरूर करना चाहिए। जो लोग अपने पितरों को शांति देना चाहते हैं वो भी ये श्राद्ध कर सकते हैं। पितृ पक्ष का समय अपने पूर्वजों को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का होता है। द्वादशी तिथि को बहुत शुभ माना जाता है और इस दिन किए गए कार्य फलदायी होते हैं।



### श्राद्ध अनुष्ठान समय

द्वादशी तिथि सितम्बर 28, 2024 को 02:49 पी एम बजे से प्रारंभ हो रही है जो सितम्बर 29, 2024 को 04:47 पी एम बजे तक रहेगी। इस साल द्वादशी का श्राद्ध कर्म रविवार, सितम्बर 29 को ही किया जाएगा। आप तर्पण का समय भी जान लें। श्राद्ध कर्म कुतुप, रौहिण मुहूर्त में करना चाहिए या आप अपराह्न काल में भी कर सकते हैं।

कुतुप मूहूर्त - 11:47 ए एम से 12:35 पी एम
अवधि - 00 घण्टे 48 मिनट
रौहिण मूहूर्त - 12:35 पी एम से 01:23 पी एम
अवधि - 00 घण्टे 48 मिनट
अपराह्न काल - 01:23 पी एम से 03:46 पी एम
अवधि - 02 घण्टे 23 मिनट

### द्वादशी श्राद्ध करने की विधि

- तर्पण के लिए जल में मिश्री और तिल मिलाएं
- तर्पण करते समय पितरों का नाम लें
- तर्पण के लिए अंगूठे का इस्तेमाल करें
- तर्पण के लिए कुशा की जूड़ी का इस्तेमाल करें
- तर्पण के लिए पीपल के पेड़ के नीचे जूड़ी स्थापित करें
- तर्पण के लिए पूर्व दिशा में मुंह करें
- तर्पण के लिए कुतुप काल, रोहिण काल, या अपराह्न काल का समय चुनें
- तर्पण के लिए गंगाजल का इस्तेमाल करें
- तर्पण के बाद चंदन और तुलसी पत्र समर्पित करें
- तर्पण के बाद पितरों के निमित्त भागवत गीता के दसवें अध्याय का पाठ करें
- तर्पण के बाद दान-पुण्य करें
- तर्पण के बाद ब्राह्मणों को भोजन कराएं
- तर्पण के बाद कौआ, गाय, कुत्ता, और चींटियों को भोजन खिलाएं

# पितृ पक्ष के दौरान इन जगहों पर जलाएं दीपक...

सनातन धर्म में दीपक को बड़ा महत्व दिया जाता है। रोज घर में दीपक या जोत जलाना बेहद शुभ माना जाता है। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में दीपक जरूर जलाया जाता है। पितृ पक्ष में 15 दिन पितरों को समर्पित होते हैं। पितृ पक्ष के दौरान पितरों को प्रसन्न करने के लिए रोज दीपक जलाना भी बहुत जरूरी होता है। ऐसा करने से वे खुश होकर अपने परिजनों को आशीर्वाद देते हैं और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। दरअसल, देवताओं के साथ-साथ पितरों का भी आशीर्वाद हमारे लिए बहुत जरूरी होता है। अगर आप अपने पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं तो आपको पितृ पक्ष के दिनों में रोजाना इन 4 स्थानों पर दीपक जरूर जलाना चाहिए।

आइए जानते हैं ये जगहें कौन सी हैं। पितृ पक्ष के दौरान रोजाना शाम को पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जरूर जलाना चाहिए। इस दीपक में काला तिल और सरसों का तेल होना चाहिए। मान्यता है कि पीपल के पेड़ पर देवी-देवताओं के साथ पितरों का भी वास होता है। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान यहां दीपक जलाने से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है। पितृ पक्ष में घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस स्थान पर शाम के समय दीपक जरूर जलाएं। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा चली जाती है। साथ ही पितृ प्रसन्न होकर अपने परिजनों को सदैव सुखी और संपन्न रहने का आशीर्वाद देते हैं।



### पितरों की तस्वीर

आपने घर में जिस स्थान पर अपने पितरों की तस्वीर लगाई है उसके सामने भी दीपक जलाना जरूरी होता है। पितृ पक्ष के दौरान इस उपाय को करने से आपके पितर कृपा बरसाते हैं और आपके घर में कभी अन्न और धन की कमी नहीं होती है।

### घर का ईशान कोण

पितृ पक्ष के दौरान घर के ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) में गाय के घी का दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। पूरे 15 दिनों तक इस उपाय को करने से आपके घर में सुख और सुविधाएं बढ़ने लगती हैं। साथ ही जीवन में सुकून भी बढ़ता है।

# वास्तु के इन उपायों से घर आएगी सुख-समृद्धि



हिंदू धर्म में जीवन के हर पहलू में वास्तु का बड़ा महत्व है। वास्तु के अनुसार, जीवन में किए गए छोटे-छोटे शुभ कार्यों से सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है और जातक का भाग्य चमकने लगता है। व्यक्ति को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। साथ ही जीवन सुख-सुविधाओं और खुशहाली में व्यतीत होता है। घर में सकारात्मक ऊर्जा और धन-संपन्नता के लिए वास्तु के कुछ उपाय बहुत लाभकारी माने जाते हैं। इन उपायों से जीवन की हर एक बाधा दूर की जा सकती है। चलिए जानते हैं।

**तुलसी के पौधे के पास दीपक जलाएं:** रोजाना तुलसी के पौधे पर जल चढ़ाने और शाम को दीपक जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है। धार्मिक मान्यता है कि इससे जातकों को जीवन में कभी भी धन की तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है और जीवन सुख-सुविधाओं से भरपूर रहता है।

**कुबेर यंत्र स्थापित करें:** घर के उत्तर-पूर्व कोने में कुबेर यंत्र स्थापित करना बेहद मंगलकारी माना जाता है। वास्तु के मुताबिक, घर में कुबेर यंत्र होने से सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। लेकिन वास्तु के इन नियमों का पालन करने के साथ धन का प्रबंधन भी समझदारी से करें।

**गंगाजल छिड़के:** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, घर की दरिद्रता को दूर करने के लिए रोजाना घर के उत्तर-पूर्व कोने में गंगाजल का छिड़काव करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक स्थित मजबूत होती है।

**तिजोरी रखने की दिशा:** धन-दौलत में बढ़ोत्तरी के लिए घर की अलमारी रखते समय वास्तु का खास ध्यान रखना चाहिए। घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में अलमारी या तिजोरी रखने से धन-संपदा में वृद्धि होती है और व्यक्ति आर्थिक रूप से सुखी और संपन्न रहता है।

# अरबी सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं सेहत के लिए भी फायदेमंद



जमीन के नीचे कई तरह की सब्जियां उगती हैं, उन्हीं में से एक है अरबी (Taro)। अरबी ना सिर्फ स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत को भी कई तरह से फायदा पहुंचाती है। अरबी में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, फोलेट, विटामिंस, पोटैशियम, कैल्शियम, आयरन, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस की मात्रा भरपूर होती है। न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा ने अपने इंस्टाग्राम पर अरबी के फायदों को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। आइए जानते हैं अरबी खाने से सेहत (Arbi) को क्या-क्या लाभ होते हैं।

### अरबी ब्लड शुगर लेवल करे कंट्रोल-

जब आप अरबी का सेवन करते हैं तो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। अरब की सब्जी में स्टार्च भरपूर होता है। इसमें दो प्रकार के कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो रक्त शर्करा को मैनेज करने में फायदेमंद होते हैं। फाइबर और रेसिस्टेंट स्टार्च पाचन को धीमा करने में मदद करते हैं। इस प्रकार भोजन करने के बाद अधिक मात्रा में शुगर लेवल को बढ़ने से रोकता है।

### अरबी एंटी-कैंसर प्रॉपर्टीज से भरपूर-

अरबी के सेवन से आप कई तरह के कैंसर से बचे रह सकते हैं। दरअसल, इसमें एंटी-कैंसर प्रॉपर्टीज होती हैं, जो कैंसर की कोशिकाओं को शरीर में डेवलप होने से रोकती हैं। इसमें प्लांट-बेस्ड कम्मपाउंड पॉलीफेनॉल्स होता है, जो कई तरह के सेहत लाभ देता है। इस तरह से यह कैंसर के होने के जोखिम को भी कम करता है। मुख्य पॉलीफेनॉल्स जो अरबी में पाया जाता है, वे है क्वेरसेटिन। ये शरीर को फ्री रैडिकल डैमेज से बचाते हैं। यह कैंसर के रिस्क को बढ़ाता है।



### अरबी पेट को रखे हेल्दी-

अरबी की सब्जी खाने से पेट की सेहत दुरुस्त रहती है। अरबी में मौजूद फाइबर और रेसिस्टेंट स्टार्च पेट में मौजूद बैक्टीरिया द्वारा फर्मेंट होते हैं, ताकि शॉर्ट-चेन फैटी एसिड का निर्माण कर सकें। ये कोलोन कैंसर, इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज से आपको बचाए रख सकते हैं। ऐसे में हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।

### अरबी आंखों को रखे हेल्दी-

अरबी में एंटीऑक्सीडेंच बीटा-कैरोटीन और क्रिप्टोजैनथिन होते हैं, जो आंखों की रोशनी को बढ़ाते हैं। यह आंखों की सेहत को बूस्ट करते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों में मौजूद कोशिकाओं की उम्र को बढ़ने नहीं देते हैं, जिससे मोतियाबिंद और मैकुलर डिजनरेशन की समस्या से बचाव होता है। अरबी के नियमित सेवन से आंखों को लंबी उम्र तक स्वस्थ रख सकते हैं।

### ब्लड प्रेशर करे कंट्रोल, इम्यूनिटी हो मजबूत-

यदि आपका रक्तचाप हाई रहता है तो आप अरबी का सेवन कर सकते हैं। इस सब्जी और इसके पत्तों में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। विटामिन सी और ई से भरपूर अरबी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। इसे आप डाइट में शामिल करके हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं। साथ ही इम्यूनिटी को मजबूत बनाकर कई गंभीर रोगों और इंफेक्शन से बचे रह सकते हैं।

# आंखें खोलकर क्यों सोते हैं बच्चे ?

## ये हैं कारण और उपचार

एक नई मां के मन को उसके नवजात शिशु से जुड़े कई सवाल दिन-रात परेशान करते रहते हैं। यह सभी सवाल बच्चे के खाने पीने से लेकर स्लीपिंग पैटर्न तक से जुड़े हुए हो सकते हैं। लेकिन इन सवालों से हटकर कई बार बहुत सारी मांएं अपने बच्चे को लेकर यह शिकायत करती हैं कि उनका बच्चा अपनी आंख खोलकर सोता है। मेडिकल भाषा में इस समस्या को नोकटर्नल लैगोफथाल्मोस के नाम से जाना जाता है। आइए जानते हैं आखिर बच्चों के आंख खोलकर सोने के पीछे क्या है कारण, नुकसान और उसका सही उपचार।

आंख खोलकर सोने के कारण- इस विषय पर हुए शोध की मानें तो बच्चों में खुली आंखों से सोने की आदत ज्यादातर उनके परिवार से आती है। अगर पेरेंट्स में से किसी एक को भी ये आदत है तो यह आदत बच्चे में भी आ जाती है। डॉक्टर्स की मानें तो कई बार चेहरे की कुछ नसों में दिक्कत होने पर भी बच्चों को ये परेशानी हो सकती है। लंबे समय से अगर आपका बच्चा इसी तरह सो रहा है तो डॉक्टर्स से सलाह जरुर लें। कई बार यूरोफेशियल सिंड्रोम का शिकार होने पर भी बच्चे में इस तरह की समस्या देखी जा सकती है। कई बार बेल्स पाल्सी के कारण भी बच्चों की आंखें खुली रहती हैं। इस स्थिति में चेहरे की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। जिसकी वजह से आंखों की पलकों को खोलने में दिक्कत महसूस हो सकती है।

### आंख खोलकर सोने से बच्चे को होने वाले नुकसान

जो बच्चे आंख खोलकर सोते हैं उन्हें भविष्य में धुंधला दिखने की समस्या हो सकती है। ऐसे बच्चों को साफ देखने में परेशानी महसूस हो सकती है। दूसरा, जो बच्चे आंख खोलकर सोते हैं उन्हें अपनी आंखों में थकान महसूस हो सकती है। जिसकी वजह से उनकी आंखें थकी हुई लग सकती हैं। आंखें खोलकर सोने से बच्चों को आंखों में तेज दर्द के साथ भारीपन भी महसूस हो सकता है। आंखें खोलकर सोने वाले बच्चों को गहरी नींद नहीं आती है, जिसकी वजह से वो ज्यादातर समय उलझन और चिड़चिड़ापन महसूस करते हैं। आंखे खोलकर सोने से बच्चों की आंखों को आराम नहीं मिल पाता और वो लाल हो सकती हैं।




### ऐसे रखें बच्चों का ख्याल

आंख खोलकर सोते हुए बच्चों की पलकों को धीरे से बंद करने की कोशिश करें। आंखों को नमी देने के लिए कुछ आई ड्रॉप्स की मदद से भी यह समस्या दूर कर सकते हैं। 18 महीने तक बच्चों में ये समस्या आम रहती है जिससे बच्चे को कोई खतरा नहीं है। इस दौरान औसतन बच्चे इसी तरह सूकून की नींद सोते हैं। जन्म के अगले 18 महीनों के बाद भी अगर बच्चे इसी पैटर्न में सोते हैं तो उन्हें बच्चों के डॉक्टर के पास लेकर जाएं।

# निकले हुए पेट को वापस शेप में लाने के लिए रोजाना करें

# चतुरंग दंडासन



निकला हुआ पेट न सिर्फ आपकी पर्सनालिटी खराब करता है बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी कम कर देता है। लोग अपनी बॉडी को टोन और शेप में रखने के लिए कई तरह के जतन करते हैं। कभी जिम में घंटों एक्सरसाइज तो कभी स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो करने लगते हैं। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी रहती है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो अपनी बॉडी को फ्लेक्सिबल बनाने के साथ शेप में वापस लौटाने के लिए रोजाना करें चतुरंग दंडासन।

### चतुरंग दंडासन करने का तरीका-

चतुरंग दंडासन करने के लिए सबसे पहले योग मैट पर पेट के बल लेटकर भुजंगासन की तरह हाथों को जमीन पर रखें। अब पैरों की उंगलियों को जमीन की तरफ रखते हुए अपने शरीर का वजन उन उंगलियों पर ड़ाल दें। अब धीरे-धीरे दोनों घुटनों को ऊपर करते हुए सांस अंदर खींचते हुए हाथों पर वजन लाएं। आपके हाथ के ऊपरी हिस्से और हाथ के नीचे के हिस्से, दोनों के बीच में 90 डिग्री का कोण बनना चाहिए। इसके बाद बॉडी को फर्श के समांतर रखते हुए आधा मिनट इसी पोजीशन में बने रहने के बाद वापस पहली अवस्था में आ जाएं।

### चतुरंग दंडासन करने के फायदे-

चतुरंग दंडासन को प्लैंक पोज के नाम से भी जाना जाता है। यह आसन पेट को मजबूत करने के लिए बेस्ट योग आसन माना जाता है। चतुरंग दंडासन के नियमित अभ्यास से एब्स टाइट होते हैं, जिससे पेट एकदम फिट लगता है। चतुरंग दंडासन को नियमित करने से मन शांत रहता है। यह हाथ की कलाई को भी मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। चतुरंग दंडासन कंधे, पीठ और पैर की मांसपेशियों को मजबूत बनाकर पीठ और कंधे का दर्द कम करने में भी मदद करता है।

# जोड़ों के दर्द से मिलेगा आराम, डाइट में शामिल करें ये फूड



बढ़ती उम्र के साथ जोड़ों में दर्द वैसे तो आम बात है परंतु कई बार यह इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि व्यक्ति परेशान हो जाता है। पहले जहां सिर्फ बढ़ती उम्र में बुजुर्ग ही दर्द से परेशान होते थे आज कई युवा लोग भी दर्द से जुझते हैं। खाने-पीने में पोषक तत्वों की कमी, खराब लाइफस्टाइल, मोटापा और एक्सरसाइज न करने के कारण यह दर्द हो सकता है। इससे बचने के लिए सभी कई तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं परंतु ज्यादा दवाईयां शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में दर्द दूर करने के लिए आप डाइट में कुछ फूड्स शामिल कर सकते हैं। आइए जानते हैं...

### हरी पत्तेदार सब्जियां

जोड़ों का दर्द दूर करने के लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन कर सकते हैं। इनमें कैल्शियम, विटामिन-के और मैग्नीशियम जैसे कई सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह जोड़ों में सूजन वाले एंजाइम को बनने से भी रोकती हैं जिससे जोड़ों में सूजन कम होती है। पालक, ब्रोकली, पत्तागोभी, केले का सेवन आप कर सकते हैं।

# गद्दे और तकियों को घर पर करें साफ

दिनभर की थकान के बाद अपने बिस्तर पर लेटने का आराम किसी फाइव स्टार होटल से भी बेहतर होता है। हम अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा बिस्तर पर बिताते हैं, इसलिए गद्दों और तकियों का गंदा होना आम बात है। हम चादरें तो बदल लेते हैं, लेकिन गद्दे और तकिए बदलना आसान नहीं होता। इनकी सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि गंदगी से हेल्थ पर असर पड़ सकता है। ड्राई क्लीनिंग महंगी होती है, इसलिए यहां कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं, जिनसे आप घर पर ही गद्दे और तकियों की सफाई कर सकते हैं।



### धूप में सुखाएं

गद्दे और तकियों को समय-समय पर धूप में रखें। धूप से इनमें मौजूद गंध और कीटाणु दूर हो जाते हैं। ।इसके लिए गद्दों और तकियों को बालकनी या छत पर रखें, जहां सीधे धूप आती हो। गद्दों को पलटते हुए धूप दिखाएं और बाद में एक छड़ी से झाड़ लें, ताकि धूल भी निकल जाए।



### वैक्यूम क्लीनर

अगर धूप में रखना संभव नहीं है, तो वैक्यूम क्लीनर का उपयोग करें।इससे गद्दों में जमी धूल अच्छे से साफ हो जाएगी। गद्दों को खुली जगह में रखकर वैक्यूम करें और फिर पंखे की हवा में थोड़ी देर के लिए छोड़ दें।

### गद्दों पर लगे पीले दाग साफ करने के उपाय

सबसे पहले गद्दे को वैक्यूम क्लीनर से साफ करें। दाग वाली जगह पर लिक्विड सोप और बेकिंग सोडे का पेस्ट बनाकर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। पेस्ट को साफ कपड़े से हटाएं, लेकिन ध्यान रखें कि रगड़ना नहीं है, बल्कि हल्के से डैब करें। फिर एक साफ कपड़े को पानी में भिगोकर अच्छी तरह साफ करें, ताकि पेस्ट न रह जाए। गद्दों को धूप में सुखाएं। ऐसा करने से गद्दे और तकिए बिल्कुल साफ हो जाएंगे।

# सुबह उठकर पिएं तुलसी की चाय

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को बहुत पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा की जाती है। तुलसी का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें विटामिन ए, सी, कैल्शियम, जिंक, आयरन, फाइबर जैसे तत्व होते हैं, साथ ही इसमें बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटीमाइक्रोबियल गुण भी मौजूद होते हैं। तुलसी का धार्मिक तरह से तो कई महत्व हैं, लेकिन चाय के रूप में भी ये काफी फायदेमंद होती है। तुलसी की चाय में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। अगर पर रेगूलर दूध वाली चाय छोड़कर तुलसी की चाय पीते हो तो आपको कई सारी स्वास्थ समस्याओं से राहत मिलेगी। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में...

तुलसी की चाय पीने से सांस से जुड़ी समस्याओं में आराम मिलता है। फिर वो चाहे खांसी, जुकाम हो या फिर अस्थमा। इसके साथ ही तुलसी की चाय इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत करती है। वहीं तुलसी के पत्तों में खास तरह का ऑयल होता है जो जुकाम की वजह से होने वाले जकड़न को भी खत्म करता है। कई सारी स्टडीज में खुलासा हुआ है कि तुलसी की चाय स्ट्रेस को दूर करने में मदद करती है। तुलसी की चाय कार्टिसोल हार्मोन स्ट्रेस को बढ़ावा देने में मदद करता है, इसलिए इसे स्ट्रेस हार्मोन भी कहते हैं। यहीं नहीं तुलसी की चाय पीने से स्ट्रेस फ्री होने के साथ ही डिप्रेशन और एंजायटी में भी राहत मिलती है।



अगर आपके बॉडी में ब्लड शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है तो रोज दूध वाली चाय पीने की बजाय तुलसी की चाय पीना शुरू कर दें। ये शुगर को ब्लड में एनर्जी की तरह इस्तेमाल करने में मदद करती है।

अगर आप बैड breath और मसूड़ों में सूजन, दांतों में कैविटी जैसी समस्या से परेशान हैं तो तुलसी की चाय पिएं। ये मुंह के बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे मुंह की बदबू दूर होती है।

# बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल धुला



**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा 2 बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है लेकिन सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढता दिख रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के विकेट लिए थे। भारत दो मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट 280 रन से जीतकर 1.0 से आगे है। इससे पहले कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। वर्षा और खराब मौसम के कारण मैच निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से शुरु हुआ। ग्रीनपार्क मैदान पर बीती रात बारिश से गीली आउटफील्ड को सुखाने में ग्रांउड स्टाफ ने कड़ी मशक्कत की। मैदानी अंपायर साढ़े 9 बजे मैदान का निरीक्षण किया और 10 बजे टॉस के ऐलान की घोषणा की। मैच साढ़े 10 बजे शुरु हुआ। दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पहला टेस्ट जीत कर अपराजेय बढ़त हासिल कर चुके भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए कोई परिवर्तन नहीं किया है और वह पिच में व्याप्त नमी का लाभ उठाने के लिए चेन्नई टेस्ट की तरह 3 तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरा है।

### 1964 के बाद पहली बार हुआ ऐसा

बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को जगह दी है। टॉस के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले मैच में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी मगर बाद में टीम ने वापसी कर ली थी। यहां दिलचस्प है कि 1964 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है क्योंकि ग्रीनपाकर् की पिच पर चौथी पारी में खेलना अति दुष्कर हो जाता है।

### इस मैदान का रिकॉर्ड

यहां अब तक 23 टेस्ट मैच खेले जा चुके है जिसमें भारत के पक्ष में सात मैच आये हैं जबकि तीन में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। 13 मैचों में हार जीत का फैसला नहीं हो सका है। भारत ने यहां पिछला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेला था जिसमें हार जीत का फैसला नहीं हो सका था।

### भारत

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जाडेजा, आर अश्विन, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

### बांग्लादेश

नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफकिर रहीम, शाकिब अल हसन, मेहदी हसन मिराज़, लिटन दास (विकेटकीपर), हसन महमूद, खालिद अहमद और तैजुल इस्लाम।

# बीसीसीआई एजीएम की 93वीं सालाना बैठक आज

## दो नामों पर किया जाएगा विचार



**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की रविवार को बेंगलुरु में होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। निवर्तमान बीसीसीआई सचिव जय शाह के बाद नए सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप 2024 के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है। महिला टी20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन के लिए एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं। फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना, उप समितियों की नियुक्ति और 2024-25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

# रोड एक्सीडेंट में क्रिकेटर मुशीर खान जख्मी

## MCA ने दिया मेडिकल अपडेट



**लखनऊ।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई मुंबई के ऑलराउंडर मुशीर खान की लखनऊ के बाहरी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हालत अब स्थिर है लेकिन वह आगामी ईरानी कप से शुरू होने वाले क्रिकेट सत्र से लेकर लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। मुशीर (19 साल) के गर्दन में चोट लगी है जिसके कारण उनके कम से कम 3 महीने तक क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इससे वह 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र की शुरुआत में मुंबई के मैचों से बाहर हो गए हैं। पता चला है कि मुशीर एक अक्टूबर से शुरू होने वाले ईरानी कप के लिए अपने गृहनगर आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे लेकिन उनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मुशीर के साथ उनके पिता नौशाद खान भी थे जिन्हें भी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में मामूली खरोंच आई हैं। लखनऊ के मेदांता अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर भोला सिंह ने एक बयान में कहा कि मुशीर खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बयान में कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए क्रिकेटर मुशीर खान को गर्दन में दर्द के कारण मेदांता अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया। उनका उपचार ऑर्थोपेडिक्स विभाग के निदेशक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में चल रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा कि मुशीर की हालत स्थिर है और वह पूरी तरह से होश में है। एमसीए ने कहा कि उनकी गर्दन में फ्रैक्चर हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और एमसीए की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर कड़ी निगरानी रख रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें हर संभव देखभाल मिले। जब उन्हें फिट माना जाता है तो उन्हें आगे के उपचार के लिए मुंबई लाया जाएगा।

# पूरन ने तोड़ा रिजवान का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## तीसरी बार बनाए एक हजार से ज्यादा रन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने शनिवार को पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान का टी20 क्रिकेट का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पूरन टी20 क्रिकेट में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ निकोलस ने 15 गेंद में 27 रन की पारी खेली, इसके साथ उनके 2059 रन हो गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान के एक कैलेंडर ईयर में बनाए गए सबसे ज्यादा रनों को पीछे छोड़ा। रिजवान ने 2021 में 2036 रन बनाए थे। विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन 2024 में शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। उन्होंने ये उपलब्धि अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए हासिल की है। इसमें डरबन सुपर जायंट्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, एमआई एमिरेट्स, एमआई न्यूयॉर्क, नॉर्दर्न सुपर चार्जर्स, रंगपुर राइडर्स और वेस्टइंडीज सहित विभिन्न टीमें शामिल हैं। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल, फ्रेंचाइजी लीग और घरेलू टी20 मैच के दौरान ये रन बनाए हैं। मोहम्मद रिजवान ने 2021 में 45 पारियों में 2036 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 18 अर्धशतक लगाए थे। पूरन ने ये रिकॉर्ड 65 पारियों में पूरा किया है।

उन्होंने 2024 में शतक भी नहीं लगाया। हालांकि उन्होंने 14 अर्धशतक लगाए हैं। पूरन का स्ट्राइक रेट काफी अच्छा है। 2024 में उनका स्ट्राइक रेट 160.63 है, जो रिजवान के 132.03 से कहीं ज्यादा है। यह तीसरा साल है जब पूरन ने टी-20 में 1,000 रन पूरे किए हैं, इससे पहले उन्होंने 2019 और 2023 में ऐसा किया था।



**टी-20 क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| निकोलस पूरन | 65 पारी | 2,059 रन | (2024) |
| मोहम्मद रिजवान | 45 पारी | 2,036 रन | (2021) |
| एलेक्स हेल्स | 61पारी | 1,946 रन | (2022) |
| जोस बटलर | 55 पारी | 1,833 रन | (2023) |
| मोहम्मद रिजवान | 44 पारी | 1,817 रन | (2022) |

# फीफा ने मार्टिनेज को दो मैचों के लिए किया निलंबित



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो 'डिबू' मार्टिनेज को 'निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों का उल्लंघन' करने पर फीफा की अनुशासन समिति ने दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है. मार्टिनेज अगले महीने वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे. मार्टिनेज ने इस महीने की शुरुआत में चिली और कोलंबिया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैचों के दौरान फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन किया था। चिली के खिलाफ जीत के बाद, गोलकीपर को कोपा अमेरिका ट्रॉफी की प्रतिकृति को अपने ग्रोइन क्षेत्र में पकड़े हुए देखा गया, जो 2022 फीफा विश्व कप जीत के बाद उनके द्वारा किए गए जश्न की याद दिलाता है। एस्टन विला स्टार को 10 सितंबर को कोलंबिया से अर्जेंटीना की 2-1 की हार के बाद अपने कार्यों के लिए भी परिणाम भुगतने पड़े, जब उन्होंने अंतिम सीटी के बाद एक कैमरा ऑपरेटर के उपकरण को धक्का दिया था। अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ (एएफए) ने कहा कि फीफा द्वारा प्रतिबंधों की पुष्टि करने से पहले खिलाड़ी और संघ द्वारा बचाव प्रस्तुत किया गया था। एएफए ने एक बयान में कहा, 'डेमियन एमिलियानो मार्टिनेज को उनके आक्रामक व्यवहार और निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है'। इसमें कहा गया, 'यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अर्जेंटीना फुटबॉल संघ फीफा अनुशासन समिति द्वारा लिए गए निर्णय से पूरी तरह असहमत है'। ला एल्बिसेलेस्टे वर्तमान में 8 मैचों में 18 अंकों के साथ कॉनमेबोल विश्व कप क्वालीफाइंग स्टैंडिंग में शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद कोलंबिया से दो अंकों की बढ़त बनाए हुए है।

# कीवी टीम 88 रन पर ऑलआऊट

## सबसे बड़ी हार का मंडरा रहा है खतरा



**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट में फॉलोआन के लिए मजबूर न्यूजीलैंड पर टेस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (00) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर तीन रन बनाए। न्यूजीलैंड को स्पिन की अनुकूल गॉल की पिच पर पारी की हार से बचने के लिए 511 रन और बनाने हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड को सबसे बड़ी हार का सामना 2002 में पाकिस्तान के खिलाफ करना पड़ा था जब टीम पारी और 324 रन से हार गई थी। श्रीलंका के लिए पहली पारी में प्रबाथ जयसूर्या ने 42 रन देकर 6 विकेट लिए जबकि पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस ने 33 रन पर तीन विकेट चटकाने के बाद दूसरी पारी में लैथम को भी पवेलियन भेजा। जयसूर्या को सबसे तेज 100 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम करने के लिए छह विकेट की दरकार है। यह रिकॉर्ड 1896 से इंग्लैंड के जॉर्ज लोहमैन के नाम है। बहरहाल, न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 41 ओवर में 5 विकेट खोकर 199 रन बना लिए हैं। डेवोन कॉनवे ने 61 तो केन विलियमसन ने 46 रनों का योगदान दिया। क्रीज पर फिलहाल टॉम ब्लंडेल 47 तो ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर नाबाद हैं। तीसरे दिन खराब रौशनी के कारण मुकाबला प्रभावित रहा।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**न्यूजीलैंड**

टॉम लैथम, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउदी (कप्तान), अजाज पटेल, विलियम ओ'रूर्के

**श्रीलंका**

पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, दिनेश चंडीमल, एंजेलो मैथ्यूज, कामिंदु मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), मिलन प्रियनाथ रथनायके, प्रभात जयसूर्या, निशान पेइरिस, असिथा फर्नांडो

# मोहम्मद शमी का कौन होगा बेस्ट रिप्लेसमेंट

## BGT को लेकर संजय मांजरेकर ने बताया चौंकाने वाला नाम



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने उस खिलाड़ी का नाम बताया है, जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के लिए धाकड़ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का बेस्ट रिप्लेसमेंट हो सकता है। हालांकि, मांजरेकर ने शर्त रखी है। उन्होंने कहा कि अगर शमी बीजीटी के लिए फिट नहीं हुए तो दाहिने हाथ के पेसर आकाश दीप सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे। शमी अनफिट होने के कारण लंबे लमय से भारतीय टीम से बाहर हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बीजीटी का आगाज होना है। दोनों टीमें पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टकराएंगी। 27 वर्षीय आकाश ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में प्रभावी प्रदर्शन किया है। मांजरेकर ने क्रिकइन्फो पर चर्चा के दौरान कहा, "जब भारतीय टीम बीजीटी के लिए जाएगी तो ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी लेफ्ट हैंडर्स होंगे। आकाश राउंड द विकेट जो गेंदबाजी करते हैं, उनकी सटीक लाइन और लेंथ है। वह 140 नहीं बल्कि 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। लेकिन उनकी ताकत है कि गेंद हवा में बहुत सीधा आती है। फिर ऑफ द पिच थोड़ी-बहुत हरकत करती है। अच्छे बल्लेबाजों को ऐसे गेंदबाज ज्यादा परेशान करते हैं। मेरे हिसाब से अगर मोहम्मद शमी फिट नहीं हुए तो आकाश उनके सर्वश्रेष्ठ विकल्प हो सकते हैं।" आकाश ने फरवरी 2024 में टेस्ट डेब्यू किया था। पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि आकाश दाहिना हाथ तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज से भी अधिक प्रभावी हैं। उन्होंने कहा, "वह लेफ्ट हैंडर्स के खिलाफ सिराज से भी ज्यादा प्रभाव छोड़ रहे हैं।

# अथर्व कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग आयोजित 'टेकिथॉन' 2024 का समापन



**मुंबई।** अथर्व कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा प्रत्येक वर्ष टेक फेस्ट का आयोजन किया जाता हैं ई ई ई टेकिथॉन एक टेक्निकल फेस्टिवल है जो अनुसंधान, टेक्नॉल जी और इनोवेशन में युवा स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए अथर्व इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा पिछले 15 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। सुनील राणे, प्रेसिडेंट, अथर्व ग्रुप ऑफ एडुकेशन ने इस अवसर पर आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी को देखा और साथ ही छात्रो को संबोधित भी किया। इस वर्ष की थीम 'इंजेनिया' दो शब्द इनोवैशन और इमैजनैशन से मिलकर बना है जो छात्रो में इनोवेशन और कल्पना शक्ति की भावना को प्रदर्शित करता है। 25 सितंबर से शुरू हुए इस महोत्सव 27 सितंबर तक तीन दिनों तक कॉलेज के युवाओं ने हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए सुनील राणे ने कहा, जिस प्रकार मुंबई गेट वे ऑफ इंडिया है उसी प्रकार हम अथर्व कॉलेज को भविष्य में मुंबई का गेट वे ऑफ एजुकेशन बनाना चाहते हैं। अथर्व कालेज ऑफ इंजीनियरिंग पिछले कुछ सालों से एआर और वीआर तकनीकी पर लगातार कार्य कर रहा हैं। मीडिया को संबोधित करने के बाद सुनील राणे विभिन्न स्टालों पर गए और अथर्व कॉलेज के मेधावी छात्राओं द्वारा प्रदर्शित टेक्निकल प्रोजेक्ट और रोबाटिक मोडेलों का अवलोकन और निरीक्षण किया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ऑस्ट्रेलिया की शर्मनाक हार, सीरीज 2-2 की बराबरी पर



**लॉर्ड्स।** लॉर्ड्स के मैदान पर टॉस जीतना इन दिनों फायदा का सौदा होता जा रहा है। रिकॉर्डबुक खंगाले तो यहां खेले गए पिछले 9 वनडे मुकाबलों में जो भी टीम पहले बल्लेबाजी करती है वह जीतने में सफल रहती है। शुक्रवार शाम इंग्लैंड टीम को भी इसी तरह ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच वनडे मैचों की सीरीज के चौथे मैच में इंग्लैंड को 186 रनों की जीत मिली है। इंग्लैंड ने बारिश बाधित मैच में पहले खेलते हुए हैरी ब्रूक के 87 और लिविंगस्टोन के 62 रनों की बदौलत 312 रन बनाए थे जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 126 रन पर ही ऑलआऊट हो गई। इंग्लैंड ने ओपनर फिलिप सॉल्ट (22) का विकेट 10वें ओवर में गंवाया। जबकि विल जैक 10 ही रन बना पाए। लेकिन इसके बाद बेन डकेट और कप्तान हैरी ब्रूक ने स्कोर 150 पार लगाया। डकेट ने 62 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 63 रन बनाए। जबकि ब्रूक 58 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्के की मदद से 87 रन बनाने में सफल रहे। जेमी स्मिथ ने 28 गेंदों पर 39 रन बनाए। इसके बाद मध्यक्रम में लियाम लिविंगस्टोन और बीथल स्कोर को 5 विकेट के नुकसान पर 312 तक ले गए। लियाम ने 27 गेंदों पर तीन चौके और 7 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए जंपा ने 66 रन देकर 2 विकेट लीं।

ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत की थी। कप्तान मिशेल मार्श और ट्रेविस हेड ने पहले विकेट के लिए 68 रन जोड़े थे। ट्रेविस 23 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रन बनाने में सफल रहे। लेकिन इसके बाद स्टीव स्मिथ महज 5 तो जोश इंग्लिस 8, मार्नेस लबुछेन 4 रन बनाकर आऊट हो गए। कप्तान मार्श ने 34 गेंदों पर 28 रन का ही योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया का मध्यक्रम बुरी तरह चरमरा गया। एलेक्स कैरी 13, ग्लेन मैक्सवेल 2, सन एबॉट 10, मिचेल स्टार्क 3, एडम जंपा 0 तो हेजलवुड 0 कुछ खास नहीं कर पाए और टीम 126 रन ही बना पाई।

## भारतीय हॉकी प्लेयर का छलका दर्द

# बोले- 'लोग हमें छोड़ डॉली चायवाले के साथ सेल्फी ले रहे थे'

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया. भारत में उनका जहां, जोरदार स्वागत हुआ वहीं, पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद अपने आवास पर मुलाकात कर बधाई दी थी. इतनी शोहरत के बाद भी भारतीय खिलाड़ी एयरपोर्ट पर लोग उनको पहचान नहीं पाए। भारत के हॉकी मिडफील्डर हार्दिक ने इस तरह की एक घटना का खुलासा किया है. जिसे चौंकाने वाला और शर्मनाक दोनों माना जा सकता है. उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे पर पहुंचने पर खिलाड़ियों को इंटरनेट सनसनी डॉली चायवाला के कारण नजरअंदाज किया गया।पेरिस ओलंपिक और बाद में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी बैक-टू-बैक सफलता के बावजूद, हॉकी सितारों को हवाई अड्डे पर प्रशंसकों द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया. फैंस ने हॉकी खिलाड़ियों को छोड़ डॉली चायवाला के साथ सेल्फी ली लेकिन वह भारतीय खिलाड़ियों तो पहचान नहीं पाए। हार्दिक ने यूटयूब पोडकास्ट पर बताया कि, मैंने एयरपोर्ट से अपनी आँखों से देखा. हर-मनप्रीत मैं और मंदीप सिंह हम 5-6 लोग थे. डॉली चायवाला भी वहां था, लोग हमें पहचान नहीं पा रहे थे और हमें छोड़ लोग उसके साथ सेल्फी खिंचवा रहे थे।





# सोमी अली ने सोनू निगम पर लगाए चौंकाने वाले आरोप

सलमान खान की पूर्व प्रेमिका सोमी अली अपने बेबाक बयान के लिए जानी जाती हैं। सोमी अब तक कई चौंकाने वाले खुलासों से सुर्खियां बटोर चुकी हैं। इसी बीच उन्होंने गायक सोनू निगम पर कटाक्ष कर दिया है। सोमी ने वीडियो जारी कर सोनू पर उन्हें धोखा देने और उनका फायदा उठाने का आरोप लगाया है। हालांकि, उन्होंने वीडियो में गायक का नाम नहीं लिया, लेकिन कैप्शन में उन्हें टैग किया। दरअसल, अभिनेत्री सोमी अली ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने सोनू निगम का नाम लिए बिना, लेकिन कैप्शन में उन्हें टैग करके काफी चौंकाने वाला दावा किया। सोमी ने लिखा, 'मैं उनकी बहुत इज्जत करती थी, लेकिन मुझे नहीं पता था कि वो मेरे साथ ऐसा करेंगे।' सोमी अली वीडियो में कहती नजर आईं, 'मैंने कुछ साल पहले एक टॉक शो शुरू किया था, जिसमें कुछ लोगों के इंटरव्यू लिए थे। इस शो में मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जो बहुत ही ज्ञान की बातें कर रहे थे। वो मेरे शो में उस वक्त आए थे, जब हमारे पास कोई बजट नहीं था। जिस वजह से मैं उनका बहुत सम्मान करती थी।' सोमी ने आगे बताया, 'हालांकि, लंदन में कोई प्रोजेक्ट पाने के लिए जब मैंने उनसे बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझे इग्नोर कर दिया।





# किराए के घर पर रह रही हैं विद्या बालन

विद्या बालन को इंडस्ट्री में काफी साल हो गए हैं। वहीं सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ उनकी शादी को भी कई साल हो गए हैं, लेकिन अब तक वह किराए के घर में रहती हैं। अब विद्या ने बताया कि वह अपना ड्रीम घर लेना चाहती हैं। विद्या ने बताया कि आखिर क्यों अपने खुद के रिजर्वेशन्स के बाद भी वह किराए के घर में रहती हैं। विद्या का कहना है कि परफेक्ट घर देखना सब किस्मत पर होता है।

विद्या ने कहा कि घर वही लेना है जिसमें आप चलो और आपको लगे कि यह आपका है। घर ढूंढने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में विद्या ने बताया जब 15 साल पहले मां के साथ घर ढूंढ रही थीं वह ऐसी जगह पर घर चाहती थीं जो बांद्रा या जुहू के पास हो। विद्या ने आगे कहा कि सर्च के दौरान उन्हें एक परफेक्ट घर मिला था, लेकिन वो बजट से बाहर था। हालांकि उनकी मां ने ईएमआई मैनेज करने को कहा था। वहीं सिद्धार्थ से शादी के बाद भी विद्या ने उनके साथ घर ढूंढना शुरू किया था। दोनों ने 25 घर देखे, लेकिन उन्हें समझ नहीं आया। आखिर में एक ऐसा घर दोनों को पसंद आया, लेकिन वो किराये का था - कुछ ऐसा जिसमें विद्या कम्फर्टेबल नहीं थीं। मैं हमेशा कहती थी कि मुझे रेंट के घर पर नहीं रहना है।

# पार्श्व गायक भाविन शास्त्री नवरात्र में बिखेरेंगे जलवा



इस वर्ष के नवरात्रि महोत्सव में प्रसिद्ध पार्श्व गायक भाविन शास्त्री शामिल होंगे, जो भक्ति और लोक संगीत की दुनिया में अत्यधिक प्रतिष्ठित गायक हैं। भाविन शास्त्री को गुजरात गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और उन्होंने दुनिया भर में 4000 से अधिक प्रदर्शनों का प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाया है।

पारंपरिक संगीत के प्रति उनकी प्रतिभा और जुनून उत्सव की भावना को बढ़ाएगा, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित होगा। जीएम को 3 अक्टूबर से मीरा भाईंदर के एमबीएमसी ग्राउंड में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित जीएम नवरात्रि महोत्सव 2024 की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह आयोजन संस्कृति, संगीत और परंपरा का एक शानदार उत्सव होने का वादा करता है, जो जीएम द्वारा इस जीवंत उत्सव की सफल मेजबानी का लगातार तीसरा वर्ष है। जीएम मॉड्यूलर के सीईओ और एमडी, जयंत जैन ने इस आयोजन के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, लगातार दूसरे वर्ष नवरात्रि महोत्सव आयोजित करना जीएम के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय संस्कृति का जश्न मनाने और समुदाय को एक साथ लाने की हमारी प्रतिबद्धता हर साल मजबूत होती जा रही है। इस वर्ष भाविन शास्त्री के सुर्खियों में आने से हमें विश्वास है कि यह अनुभव और भी यादगार होगा। जीएम नवरात्रि महोत्सव मीरा भाईंदर में एक बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम बन गया है, जो हर साल हजारों प्रतिभागियों को आकर्षित करता है। इस वर्ष का संस्करण जीवंत सजावट, पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन और विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टालों के साथ और भी भव्य पैमाने का वादा करता है, जो सभी उपस्थित लोगों के लिए एक पूर्ण उत्सव अनुभव सुनिश्चित करता है।



# आयुष्मान की इस फिल्म को बड़े स्टार्स ने कर दिया था रिजेक्ट

आयुष्मान खुराना बॉलीवुड के एक बेहतरीन एक्टर हैं। उन्हें फिल्मों में एक्टिंग के साथ-साथ उनके गाने के लिए भी जाना जाता है। साल 2012 में आयुष्मान खुराना की एक फिल्म आई थी। फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ यामी गौतम नजर आई थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया था। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली इस फिल्म को आयुष्मान खुराना से पहले कई बड़े स्टार्स को ऑफर किया था। हालांकि, किसी ने भी ये फिल्म करने के लिए हां नहीं

क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको इस फिल्म का नाम बताते हैं। यह फिल्म आयुष्मान खुराना की डेब्यू फिल्म थी। फिल्म का नाम था 'विक्की डोनर'। आयुष्मान खुराना ने इस फिल्म में एक स्पर्म डोनर का किरदार निभाया था। इस फिल्म के गाने और कहानी, दोनों ही लोगों को खूब पसंद आई थी।

हालांकि, मीडिया में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, एक बार फिल्म की राइटर जूही ने बताया था कि विक्की डोनर को लगभग सभी बड़े स्टार्स ने करने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि सभी बड़े कलाकारों में फिल्म में आयुष्मान खुराना के रोल को निभाने से मना कर दिया था जिसके बाद फिल्म में आयुष्मान खुराना को कास्ट किया था। वहीं, फिल्म की सफलता की बात करें, तो यह एक कम बजट की फिल्म थी। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का बजट बस लगभग 15 करोड़ था, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो फिल्म ने बजट से कुछ चार गुना ज्यादा कमाई की। दुनियाभर में फिल्म ने लगभग 66.32 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म को जॉन अब्राहम ने प्रोड्यूस किया था। अगर आप इस फिल्म को देखना चाहते हैं तो यह फिल्म जियो सिनेमा और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। इस फिल्म का गाना 'पानी दा रंग' आयुष्मान खुराना ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कंपोज किया था। साथ ही, फिल्म में गाने को आवाज भी आयुष्मान खुराना ने ही दी है।




# 'बैलेरीना' का ट्रेलर हुआ जारी


जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विक: बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही कीनू रीव्स 'जॉन विक' की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है।

ट्रेलर की बात करें तो अभिनेत्री एना डी आर्मस एक उभरता हुआ, छायादार, रहस्यमय लेकिन शक्तिशाली महिला किरदार हैं, जो न केवल बंदूक चलाना जानती हैं बल्कि सच की लड़ाई के लिए हर मुमकिन तरीके से लड़ना जानती हैं। इस ट्रेलर में जॉन विक ने ही एक नायक के तौर पर अभिनेत्री एना डी आर्मस को बंदूक चलाना, लड़ाई और कुश्ती करना सिखाया है। वह फिल्म में एक ऐसे नायक की भूमिका निभा रहे हैं, जो नायिका को लड़ना, दुख मनाना, बदला लेना और अपना पक्ष रखने के लिए लड़ना सिखाता है।

# फिर धमाल मचाने आ रही 'खोसला का घोसला'

अनुपम खेर और बोमन ईरानी की मुख्य भूमिकाओं वाली कल्ट क्लासिक फिल्म 'खोसला का घोसला' फिर से बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। यह फिल्म मूल रूप से 2006 में रिलीज हुई थी और दिबाकर बनर्जी ने निर्देशन में अपनी पहली फिल्म बनाई थी। निर्माताओं ने अब अक्तूबर में फिल्म के सिनेमाघरों में वापसी की घोषणा की है।

'खोसला का घोसला' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसने पिछले कुछ सालों में पंथ का दर्जा हासिल किया है। यह फिल्म अब 18 अक्तूबर को सिनेमाघरों में वापसी करेगी। फिल्म के प्रशंसक परिवार के साथ सिनेमाघरों में जाकर इस त्यौहार का जश्न मना सकते हैं। इस खबर के बाद से ही प्रशंसक बेहद खुश हैं। 'खोसला का घोसला' एक मध्यम वर्गीय व्यक्ति कमल किशोर खोसला की कहानी है, जिसकी जमीन पर एक ठग किशन कुराना यानी बोमन ईरानी द्वारा अभिनीत का कब्जा है। खोसला का बेटा चेरी यानी परवीन डबास अपने दोस्तों के साथ मिलकर उस बदमाश को बेवकूफ




बनाने और अपने पिता के अधिकार वापस पाने की योजना बनाता है। इसके बाद जो होता है, वह गलतियों और फिल्म की भरपूर कॉमेडी दर्शकों को खूब हंसाती है।





# श्रीदेवी से गुपचुप शादी पर मिथुन ने दिया था गोलमाल जवाब


शादीशुदा एक्टर्स के साथ काम करने वाली एक्ट्रेसस से अफेयर के किस्से बॉलीवुड में आम रहे हैं। ऐसे ही एक एक्टर मिथुन चक्रवर्ती हैं जिनकी श्रीदेवी से गुपचुप शादी की खबर ने सबकों चौंका दिया था।

मिथुन उस वक्त गीता बाली के पति थे। मिथुन का एक पुराना इंटरव्यू वायरल है जिसमें उनसे जब श्रीदेवी से शादी की खबर पर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे गलत नहीं बताया बल्कि गोलमोल जवाब दिया था। 80 के दशक में गॉसिप मैगजीन्स के कॉलम में मिथुन और श्रीदेवी की शादी के खूब किस्से छप चुके हैं। रिपोर्ट्स हैं कि 1985 से 1988 तक मिथुन और श्रीदेवी शादी के बंधन में बंधे रहे थे। उस वक्त मिथुन पहले से ही योगिता बाली के पति थे। रेडिट पर एक क्लिप पोस्ट की गई है। इसमें मिथुन से पूछा गया, क्या आपने कभी किसी दूसरी औरत की तरफ नजर उठाकर देखा है? इस पर मिथुन ने जवाब दिया, 'मैं सभी औरत की तरफ नजर उठाकर देखता हूं लेकिन इच्छी नीयत से।' रिपोर्टर ने फिर सवाल किया, जो अखबारों में खबरें होती हैं उस पर क्या कहेंगे? इस पर मिथुन बोल, कुछ सच हैं, कुछ-कुछ गलत हैं। मिथुन बोले, मैं मोस्ट मैरीड बैचलर हूं। रिपोर्टर ने पूछा तो क्या श्रीदेवी वाली कहानियां सच हैं? इस पर मिथुन बोले, वो मुझे नहीं पता है।



# सैफ ने पुश्तैनी घर को 'पटौदी पैलेस'स्वामित्व वापस लिया

अभिनेता सैफ अली खान की फिल्म 'देवरा' 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म को लेकर सैफ काफी समय से चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, अभिनेता ने जब से अपने पुश्तैनी घर, 'पटौदी पैलेस' का स्वामित्व वापस लिया है, तब से इसे म्यूजियम में बदलने की अटकलें भी तेज हो गईं। हालांकि, सैफ ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि उनके घर के लिए उनके दिल में एक बहुत ही खास जगह है।



अपने ऐतिहासिक घर ' पटौदी पैलेस 'के महत्व के बारे में बात करते हुए, सैफ ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, ' विरासत के लिहाज से, यह घर समय के साथ अलग-अलग लोगों का रहा है। मेरे पिता एक नवाब पैदा हुए थे, वह एक नवाब थे। उन्होंने अपनी शर्तों पर जीवन जिया और वह सबसे अद्भुत व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि समय बदल गया है और उन्होंने घर को एक होटल को किराए पर देने का फैसला किया। मुझे याद है कि मेरी दादी मुझसे कहती थीं, 'ऐसा कभी मत करना'। इसका इतिहास है और यह ऐसी चीज है जिस पर मुझे गर्व है।'अभिनेता ने आगे कहा, 'मेरे दादा-दादी को वहीं दफनाया गया है, मेरे पिता को भी वहीं दफनाया गया है। यह मेरा पारिवारिक घर है। यहां बहुत सारे पुराने घर हैं, हम उन्हें दरबार हॉल कहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि यह नाम पुराना हो गया है। मैं इसे लॉर्ड्स के हॉल के नाम पर लॉन्ग रूम कहना चाहता हूं। इस घर को पटौदी के सातवें नवाब और मेरे पिता ने बनवाया था। मैं यहां उनके क्रिकेट के मैदान और बल्ले लगाना चाहता हूं और मैं वास्तव में इस घर को उनकी आत्मा के साथ फिर से बनाना चाहता हूं। यह मेरा सपना रहा है, और यह लगभग पूरा हो चुका है।'

# 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' का ट्रेलर आउट

लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर बात करती अपकमिंग फिल्म "आयुष्मति गीता मैट्रिक पास" का शानदार ट्रेलर पुणे के डीवाई पाटिल कॉलेज में भव्य रूप से लॉन्च किया गया। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर सुपर 30 के फाउंडर पद्मश्री आनंद कुमार भी मौजूद थे। इस विशेष कार्यक्रम में निर्देशक प्रदीप खेरवार, मुख्य अभिनेत्री कशिका कपूर, अनुज सैनी और अतुल श्रीवास्तव , निर्माता शानू सिंह राजपूत , संगीतकार सजींव आनंद झा भी उपस्थित रहे।




फ़िल्म का ट्रेलर जबरदस्त है। ट्रेलर की शुरुवात एक बेहद भावुक सवाद से होती हैं दुनिया सिर्फ़ दो हिस्सो में बटी हैं एक औरत और एक मर्द। ग्रामीण भारत में पली बढ़ी एक लड़की गीता फ़िल्म का केंद्रीय किरदार हैं गीता को एक लड़के से प्रेम हो जाता है मगर हर लव स्टोरी की तरह इस शादी में भी आती है बाधा। लड़की के पिता अपनी बेटी की शादी तब करने को कहते हैं जब तक कि वह मैट्रिक पास न कर ले। उस के पिता ने गांव में न केवल अपनी बेटी को स्कूल भेजने की पहल की, बल्कि उसने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा उसकी बेटी के जीवन का जरूरी हिस्सा हो। इसी क्रम में आगे कई मोड़ आते हैं और तेजी से बदलते घटनाक्रम दर्शकों की रुचि को कायम रखते हैं। 2 मिनट 53 सेकंड का ट्रेलर जब खत्म होता है तो इस संवाद के साथ मन मस्तिष्क पर गहरा असर छोड़ जाता है ₹जब तक महिला को सशक्त नहीं बनाया जाएगा तब तक सशक्त भारत का निर्माण कैसे हो पाएगा?₹ फ़िल्म की कहानी आज के युवा और समाज की सोच को गहरे से महसूस करती है । फ़िल्म के युवा किरदार गीता और कुंदन इस कहानी को पर्दे पर शानदार तरीके से प्रस्तुत करते हैं। नवोदित अभिनेत्री कशिका कपूर ने इस फ़िल्म में गीता की शीर्षक भूमिका निभाई है। अनुज सैनी एक आदर्श पुरुष कुंदन के रोल में हैं।